भोपाल
सोमवार, 8 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष-04
वर्ष : 12, अंक : 248
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


नक्सलियों ने सौंपे हथियार


नक्सलियों का सरेंडर

### मुख्यमंत्री ने संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा

# 2 करोड़ 36 लाख के इनामी 10 हार्डकोर नक्सलियों ने सीएम डॉ.मोहन यादव के समक्ष डाले हथियार

सीएम ने कहा- कानून की राह चलने वालों के पुनर्वास की चिंता सरकार करेगी

**आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रदान की संविधान की प्रति**

**मुख्यमंत्री ने की पुलिस अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई**

**जनवरी 2026 तक लाल सलाम में आखिरी कील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में नक्सलवाद के सफाए की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष बालाघाट में 10 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर हथियार डाल दिए हैं। इनमें 4 महिला नक्सली हैं। इन पर कई राज्यों में कुल 2 करोड़ 36 लाख ▶▶ शेष पेज 6 पर



### एंटी नक्सल अभियान को सशक्त और सुदृढ़ करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि एंटी नक्सल अभियान को लगातार सशक्त और सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में 15 नवीन अस्थायी कैंप और विशेष सहयोगी दस्ता के 882 पद स्वीकृत किए गए हैं। सतत निगरानी, सघन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कैबिनेट की बैठक सहित होंगी विभागीय समीक्षाएं

# आज व कल दो दिनों तक खजुराहो से चलेगी डॉ. मोहन सरकार

**लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित होगी राशि**

**सांस्कृतिक विरासत और पर्यटक स्थलों का करेंगे भ्रमण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार से अपने मंत्रिमंडल के साथ दो दिन तक खजुराहो में रह कर कैबिनेट बैठक के साथ विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे। सोमवार 8 दिसंबर को सबसे पहले खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा के साथ शुरूआत होगी। इसके बाद औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण ▶▶ शेष पेज 6 पर

**दो दिनों तक लगी रहेगी सौगातों की झड़ी**

खजुराहों में आदिवर्त संग्रहालय का भ्रमण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम। महाराजा छत्रसाल और सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण। पन्ना टाइगर रिजर्व कुटनी रिसॉर्ट डैम एवं रनेह फॉल का भ्रमण। 27055 लाख के 9 विकास ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गौरव खन्ना बने 'बिग बॉस 19' के विनर



**मुंबई।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले को जीतकर इस सीजन के विजेता गौरव खन्ना बने हैं, जबकि फरहाना भट्ट रनर-अप रहीं। अमाल मलिक पांचवें, तान्या मित्तल चौथे और प्रणीत मोरे तीसरे स्थान पर रहे। बिग बॉस 19 की शुरुआत 24 अगस्त को हुई थी। सलमान खान ने होस्ट किया। फिनाले में कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे सहित कई सितारे पहुंचे।

### मंडला में सरिए से लदा ट्रक पलटा, 3 की मौत



**जबलपुर।** मंडला में बम्हनी थाना अंतर्गत चौकी अंजनिया क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 स्थित अहमदपुर चौराहा पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शनिवार देर रात हुआ। सरियों से लदा ट्रक पिकअप से टकराते हुए ढाबा संचालक के ऊपर ही पलट गया।

### तेज रफ्तार बस ने ड्यूटी पर तैनात आरक्षक को कुचला



**शहडोल।** शहर के बस स्टैंड परिसर में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षक महेश पाठक को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस वहीं छोड़कर फरार हो गया, घटना स्थल पर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आरक्षक कोतवाली थाने में पदस्थ थे।

### इंडिगो संकट: सरकार की सख्ती, 6 दिन बाद इंडिगो की 1650 फ्लाइट आसमान में

# एयरलाइन ने 610 करोड़ रु.रिफंड किए यात्रियों को 3 हजार बैगेज भी लौटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75% रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं*

इंडिगो में छाए ऑपरेशन संकट के रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड प्रोसेस किया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा पैसा नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं।

इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भ रही हैं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75% रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, ▶▶ शेष पेज 6 पर

**रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा पैसा नहीं लिया जाएगा यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं**



फाइल फोटो

**छठे दिन भी 650 से अधिक फ्लाइट कैंसिल**

### 15 दिन में रिपोर्ट देगा डीजीसीए का जांच पैनल

डीजीसीए ने मौजूदा संकट के पीछे कारणों का पता लगाने के लिए चार सदस्यों का एक जांच पैनल बनाया है। कमेटी में डीजीसीए के जॉइंट डायरेक्टर जनरल संजय के ब्रम्हाने और डिप्टी डायरेक्टर जनरल अमित गुप्ता, सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर कैप्टन कपिल मांगलिक और फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर कैप्टन रामपाल शामिल हैं। पैनल 15 दिन के अंदर रिपोर्ट और सुझाव देगा ताकि जरूरी कार्रवाई की जा सके।

### इंडिगो संकट के बीच दो एयरलाइन का बड़ा ऐलान

#### कैंसिलेशन फीस भी नहीं, रिफंड भी पूरा

इंडिगो संकट के बीच दो एयरलाइंस ने यात्रियों को बड़ी राहत देने का काम किया है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अब घरेलू उड़ानों की इकोनॉमी ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### सरकार ने अब तक क्या किया?

- कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस करना होगा। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा।
- कंपनी के सीईओ को 24 घंटे ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### इंडिगो, डीजीसीए और एविएशन मंत्रालय से जवाब मांग सकती है संसदीय समिति

इंडिगो की फ्लाइट्स के बड़े पैमाने पर कैंसिल होने की वजह से देश के एयरपोर्ट पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं, इस मामले में एक पार्लियामेंट्री पैनल प्राइवेट एयरलाइंस के टॉप अधिकारियों और सिविल एविएशन रेगुलेटर को बुला सकता है। जेडीयू नेता संजय झा की ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### इंडिगो संकट पर पायलटों का खुला पत्र

सोशल मीडिया पर इंडिगो पायलटों का एक कथित खुला पत्र आया है, जिसमें सीईओ पीटर एल्बर्स समेत कई शीर्ष अधिकारियों पर एयरलाइन को डूबने की कगार पर पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पत्र में कहा गया है ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मरने वालों में 18 की हुई पहचान जिसमें 4 टूरिस्ट और 14 कर्मचारी शामिल

# गोवा के नाइट क्लब में फटा सिलेंडर, 25 की हुई मौत

### 50 लोग घायल, पीएम ने दुख व्यक्त किया


हादसे के वक्त का दृश्य

**क्लब प्रबंधक सहित 4 को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

एजेंसी ▶▶ पणजी

गोवा के अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर फटने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हैं। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर धमाका हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख देने का ऐलान किया**

#### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा आग लगने की घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मैंने घटनास्थल का दौरा किया और इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच ▶▶ शेष पेज 6 पर


#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दु:ख व्यक्त किया

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवा के अरपोरा में हुए अग्निकांड में लोगों के हताहत होने पर दुख जताया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर घटना

## अज्ञात वाहन ने चीते को कुचला, शावक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


कूनो की सीमा से बाहर थे गामिनी के शावक

कूनो नेशनल पार्क की सीमा से बाहर निकलकर अपने दो शावकों के साथ ग्वालियर जिले के घाटीगांव वन क्षेत्र में घूम रही मादा चीता गामिनी के एक शावक की शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। यह हादसा आगरा-मुंबई नेशनल हाइवे पर ग्वालियर जिले की सीमा में घटित हुआ। रविवार की सुबह मृत ▶▶ शेष पेज 6 पर

### शिवपुरी के पिछोर थाने का मामला

## एलएलबी के छात्र को टीआई ने चप्पल से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी


शिकायत दर्ज कराने आए छात्र पर केस

जिले के पिछोर थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे एलएलबी के छात्र क्षितिज पाठक के साथ टीआई ने चप्पलों से मारपीट कर दी। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पिछोर टीआई इसे फर्जी और एआई निर्मित बता रहे हैं। पीड़ित छात्र क्षितिज का आरोप है कि टीआई ने न सिर्फ उसके साथ मारपीट की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### वाहन की टक्कर से घायल हुआ था

## इलाज के दौरान बाघ की मौत, आज अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन


वन विभाग रातभर निगरानी करता रहा

जिले के बाड़ी वन क्षेत्र में एनएच 46 के तहत नागिन मोड़ के समीप सिघोरी अभ्यारण्य क्षेत्र में शनिवार-रविवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बाघ घायल हो गया था। वन महकमे की टीम घायल बाघ की निगरानी में रातभर तैनात रही। रविवार को सुबह वनविभाग टीम रेस्क्यू कर भोपाल के वन विहार में शिफ्ट किया था, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अंततः 6 साल पुराने रिश्ते पर लगा ब्रेक

# क्रिकेटर स्मृति मंधाना और पलाश की शादी टूटी, एक दूसरे को किया अनफॉलो


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने अपनी शादी टलने पर चल रहे लंबे समय से विवाद पर अपना खुलासा कर दिया है।

उन्होंने बता दिया है कि यह शादी रद्द हो गई है। वहीं इस पर अब म्यूजिक कम्पोजर पलाश मुछाल का भी रिएक्शन सामने आया है। स्मृति की इंस्टा स्टोरी के तुरंत बाद पलाश ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पलाश ने भी कहा- वह अब इस रिश्ते से पीछे हट रहे**

#### पलाश मुछाल ने दी कानूनी कार्रवाई की धमकी


फाइल फोटो

स्मृति मंधाना के शादी कैंसिल होने के पोस्ट के बाद पलाश मुछाल ने भी एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने जहां जिंदगी में आगे ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### 2019 में शुरू हुई थी लव स्टोरी

स्मृति मंधाना ने 2024 में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी रिलेशनशिप को जाहिर किया था। हालांकि, दोनों एक-दूसरे को साल 2019 से ही डेट कर रहे थे। यानी छह साल पहले दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ससुराल पक्ष ने पीले हाथ कर खुशी-खुशी किया विदा

# बदलाव की बयार: जेठ ने भाई की पत्नी का पुनर्विवाह रचाया, जीवन में फिर आई 'बहार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अच्छी खबर

शिक्षा और जागरुकता के चलते अब समाज में बदलाव की बयार चलने लगी है। हाल ही में सीहोर इसका साक्षी बना है। जहां एक जेठ ने अपने छोटे भाई की पत्नी का न केवल पुनर्विवाह कराया बल्कि खुद भाई बनकर सभी रस्में पूरी की और उसे खुशी-खुशी अपने घर से विदा किया। ये अनुकरणीय उदाहरण गंज निवासी राठौर परिवार ने पेश किया है। इसी साल राठौर परिवार के सबसे छोटे बेटे रजत राठौर का विवाह सागर निवासी प्रतिभा राठौर से हुआ था। विवाह को अभी महज 9 महीने ही बीते थे कि अचानक हार्ट अटैक आने से रजत का निधन हो गया। कम उम्र में विधवा हुई प्रतिभा का भविष्य संकट में आ ▶▶ शेष पेज 6 पर


विवाह समारोह के दौरान राठौर परिवार

### कोल्ड वेव के साथ अब कोल्ड-डे का असर...दिन में छाए बादल, बर्फबारी बढ़ाएगी सर्दी

दो दिन ऐसा ही रहेगा सर्दी का मिजाज

# खंडवा, नरसिंहपुर में कोल्ड-डे, भोपाल शहडोल में कंपकंपाने वाली शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी तेज सर्दी का दौर जारी रहा। रविवार को कोल्ड वेव के साथ कुछ जिलों में कोल्ड डे रहा। दिन में बादल छाए रहने से भोपाल सहित कई जिलों में दिन का पारा ज्यादा नहीं बढ़ा। इससे रात के साथ दिन में भी बर्फीली हवाएं लोगों को सताती रहीं।

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से अब अगले सप्ताह में फिर सर्दी जोर पकड़ेगी। इस बीच तीन से चार दिन कड़ाके की सर्दी से कुछ राहत रहेगी। रविवार ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से अगले सप्ताह प्रदेश में फिर बढ़ेगी सर्दी, बीच में होगा तीन से चार दिन का अंतराल**

**5 जिलों में 4 से 7 डिग्री पर पारा, सबसे कम शहडोल में 4.3 और भोपाल में 7 डिग्री रहा**


राजधानी का आनंद नगर, रात 8:30 बजे का दृश्य

#### 27 जिलों में पारा 11 डिग्री से नीचे

रविवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा 5 जिलों में 4 से 7 डिग्री के बीच रहा। इनमें शहडोल 4.3, नर्मदापुरम 5.4, उमरिया 6.1, मंदसौर 6.3 और राजगढ़ 6.6 डिग्री रहा। कुल 27 जिलों में रात का पारा 11 डिग्री से कम रहने से कड़ाके की सर्दी का दौर रहा। इन जिलों में पश्चिमी मप्र के 14 और पूर्वी प्रदेश के 13 जिले शामिल रहे।

#### बादल छाए, पारा ज्यादा नहीं बढ़ा

भोपाल, इंदौर, दतिया, धार, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में सुबह से दोपहर तक हल्के बादलों का असर रहा। इससे दिन के तापमान में ज्यादा बढ़त नहीं रही। इन जिलों में दिन का पारा एक से दो डिग्री तक बढ़ा। शिवपुरी में 3.8 डिग्री और सिवनी में 2.8 डिग्री की बढ़त रही। ▶▶ शेष पेज 6 पर


नये दौर के पर्यटन विकास का सन्देश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
खजुराहो मंत्रिपरिषद् बैठक
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
विभागीय समीक्षा बैठक
8-9 दिसम्बर, 2025
मंत्रिपरिषद् बैठक
9 दिसम्बर, 2025 | पूर्वाह्न 10:30 बजे
बेहतर सुविधाएं, उन्नत अधोसंरचना और विश्वस्तरीय अनुभव से जुड़ रहा है मध्यप्रदेश पर्यटन
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
D-11153/25
साकार होता विरासत के साथ विकास का संकल्प
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025



पातरा पुल रोड पर लगे लंबे ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन चालक।

## जाम से त्राहिमाम

### भारत टॉकीज से जिंसी तक दोपहर तक इंच-इंच सरकती रही गाड़ियां

# 1 बजे से शाम 7 बजे तक ट्रैफिक जाम में फंसे रहे 80 हजार लोग

- ट्रक, बस, कार और बाइके एक-दूसरे से हुई गुत्थमगुत्था
- वाहनों की टक्कर से कई जगह चालक आपस में भिड़े
- एक सप्ताह में दूसरी बार लगा बड़ा ट्रैफिक जाम
- भूख से बच्चे रोने लगे मरीज दर्द से कराह उठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के लोगों को ट्रैफि जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। एक सप्ताह में दूसरी बार रविवार को फिर से जाम लग गया। इसमें करीब 80 हजार लोग फंसे रहे।

रविवार को भारत टॉकीज से लेकर सेंट्रल लाइब्रेरी, बाग उमराव दूल्हा, ऐशबाग, बरखेड़ी और जिंसी तक की सड़कें सात घंटे से ज्यादा समय तक जाम रहीं। ट्रक, बस, कार और मोटरसाइकिलें एक-दूसरे से गुत्थमगुत्था नजर आईं। महिलाएं और बुजुर्ग खासे परेशान रहे। कई बच्चे तो भूख-प्यास से रोने लगे। दोपहर एक बजे से शाम 7 बजे तक गाड़ियां इंच-इंच सरकती रहीं।

### कहीं भी नहीं दिखाई दी ट्रैफिक पुलिस

धक्का-मुक्की, वाहनों की टक्कर और आपसी विवाद के बीच कई जगह वाहन चालक आपस में भिड़ते रहे, लेकिन पूरे रूट पर कहीं भी ट्रैफिक पुलिस या स्थानीय थानों का अमला नहीं दिखा। इस रोड से बाग उमराव दूल्हा, पुष्पा नगर, अशोका गार्डन, भोपाल जंक्शन, महामाई का बाग, सुंदर नगर, कम्मू का बाग में रहने वाली करीब चार लाख की आबादी रोज गुजरती है। उल्लेखनीय है कि पिछले सवा साल से बोगदा पुल से वाहनों की आवाजाही बंद है। ऐशबाग की पुलिया भी संकरी है। इससे अक्सर यहां जाम लग जाता है, लेकिन न तो ट्रैफिक पुलिस का इस तरफ ध्यान है और न ही स्थानीय प्रशासन का।

## सामने से आ रहे कार सवारों को बचाने में अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी सिटी बस

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित हलालपुर में रविवार दोपहर सिटी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के समय बस में ड्राइवर कंडक्टर सहित आधा दर्जन यात्री थे। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई और बड़ा हादसा टल गया। यह हादसा अचानक सामने आई कार को बचाने के चलते हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक कार अचानक बस के सामने आ गई। कार चालक को बचाने के लिए बस चालक ने तत्काल गाड़ी टर्न कर दी। रफ्तार होने के कारण बस डिवाइडर पर चढ़ गई। झटका इतना जोरदार था कि बस के आगे के दोनों पहिए बाहर निकल गए और विंडशील्ड ग्लास भी टूटकर बाहर आ गया। सूचना मिलते ही कोहेफिजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से बस को हटाया गया।





कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित हलालपुर में डिवाइडर पर चढ़ी सिटी बस।

### हरिद्वार-लोकमान्य तिलक सवा पांच घंटे की देरी से आई

# रूट बदलने और घने कोहरे से 10 घंटे तक देरी से भोपाल आ रही ट्रेनें

**पातालकोट एक्सप्रेस बीना स्टेशन पर देरी से पहुंची, ट्रेन में सफर कर रहे 40 स्कूली छात्रों की छूट गई दूसरी ट्रेन, अन्य यात्री भी हुए परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों उत्तर-मध्य रेलवे के झांसी मंडल रेल लाइन व स्टेशन क्षेत्र में काम चलने व दिल्ली और उत्तर भारत में बढ़ते कोहरे और शीतलहर के कारण रेल यात्रा प्रभावित हुई है। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। शनिवार देर रात ऐसे ही एक मामले में 40 स्कूली छात्रों व शिक्षकों के स्टॉप को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, ट्रेन के लेट होने की वजह से उनकी दूसरी ट्रेन छूट गई।

जानकारी के अनुसार स्कूली छात्रों व शिक्षकों सहित करीब 40 लोगों का एक दल ग्वालियर से बीना तक पातालकोट एक्सप्रेस एस-4 व एस-5 कोच में सफर कर रहा था। बीना से इनको भोपाल-सिंगरौली ऊर्जाधानी एक्सप्रेस से सफर करना था, लेकिन ट्रेन बीना स्टेशन पर 3:33 मिनट की देरी से पहुंची। इस वजह से बीना जिस ट्रेन से जाना था, वह छूट गई। इसके चलते छात्रों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में रेलवे अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।



आउटर पर ट्रेन रोकने से यात्री पटरी पर खड़े हो गए।

### भोपाल आउटर पर पौने घंटे तक रोकी ट्रेनें, यात्री पटरी पर बैठे नजर आए

ट्रेनों के घंटो देरी से चलने से पहले ही यात्री परेशान हैं। इसके बाद भी रेलवे की ओर से आउटर पर ट्रेनों को घंटों तक रोका जा रहा है। ऐसा ही एक मामला हरिद्वार-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वातानुकूलित सुपरफास्ट एक्सप्रेस में देखने को मिला। दरअसल यह ट्रेन पहले से 4 घंटे तक देरी से चल रही है। इसके बाद भी ट्रेन को करीब पौन घंटे तक आउटर रोक कर रखा गया। इसके चलते यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई यात्री पटरी के बीचों बीच खड़े हो गए। तो कुछ लोग पटरी पर बैठने नजर आए।

### धीमी हुई रफ्तार तो यह ट्रेनें भोपाल पहुंची देरी से

- 09344 पटना - डॉ.आंबेडकर स्पेशल 9.41 घंटे लेट आई
- 12162 लश्कर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 6.10 घंटे लेट आई
- 11078 झेलम एक्सप्रेस 5:58 घंटे लेट आई
- 14314 बरेली- मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस 5 घंटे लेट आई
- 12172 हरिद्वार-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वातानुकूलित सुपरफास्ट एक्सप्रेस 5:10 घंटे लेट आई
- 20424 पातालकोट 3.54 घंटे लेट आई
- 01026 बलिया- दादर सेंट्रल 1.46 घंटे लेट आई
- 12804 हजरत निजामुद्दीन-विशाखपट्टणम स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 1:40 घंटे लेट आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 1:40 घंटे लेट आई
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 1:05 घंटे लेट आई
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 0:58 मिनट देरी से आई
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 0:58 मिनट देरी से आई
- 12724 आंध्र एक्सप्रेस 0. 37 मिनट देरी से आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 40 मिनट देरी से आई
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 0.25 मिनट देरी से भोपाल आई

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।





अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

रन भोपाल रन 2025 में 16,157 धावकों की रिकॉर्ड भागीदारी

# दौड़ हिन्दुस्तान के दिल के लिए.....दौड़ते कदम, जागरुकता का दम....

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टी.टी. नगर स्टेडियम से रविवार सुबह ऊर्जा, उत्साह और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ रन भोपाल रन 2025 का 11वां संस्करण भव्य रूप से आयोजित हुआ। 'दौड़ हिन्दुस्तान के दिल के लिए' थीम के साथ आयोजित इस मैराथन में इस वर्ष 17,000 से अधिक प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से 16,157 धावकों ने तीन श्रेणियों-21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की दौड़ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ईको-फ्रेंडली ब्रांडिंग के साथ रीयूस, रीसाइकल और रिड्यूस सिद्धांतों को अपनाया गया। यह आयोजन एआईएमएस (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन्स एंड डिस्टेंस रेस) से प्रमाणित रहा, जिसके कारण यह अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आयोजित होने वाला देश का एक प्रमुख मैराथन बन गया।



रन भोपाल रन 2025 में मंत्री विश्वास सारंग शामिल हुए।


रन भोपाल रन 2025 के आयोजन का दृश्य।

**21 किमी हॉफ मैराथन – पुरुष**
- प्रथम प्रदीप शर्मा 20,000
- द्वितीय मेहित यादव 15,000

**21 किमी हॉफ मैराथन – महिला**
- प्रथम निशा कुमारी 20,000
- द्वितीय रामनी पटेल 15,000

**10 किमी – पुरुष**
- प्रथम राम मिलन निशाद 20,000
- द्वितीय राहुल पाल 15,000

*मैराथन के प्रतिभागियों को विशेष आरबीआर स्ट्राइड मेडल्स भी प्रदान किए गए*

*मिला 3 साल लगातार भागीदारी पर ब्रॉन्ज*
*6 साल पर सिल्वर*
*9 साल पर गोल्ड*
*12 साल पर प्लैटिनम*

**10 किमी – महिला**
- प्रथम कोमल साहू 20,000
- द्वितीय गरिमा यादव 15,000

सूखे कचरे को एमआरएफ, गीले कचरे को खाद बनाने के लिए और फलों के छिलके गोशाला भेजे

## निगम के 15 सफाई मित्र, 3 सुपरवाइजर्स ने स्वच्छता एंबेसडर्स के साथ मिलकर 6 घंटे में बनाया जीरो वेस्ट

**भोपाल।** राजधानी में आयोजित होने वाले बड़े आयोजनों को जीरो वेस्ट बनाने में जुट गया है। रविवार को रन-भोपाल-रन कार्यक्रम स्थल को निगम के 15 सफाई मित्रों व 3 सुपरवाइजर्स ने स्वच्छता एंबेसडर्स के साथ मिलकर 6 घंटे में कार्यक्रम स्थल को जीरो वेस्ट बना दिया। इस दौरान 150 किलो केले के छिलके, 15 किलो दलिया स्प्राउट्स, 50 किलो फॉयल पेपर, 10 किलो लकड़ी की चम्मच, 20 किलो टेट्रा पैक, 50 किलो कागज के पुट्ठे, 25 किलो कागज के गिलास, कपड़े के थैले, 4 किलो पेट प्लास्टिक बॉटल आदि एकत्रकर निष्पादन स्थलों पर पहुंचाया। सूखे कचरे को एमआरएफ, गीले कचरे को खाद बनाने के लिए और फलों के छिलके गौशाला भेजे गए। रविवार को आयोजित रन भोपाल रन स्थल व दौड़ के मार्गों से विभिन्न प्रकार के गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग करके निष्पादन स्थल तक पहुंचाने के काम की तैयारी पहले से ही निगम प्रशासन ने कर ली थी। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने खुद कचरा पृथक्कीकरण व एकत्रीकरण कार्य की मॉनीटरिंग की। कार्यक्रम स्थल के मार्गों पर ही गीले-सूखे व अन्य प्रकार के कचरे को एकत्र किया गया और निष्पादन स्थल पहुंचा दिया गया। अनाज, केक व अन्य प्रकार के खाद्य पदार्थ खाद बनाने के लिए भेजे गए। निगम आयुक्त का कहना है कि इस तरह के प्रयास से न केवल शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे का उत्सर्जन कम होगा बल्कि कचरे को पूरी तरह से रिसाइकल कर कचरे का उचित प्रबंधन भी जीवन शैली में अपनाया जा सकेगा।



रन भोपाल रन कार्यक्रम में जीरो वेस्ट बनाते सफाई मित्र।

## खबर संक्षेप



### शाहजहांनाबाद रेजीमेंट रोड पर 70 लाख से बनेंगी सड़कें और नाली

**भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा व महापौर मालती राय ने रविवार को वार्ड-11 के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड के शाहजहांनाबाद रेजीमेंट रोड पर करीब 70 लाख रूपए से सीसी सड़कें, नालियों का निर्माण सहित अन्य विकास कार्य होंगे। भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद अनिता कनर्जी, पार्षद शैलेष साहू, महेश मकवाना, मेवालाल कनर्जी, सांसद प्रतिनिधि राकेश कुकरेजा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### नगर निगम 4 करोड़ रुपए में करवाएगा विसर्जन कुंड का निर्माण

**भोपाल।** नगर निगम शहर के दो स्थानों पर सर्वसुविधायुक्त विसर्जन कुंड का निर्माण करवाएगा। इनका निर्माण बीयू परिसर और मालीखेडी में होगा। इस काम पर करीब 4 करोड़ रुपए खर्च होंगे। राजधानी के अधिकांश कुंड निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में ही बनवा चुका है। अब जहां इनका निर्माण रह गया है वहां नए सिरे से निर्माण की योजना को मंजूरी दी है। दो स्थानों के लिए निगम ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं।

पोषण आहार मिले, इसके लिए जनभागीदारी को दें बढ़ावा

# बच्चों में सीखने की ललक बढ़ाने के लिए शिक्षक प्राप्त करें नई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रविवार को राजधानी स्थित शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय टी.टी. नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा है कि बच्चों के व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास हो, इसके लिए जरूरी है कि उन्हें मातृभाषा में पढने के लिए प्रेरित किया जाएं। बच्चों को पढ़ाई गई बातें समझने में मातृभाषा ज्यादा कारगर होती है।

नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में अध्ययन को प्राथमिकता दी गई है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान रविवार को भोपाल के शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय टी.टी. नगर के निरीक्षण के बाद शिक्षकों से चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और विधायक भगवानदास सबनानी भी उनके साथ रहे। प्रधान ने सांदीपनि विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों की पाठ्यपुस्तकों को देखा और बच्चों से पढ़ाई के संबंध में बात की। मंत्री प्रधान के विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने बैंड की धुनों पर उनका स्वागत किया।

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण**


सांदीपति विद्यालय का निरीक्षण करते केन्द्रीय मंत्री प्रधान।


सांदीपति विद्यालय में अभिभावकों से चर्चा करते केन्द्रीय मंत्री प्रधान।

**ई-अटेंडेंस के मिल रहे हैं बेहतर परिणाम**

आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्रदेश में हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन ई-अटेंडेंस शुरू की गई है। बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 799 स्कूलों को मॉडल स्कूलों में बदला जा रहा है। उन्होंने पीएमश्री स्कूल और सांदीपनि विद्यालय के बारे में भी जानकारी दी।

**बच्चों का मार्शल आर्ट वुशु का अभ्यास देखा**

उन्होंने आर्ट गैलरी, पुस्तकालय, बच्चों की मार्शल आर्ट वुशु के अभ्यास को देखा और विद्यालय के म्यूजिक रूम का भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत पर प्रस्तुत धुनों को सुना, उसकी प्रशंसा की। मंत्री प्रधान विद्यालय की अटल टिकरिंग लैब में भी गए। वहां उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए साइंस मॉडल के बारे में जानकारी प्राप्त की।

**बच्चों के पालकों से किया संवाद**

प्रधान ने बच्चों के पालकों से भी संवाद किया। कहा कि पालक निरंतर स्कूल पहुंचकर बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहें। पालकों और शिक्षकों के समन्वय से ही बच्चों का सम्पूर्ण विकास हो सकेगा। उन्होंने शिक्षकों को प्रारंभिक कक्षाओं में पढने वाले बच्चों के शैक्षणिक अध्ययन पर गहन निगरानी रखने की समझाइश दी।

केवल पांच दिन शेष, सीएम हाउस से मंजूरी मिलना बाकी

# मेट्रो स्टेशनों पर लाइट की टेस्टिंग, व्यवस्था मजबूत करने में जुटा मेट्रो प्रशासन

*अवकाश के दिन भी दिनभर मेट्रो का मैदानी अमला स्टेशनों पर व्यवस्थाओं की जांच परख में लगा रहा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेट्रो प्रशासन अब पूरी तरह से 13 दिसंबर को ही मेट्रो के संचालन की फायनल डेट मानकर बची समय-सीमा में जो सुविधाएं ज्यादा से ज्यादा जुटाई जा सकती हैं के मोड पर आ गया है। मप्र मेट्रो द्वारा प्रदेश सरकार को 13 दिसंबर से मेट्रो के संचालन के लिए अनुमति देने का प्रस्ताव भेजने के बाद प्रायोरिटी कॉरिडोर के सभी आठों स्टेशनों पर बाकी रह गए कामों को पूरा करने में तेजी आ गई है।

मेट्रो के अधिकारी और मैदानी अमला दिनभर यहां चल रहे कामों पर नजर बनाए हुए है। रविवार को स्टेशनों के नीचे, एस्केलेटर, सीढियां और पब्लिक से जुडी सुविधाओं वाले स्थानों पर दिनभर लाइटों की टेस्टिंग की गई। कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) से एनओसी मिलने के बाद से मेट्रो के संचालन को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मेट्रो प्रशासन 13 दिसंबर से पहले प्रायोरिटी कारिडोर के 7.5 किलोमीटर के एरिया में पब्लिक सुविधाओं वाले कामों कों अंतिम रूप देने में जुटा है। बताया जा रहा है कि 10 दिसंबर तक यह काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

**स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सावधानियों के बोर्ड लगे, स्टाफ भी तैनात**



मेट्रो स्टेशनों में एस्केलेटर, सीढ़ियां बनकर तैयार है।

**सीनियर सिटीजन के लिए स्कीम लाएगा एमपी मेट्रो**

महिलाओं, स्टूडेंट्स और सीनियर सिटीजन के लिए अलग-अलग स्कीम पर भी विचार चल रहा है। इंदौर के फार्मूले पर शेड्यूल बनाया जा रहा है। हालांकि इस बारे में मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि सब कुछ पहले से तय है। लोकार्पण की तारीख के कंफर्म होते ही शेड्यूल, फेयर और स्कीम जारी कर दी जाएगी।

**भोपाल में बेस फेयर कम करने पर भी विचार**

भोपाल मेट्रो के बेस फेयर, शेड्यूल और स्कीम को लेकर मेट्रो प्रबंधन के अधिकारियों के बीच मंथन चल रहा है। ताकि मेट्रो का उपयोग अधिक से अधिक नागरिक कर सकें। बेस फेयर 20 रुपए के बजाए 10 रुपए करने पर मंथन चल रहा है। इंदौर में बेस फेयर 20 रुपए है, जबकि भोपाल में इसे 10 रुपए करने पर विचार किया जा रहा है।

**10 तक अधिक से अधिक काम पूरा करने का लक्ष्य**

मेट्रो अपने व्यावसायिक संचालन के बेहद करीब पहुंच चुकी है। 10 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि 13 दिसंबर की तारीख कंफर्म होती है तो उस दिन लोकार्पण में कोई दिक्कत न आए। हालांकि सीएम हाउस से लोकार्पण के लिए तारीख कंफर्म नहीं की गई है।

समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा करना था शिविर का उद्देश्य

## हीमोफीलिया जागरुकता शिविर में 200 मरीजों ने लिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हीमोफीलिया सोसायटी द्वारा पैथोलॉजी विभाग जीएमसी के सहयोग से हीमोफीलिया ओपन क्लिनिक एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जीएमसी में आयोजित शिविर में राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक मरीज और उनके परिजन शामिल हुए।

शिविर का उद्देश्य हीमोफिलिया के मरीजों के लिए समग्र रूप से चिकित्सा और अन्य सुविधाओं से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा करना था। विशेष रूप से हीमोफिलिया से प्रभावित व्यक्तियों के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी डॉक्टर आरके निगम एवं डॉ रजनी चौधरी द्वारा दी गई। शिविर में फैक्टर इंफ्यूजन, इन्हिबिटर स्क्रीनिंग, टीकाकरण, चित्रकला प्रतियोगिता, विभिन्न विभागों का ओपीडी, साधारण सभा बैठक, वार्षिक सभा बैठक शामिल थी। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मनीष शर्मा सीएमएचओ, डॉ. वीके. भारद्वाज, डॉ. रमेश माधव, डॉ. मनीष सूल्या, डॉ. रीता सक्सेना, डॉ. देवेंद्र गौर और हीमोफीलिया सोसाइटी, भोपाल के कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि डॉ. सुनीत टंडन द्वारा हीमोफीलिया सोसाइटी को सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।



हीमाफीलिया जागरुकता शिविर का दृश्य।

## क्रिसमस माह के पहले संडे को युवा दिवस के रूप में मनाया गया

**भोपाल।** क्रिसमस माह के पहले रविवार को राजधानी के चर्चों में युवा दिवस के रूप में मनाया गया। तो वहीं प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक समुदाय के घरों से लेकर चर्च तक प्रभु यीशु के आगमन होने की सूचना देने कैरोल सांग और प्रार्थना के स्वर गूंजने लगे हैं। इन सभाओं में प्रभु के प्रेम व सद्भाव के संदेशों को स्वयं आत्मसात करने और जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प भी कराए जा रहे हैं। रविवार को शहर के कई चर्च में विशेष प्रार्थना सभाएं की गई। सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च गोविंदपुरा में कार्यक्रमों की कमान युवाओं को सौंपी गई। उन्होंने कैरोल सांग प्रस्तुत किए, बाइबिल के अंशों का पाठ किया। सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च में युवाओं ने कैरोल सांग के माध्यम से प्रभु यीशु की महिमा का वर्णन किया।

न्यूरोडाइवर्स बच्चों के भविष्य पर विचार गोष्ठी का आयोजन

## न्यूरोडाइवर्स बच्चों के नैदानिक प्रबंधन विकासात्मकता पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यूरोडाइवर्स बच्चों के भविष्य पर एक राष्ट्रीय स्तर की विचार गोष्ठी तक्षशिला इंस्टिट्यूट फॉर चाइल्ड डेवलपमेंट द्वारा आयोजित की गई। एक दिवसीय सेमिनार में बच्चों के विकासात्मक, नैदानिक और पोषण संबंधी प्रबंधन पर व्यापक चर्चा हुई।

कौसलेया सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माता-पिता, पुनर्वास विशेषज्ञ, प्रशिक्षु और छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मॉडरेशन शैक्षिक एवं कार्यक्रम निदेशक रोली मिश्रा ने किया।

उन्होंने अपने फाउंडेशनल ओवरव्यू सेशन में ट्रांसडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण और साक्ष्य-आधारित समर्थन प्रणालियों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य ऑटिज्म और एडीएचडी जैसे न्यूरोडेवलपमेंटल विकारों के लिए एक एकीकृत उपचार पद्धति विकसित करना था। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित जोशी ने प्रारंभिक मस्तिष्क विकास, न्यूरोबायोलॉजिकल नींव और साक्ष्य-आधारित बाल चिकित्सा प्रोटोकॉल की भूमिका पर विस्तृत प्रस्तुति दी। साइकियाट्रिस्ट एवं काउंसलर डॉ. रश्मि मोग्हे हिरवे ने क्लिनिकल साइकोफामार्कोलॉजी पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया।


न्यूरोडाइवर्स बच्चों के भविष्य पर गोष्ठी का आयोजन।

**वैज्ञानिक तरीके से समझाया पोषण हस्तक्षेप का महत्व**

सीनियर क्लिनिकल डाइटिशियन रश्मि श्रीवास्तव ने अपने सत्र में आहार और गट-ब्रेन कनेक्शन को उपचार प्रक्रिया का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने न्यूरोडेवलपमेंटल विकारों में पोषण हस्तक्षेप की महत्वपूर्ण भूमिका को वैज्ञानिक तरीके से समझाया। सेमिनार के अंत में, डॉ. रोहित जोशी, डॉ. रश्मि मोग्हे हिरवे और रश्मि श्रीवास्तव को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

प्राचार्य ने कहा विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और गुरुजनों के प्रति आदर भाव रखना चाहिए

# एसपीएम कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक बैठक, पेरेंट्स ने पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना एवं शिक्षक अभिभावक समिति की संयोजक डॉ. कल्पना दवे के निर्देशन में किया गया। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों के साथ प्राचार्य तथा संबंधित शिक्षकों ने चर्चा की तथा उन्हें महाविद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बस की सुविधा प्रदान करने एवं महाविद्यालय कैंटीन को फिर से शुरू करने के सुझाव दिए गए। उन्होंने कॉलेज की अकादमिक तथा पाठ्येतर गतिविधियों के प्रति संतुष्टि जाहिर की। शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में सहयोग के लिए स्टाफ की सराहना की।


एसपीएस में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन।

**माता-पिता और गुरुजनों के प्रति आदर भाव रखें**

बैठक की शुरुआत में बताया गया कि विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही शिक्षक अभिभावक समिति का उद्देश्य है। प्राचार्य ने वर्तमान में विद्यार्थियों के मध्य गिरते हुए जीवन मूल्यों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और गुरुजनों के प्रति आदर भाव रखना चाहिए।

### एसपीएम कॉलेज में विद्यार्थियों ने मृदा संरक्षण की ली शपथ

**भोपाल।** राजधानी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ शालिनी सक्सेना ने विद्यार्थियों को मृदा संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। इको क्लब और वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयाजन किया गया। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी डॉ कीर्ति जैन ने विद्यार्थियों को बतायाकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित विश्व मृदा दिवस हर वर्ष 5 दिसंबर को मनाया जाता है, जिससे मृदा संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं मिट्टी के महत्व को बताना और उसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जा सके। मिट्टी हमारे जीवन का आधार है। यह पेड़ों, फसलों और मनुष्यों के साथ पृथ्वी के समग्र जीवन चक्र को बनाए रखती है।


मृदा संरक्षण की शपथ लेते विद्यार्थी।

लोको पायलट, गार्ड, स्टेशन मास्टर ने लिया हिस्सा

## संगोष्ठी के दौरान डीआरएम ने लोको पायलटों को पढ़ाया संरक्षा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डीआरएम कार्यालय में मुख्य लोको निरीक्षकों के साथ रविवार को मंडल रेल प्रबंधकपंकज त्यागी की अध्यक्षता में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंडल के विभिन्न लोको पायलट, गार्ड, स्टेशन मास्टर, शंटमैन, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आदि ने हिस्सा लिया।

कर्मियों को संरक्षित रेल परिचालन रखने संबंधी विभिन्न बिदुओं के बारे में बताया गया तथा इस संबंध में उनकी जानकारी को और मजबूत तथा अद्यतन किया गया। डीआरएम ने सभी रेल कर्मियों से सदैव सजग व सतर्क रहने को कहा। ताकि किसी चूक की संभावना न रहे और रेल परिचालन पूर्णतया संरक्षित रहे। ट्रेन परिचालन के दौरान सदैव स्पैड की स्थिति से बचाव करने, सुरक्षित शंटिग करने व सुरक्षित परिचालन रखने पर बल दिया गया। उन्होंने मुख्य लोको निरीक्षकों को निर्देशित किया कि घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए लोको पायलटों को प्रभावी परामर्श, सतत जागरूकता, तथा सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।


संरक्षा संगोष्ठी का दृश्य।

नए वर्ष की शुरुआत के साथ ही कर दिया जाएगा पदोन्नत

# केंद्र से मिली स्वीकृति, न्यू ईयर में प्रमोशन का पीक: 2026 में 16 अफसर पदोन्नत होकर डीआईजी बनेंगे तो वहीं 13 अफसर एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश पुलिस में आगामी वर्ष पदोन्नति का बड़ा दौर देखने पदों की संख्या बढ़ने के बाद अब 2026 में 16 को मिलेगा। प्रदेश में डीआईजी रैंक के लिए उपलब्ध अफसर पदोन्नत होकर डीआईजी बनेंगे।

एक जनवरी को 13 आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन देकर डीआईजी बनाया जाएगा, जबकि बाकी तीन पद संबंधित अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के साथ क्रम से भरे जाएंगे। खासबात यह है कि इस वर्ष केंद्र ने पांच पद स्पेशल ड्यूटी पोस्ट (एसडीपी) के और आईजी के खाली पदों के बदले 6 पद डीआईजी के स्वीकृत किए हैं। इसके चलते ही इतनी बड़ी संख्या में डीआईजी रेंक लिए प्रमोशन मिल रहा है। हालांकि 2010 बैच के इस बार वर्ष 2010, 2011 और 2012 बैच के अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ 16 अफसर पूर्व में डीआईजी के रूप में पदोन्नत हो चुके 2010 के बचे हुए 4 अधिकारी, 2011 बैच के 4 हैं। इन सभी 13 अधिकारियों को नए वर्ष की शुरूआत के साथ ही पदोन्नत कर दिया जाएगा। हालांकि अगले वर्ष, 2012 बैच के तीन और अफसर पदोन्नत होंगे। इस तरह से कुल 16 डीआईजी अगले साल बनेंगे।



फाइल फोटो

### ये अफसर एक जनवरी को डीआईजी के लिए पदोन्नत

जो अफसर एक जनवरी को पदोन्नत होंगे उनमें वर्ष 2010 बैच के राकेश कुमार सगर, आरएस बेल्वेशी, किरणलता केरकेटा, मनोज कुमार राय पदोन्नत होंगे। वहीं वर्ष 2011 बैच के रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढ़ा, सिमाला प्रसाद, असित यादव, जबकि वर्ष 2012 बैच के विवेक सिंह, कुमार प्रतीक, डॉ. शिव दयाल, मयंक अवस्थी और शैलेंद्र सिंह चौहान ये अफसर पदोन्नत होंगे। इनके बाद के आलोक कुमार सिंह, रघुवंश कुमार सिंह और विकास पाठक करीब 6 महीने बाद डीआईजी के पद पर पदोन्नत होंगे।

**केंद्र ने एसडीपी के 6 पद किए मंजूर**

प्रदेश में डीआईजी के केवल 5 पद ही खाली हो रहे थे। इनमें 2 पद उन अधिकारियों के खाली होने से उपलब्ध हुए, जो एक जनवरी को आईजी पद पर पदोन्नत हो रहे हैं। जबकि 3 पद डीआईजी रैंक के अफसरों के रिटायरमेंट से रिक्त होंगे। ऐसे में केवल उपलब्ध पदों के आधार पर पदोन्नति होती, तो सीमित अधिकारियों को ही लाभ मिलता। इसे देखते हुए पीएचक्यू ने केंद्र से स्पेशल ड्यूटी पोस्ट के तहत अतिरिक्त पद स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेजा था।

### 14 साल की बजाए लग गए 15 और 16 साल

*नियमानुसार आईपीएस बनने के बाद 14 साल बाद डीआईजी बन जाते हैं, लेकिन प्रदेश में पिछले तीन सालों से ऐसा नहीं हो पा रहा था। वर्ष 2010 बैच के आईपीएस अफसरों को डीआईजी बनने में 16 साल लग गए, जबकि वर्ष 2011 बैच के अफसरों को 15 साल लग गए। हालांकि वर्ष 2012 बैच अगले वर्ष पूरा पदोन्नत नहीं हो पाएगा, उस बैच के भी कई अफसर वर्ष 2027 में पदोन्नत होंगे, ऐसे में वे भी 15 साल में डीआईजी हो सकेंगे। एक जनवरी को जहां 13 पदों पर पदस्थापना होने के बाद शेष 3 पद आगामी महीनों में डीआईजी रेंक के अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने पर रिक्त होंगे। इन रिक्त पदों को भी पदोन्नत कर अधिकारियों से भरा जाएगा और वर्ष 2026 में 16 पद डीआईजी के भरे जाएंगे।*

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने गोवा के अरपोरा में हुए अग्निकांड पर दुःख जताया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवा के अरपोरा में हुए अग्निकांड में लोगों के हताहत होने पर दुख जताया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

### डिस्ट्रिक्ट जीआईएस प्रोजेक्ट की बैठक आज

**भोपाल।** संभागायुक्त संजीव सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट जीआईएस प्रोजेक्ट क्रियान्वयन के संबंध में सोमवार शाम चार बजे से संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है। संयुक्त आयुक्त डॉ. विनोद यादव ने बताया कि विभाग से संबंधित परिसंपत्तियों की जानकारी तथा अभी तक डिस्ट्रिक्ट जीआईएस पोर्टल पर मेपिंग की स्थिति की जानकारी के साथ चर्चा हेतु बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।संयुक्त आयुक्त डॉ. विनोद यादव ने बताया कि परख एप के उपयोग के संबंध में सोमवार शाम पांच बजे संभागायुक्त कार्यालय में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में समस्त संभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित अधीनस्थ संस्थाओं के निरीक्षण हेतु परख एप का उपयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### हथियार छोड़कर शांति के पथ पर कदम बढ़ा रहे नक्सली: खंडेलवाल

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को बालाघाट में 10 हार्डकोर नक्सलियों के हथियार सहित आत्मसमर्पण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि सुरक्षाबलों की प्रभावी कार्रवाई से मप्र सहित देशभर में नक्सलवाद अब खात्मे की ओर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक मप्र सहित देशभर में नक्सलवाद को समाप्त करने की जो तारीख निर्धारित की है, उससे पहले ही मप्र में नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। खंडेलवाल ने कहा कि आज बालाघाट में दस हार्डकोर नक्सलवादियों ने जिस तरह मुख्यमंत्री के समक्ष हथियार सहित आत्मसमर्पण किया है, उससे यह प्रतीत हो रहा है कि मध्यप्रदेश में नक्सलवाद अब पूरी तरह से दम तोड़ चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों से हथियार छोड़कर नक्सली समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

### आईएफएस डबास ने पीसीसीएफ हॉफ पर लगाया उदासीनता का आरोप

**भोपाल।** वन बिरादरी महासंघ के अध्यक्ष पूर्व आईएफएस आजाद सिंह डबास ने पीसीसीएफ (हॉफ) बीएन अंबाड़े पर मप्र ग्राम वन नियम 2015 में अपेक्षित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अंबाड़े को भेजे पत्र में कहा कि पिछले 7 वर्षों में अनेक जिलों के भ्रमण के दौरान यह ज्ञात हुआ है कि मप्र ग्राम वन नियम 2015 के तहत प्रदेश के ज्यादातर वनमण्डलाधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षकों ने अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। आपके स्तर से इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वन प्रबंधन में आपकी उदासीनता कतई उचित नहीं है। डबास आईएफएस की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने इस दौरान मप्र में वनों की स्थिति को नजदीक से देखा और क्रियान्वयन भी किया था।

बोले मुख्यमंत्री-शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाना जरूरी

# राज्य के कौशल, नवाचार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आधार है राष्ट्रीय शिक्षा नीति

*शिक्षा व्यवस्था में भारतीयता को स्थापित करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य : केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में मप्र देश में अग्रणी है। मप्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केवल शैक्षणिक सुधार न मानकर राज्य के कौशल, नवाचार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से जोड़ा है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों को कुलगुरु संबोधन देकर हमने प्राचीन गुरुकुल आदर्श को आधुनिक व्यवस्था से जोड़ा है।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: क्रियान्वयन, चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आरंभ हुई। कार्यशाला में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थित थीं।

**क्वाटंम कम्प्यूटिंग और एआई जैसे न्यूज ऐज स्किल्स का प्रदेश में विस्तार आवश्यक**

**मप्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 क्रियान्वयन, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर हुई कार्यशाला**



मुख्यमंत्री का उद्बोधन



राज्यपाल का उद्बोधन

**देश समाज को बदलने के विश्वास का प्रतीक राष्ट्रीय शिक्षा नीति**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मप्र को शिक्षा- परिवर्तन की दिशा में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए नीति की दिशा, लक्ष्य और समन्वित कार्य- संस्कृति के जरिए प्रयास करने होंगे। यह भारत के भविष्य को नई दिशा देने की दूरदर्शी कार्ययोजना है, जिसका मूल स्वभाव 'समग्रता' है। उन्होंने नीति के लक्ष्यों समग्र शिक्षा, समग्र विकास और समग्र राष्ट्र-निर्माण से जुड़ी चुनौतियों और मध्यप्रदेश की विशेष परिस्थितियों में उपलब्ध संभावनाओं पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामूहिक विचार की पहल की सराहना की।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में मप्र अग्रणी: सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व में जिन भी महापुरुषों ने समय की धारा को बदला है, उन महापुरुषों के व्यक्तित्व विकास में गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिसके बल पर पर प्रभु श्रीराम ने स्वयंवर और रावण वध पर अपने पराक्रम और पुरुषार्थ का परिचय दिया। सम्राट विक्रमादित्य ने स्थापित सुशासन व्यवस्था में उनके द्वारा देशभर से जोड़े गए विद्वानों और नव रत्नों का सहयोग रहा। राजा भोज की ओर से निर्मित भोपाल का बड़ा तालाब आज भी अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों के लिए सीखने का विषय है।

**रोजगारपरक और नवाचार उन्मुख शिक्षा को दें जनांदोलन- केंद्रीय मंत्री प्रधान**

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने प्रदेश की शैक्षणिक संस्थानों में न्यू ऐज स्किल जैसे क्वान्टम कम्प्यूटिंग और एआई के विस्तार की जरूरत बताई। उन्होंने शाला स्तर में विद्यार्थियों के कक्षा 12 तक निरंतर अध्ययनरत रहने, शोध को स्थानीय आवश्यकताओं से जोड़ने, शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन में समाज की भागीदारी बढ़ाने और शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाने की जरूरत बताई। प्रधान ने बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के अभियान में समाज को जोड़ने की आवश्यकता बताई।



प्रधान का उद्बोधन

**स्कूल शिक्षा में पालकों का भरोसा जीतना जरूरी**

*स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा में पालकों का भरोसा जीतने के लिए मुख्यमंत्री यादव के नेतृत्व में विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन, शिक्षा और प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए विशिष्ट प्रयास जारी हैं। मप्र दोहरी परीक्षा पद्धति लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परिमार ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन भारतीय ज्ञान परंपरा को समाहित करते हुए किया जा रहा है।*

इंटीग्रेटेड मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश

## ओरछा को विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जाए

*उन्होंने जुझार महल एवं हरदौल वाटिका का निरीक्षण किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ओरछा में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी परियोजनाएं समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं। जिससे ओरछा को विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने ओरछा शहर के आर्थिक, सामाजिक विकास को देखते हुए इंटीग्रेटेड मास्टर प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव जैन रविवार को पर्यटन नगरी ओरछा में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने ओरछा में मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीराम राजा सरकार के दर्शन किए। उन्होंने जुझार महल एवं हरदौल वाटिका का निरीक्षण किया। जैन ने कहा कि वेंडर जोन का निर्माण इस तरह करें जिससे पर्यटकों को आवागमन में सुविधा हो।



निरीक्षण करते सीएस जैन।

### बुंदेलखंड सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार करें

मुख्य सचिव ने कहा कि खजुराहो महोत्सव को ध्यान में रखते हुए बुंदेलखंड सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने ओरछा का मास्टर प्लान तैयार करने, पीपीपी मोड पर चल रहे कार्यों में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने जिससे उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा सके, के निर्देश दिये। मुख्य सचिव कंचना घाट पहुंचकर बेतवा नदी पर स्थित नवीन ब्रिज निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कंचना घाट पर संचालित पिंक टॉयलेट संचालन कार्य सेल्फ हेल्प ग्रुप को देने के निर्देश दिए।

**पर्यटकों को दृष्टिगत रखते हुए कार्ययोजना तैयार करें**

वर्तमान में आ रहे पर्यटकों एवं भविष्य में आने वाले पर्यटकों की संभावनाओं के दृष्टिगत कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर की सभी होटलों की स्टार रेटिंग कराई जाए। जुझार सिंह महल को बुंदेलखंड सांस्कृतिक केंद्र की तर्ज पर विकसित किया जाए। एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जाए। बुंदेली कला, पेंटिंग एवं टेराकोटा से बनने वाले उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग की जाए और उन्हें ऑनलाइन प्लेटफार्म पर लाकर विक्रय किया जाए। इस अवसर पर जिले के अधिकारी सहित कंसल्टेंट मौजूद रहे।

### पर्यटक सुविधाओं और आवश्यक रखरखाव उपायों पर विस्तार से चर्चा

मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों से संरक्षित भवनों की स्थिति, पर्यटक सुविधाओं और आवश्यक रखरखाव उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन धरोहरों को संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्य सचिव ने राय प्रवीण महल एवं तुलसी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हों। उन्होंने जहांगीर महल का अवलोकन किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की छत्तीसगढ़ सीएम साय से भेंट...



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भोपाल प्रवास के दौरान रविवार की शाम समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विष्णु साय का स्वागत किया और उन्हें विक्रमादित्य घड़ी भेंट की।

## आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को नहीं मिला 11 माह का एरियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिख कर कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों से अवगत कराया है।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया गया कि आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस तो देना दूर 11 माह का बकाया एरियस का भुगतान भी नहीं किया गया है। प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में कई वर्षों से सेवाएं दे रहे आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को श्रम आयुक्त इंदौर मप्र द्वारा एक अप्रैल 2024 से लागू पुनरीक्षित वेतन अनुसार न्यूनतम वेतन सहित 11 माह के एरियर भुगतान सहित अन्य लाभों से वंचित रखा हुआ है। कोमल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से एक अप्रैल 2024 से लागू पुनरीक्षित वेतन अनुसार न्यूनतम वेतन एरियर सहित 11 माह के एरियर भुगतान एवं बोनस राशि एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने आदेश जारी करने की मांग की है।

**वर्मा के समर्थन में 18 जनवरी को महाआंदोलन**

*अजाक्स के प्रांताध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में एसटी-एससी और ओबीसी संगठन 18 जनवरी को राजधानी भोपाल में संविधान बचाओ-आरक्षण बचाओ जन आक्रोश महा जनआंदोलन आयोजित करेगा। पीसी में जयस राष्ट्रीय अध्यक्ष मुजाल्दा ने बताया कि एसटी/एससी/ओबीसी वर्गों के समस्त सामाजिक व जनसंगठन 18 जनवरी 2026 को भोपाल में संविधान बचाओ-आरक्षण बचाओ जन आक्रोश महा जनआंदोलन आयोजित किया जाएगा।*

## पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना की मॉनिटरिंग अब सीधे सीएस करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना की मानीटरिंग अब खुद मुख्य सचिव अनुराग जैन करेंगे। वे हर तीन महीने में इस योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। इसके क्रियान्वयन के लिए आठ विभागों के अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाएगा। अधिकारियों को शामिल करते हुए राज्य स्तरीय समन्वय समिति भी बनाई गई है। मप्र में सिचाई के लिए किसानों को सोलर पंप की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना लागू की गई है। योजना के सभी घटकों के अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा होगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय भी बनाना है।

चौधरी ने जीतू सहित 12 नेताओं को किया शामिल

## सिंगरौली पेड़ों की कटाई के मामले में एआईसीसी ने बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंगरौली जिले में अदानी को कोल ब्लॉक आवंटन करने के मामले में पेड़ों की कटाई का मुद्दा कांग्रेस ने काफी जोरों शोरों से उठाया है। विधानसभा से लेकर जनता की बीच इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस अब बड़ी तैयारी कर रही है।

इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हरीश चौधरी को निर्देश देते हुए जीतू पटवारी की अध्यक्षता में 12 और नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें खास बात है कि अधिकांश कांग्रेस के विधायक शामिल किए गए हैं। इस इफ़ेक्ट फाइंडिंग कमेटी में जीतू पटवारी, उमंग सिंगार, मीनाक्षी नटराजन, अजय सिंह, कमलेश्वर पटेल, हेमंत कटारे, राजेंद्र कुमार सिंह, हिना कांवरे, विक्रांत भूरिया, ओमकार मरकाम, जयवर्धन सिंह और बाला बच्चन को शामिल किया गया है। यह कमेटी के सभी सदस्य सिंगरौली में 11 दिसंबर को वहां पर लोगों से मुलाकात करेंगे पेड़ों की कटाई के मामले में वहां क्या स्थिति बन रही है। इसकी रिपोर्ट हाई कमान को दी जाएगी। साथ ही प्राकृतिक नुकसान की भी रिपोर्ट दी जाएगी। सिंगरौली में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और उससे उत्पन्न पर्यावरणीय क्षरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने तथ्य अन्वेषण समिति गठित की है।

लोनिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास समेत कई विभाग नहीं हटा पाए पशु

# मध्यप्रदेश में अभी भी 8 लाख 57 हजार बेसहारा: 2 साल में 237 एक्सीडेंट, 94 मौत, सड़कों से नहीं हटे आवारा मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सभी राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों से आवारा पशुओं निराश्रित पशु पाए गए हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 78 हजार 737 हजार 971 निराश्रित पशु पाए गए हैं। मध्यप्रदेश के रीवा जिले में सर्वाधिक निराश्रित पशु पाए गए है। यहां 82 हजार 485 को हटाने और उनके रखने के इंतजाम करने के निर्देश है लेकिन इसके बाद भी मध्यप्रदेश सरकार आवारा पशुओं को सड़कों से नहीं हटा पा रही है।

पिछले दो वर्षो में सड़कों पर विचरण करते निराश्रित पशुओं के कारण 237 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिनमें 94 लोगों की जीवन लीला समाप्त हो गई और 133 लोग घायल हुए है। मध्यप्रदेश में हाल ही में कराई गई बीस वी पशु संगणना में मध्यप्रदेश में 8 लाख 53 और शहरी क्षेत्रों में 3748 निराश्रित पशु पाए गए है। ग्वालियर के शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक सात हजार 84 निराश्रित पशु मिले है। जबकि ग्रामीण अंचलों के मामले में रीवा में सर्वाधिक 78 हजार 737 निराश्रित पशु मिले है। राजधानी भोपाल में कुल 9986 निराश्रित पशु मिले है। इनमें शहरी क्षेत्रों 4 हजार 571 निराश्रित पशु मिले है। ग्वालियर जिले में 23 हजार 181, इंदौर जिले में 3302 और जबलपुर जिले में



सांकेतिक चित्र

### मुख्यमंत्री ने इन विभागों को दिए थे निर्देश

*आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के है निर्देश*

*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेशभर में सड़कों पर विचरण करते ऐसे निराश्रित पशुओं को हटाने के निर्देश दे चुके है जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है। लोक निर्माण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास विभाग,रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सड़कों से निराश्रित पशुओं को पकड़कर उन्हें रखने के लिए पर्याप्त स्थान तैयार कर वहां रखा जाए।*

### अलीराजपुर में सबसे अलीराजपुर में सबसे कम

*निराश्रित पशु 87 निराश्रित पशु मिले है। इसके बाद आदिवासी अंचल झाबुआ में 428 निराश्रित पशु मिले है। बड़वानी में 510 और मंडला में 572 निराश्रित पशु पाए गए है। अलीराजपुर के शहरी क्षेत्र में सबसे कम 58 निराश्रित पशु मिले है।*

## पेज एक का शेष...

## 2 करोड़ 36 लाख...

रुपए का इनाम घोषित था। मुख्यमंत्री ने उन्हें संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा। मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे सरकार की पुनर्वास नीति अपनाएं। सरकार उनके जीवन को सुरक्षित करने, विकास सुनिश्चित करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को अचानक बालाघाट दौरे पर पहुंचे थे। उनके समक्ष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण के बाद अपने हथियार भी सौंप दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मप्र को नक्सल मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक भी व्यक्ति को हथियार उठाने की अनुमति नहीं है। मुख्यमंत्री ने शहीद आशीष शर्मा की वीरता को नमन करते हुए कहा कि उत्कृष्टता से कार्य करने वाले 328 हॉक फोर्स सहित पुलिस अधिकारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो कानून की राह अपनाते हैं, उनके पुनर्वास की चिंता राज्य सरकार की है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि एंटी नक्सल अभियान को सशक्त किया गया है। नए कैंप स्थापित किए गए हैं, हॉक फोर्स और पुलिस बल में वृद्धि की गई है। इन कार्रवाइयों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

**नक्सलियों ने सौंपे अत्याधुनिक हथियारः** दस हार्डकोर सशस्त्र और वर्दीधारी नक्सलियों ने मप्र पुलिस के समक्ष आधुनिक हथियारों जैसे एके- 47, इंसास राइफल, एसएलआर, वाकी-टॉकी सेट आदि सहित आत्मसमर्पण किया। इन सभी नक्सलियों पर विभिन्न राज्यों में कुल दो करोड़ छत्तीस लाख रुपए का इनाम घोषित था। मुख्यमंत्री ने इसे नक्सलवाद के अंत की दिशा में एक निर्णायक कदम बताते हुए सुरक्षा बलों की दृढ़ता, निरंतरता और जनता के सहयोग की सराहना की। एक नवंबर को भी महाराष्ट्र-मप्र-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोन की एक हार्डकोर सशस्त्र महिला नक्सली सुनीता पिता बिसरू ओयाम, निवासी गोमवेटा (छत्तीसगढ़) ने बालाघाट जिले में इंसास राइफल तथा हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया था।

**हाल के दिनों में नक्सलियों पर काफी दबाव हैः** पुलिस की घेराबंदी से नक्सलियों पर काफी दबाव था, उपर से हाल के महीनों में मप्र में सुरक्षा बलों का अचानक दबाव बढ़ गया। महाराष्ट्र–मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोन के प्रवक्ता अनंत उर्फ विकास नगपुरे पहले ही अपने दस सशस्त्र साथियों के साथ समर्पण कर चुके हैं, जिससे इस क्षेत्र में नक्सलियों का आधार और भी कमजोर हुआ है। इस वजह से नक्सली लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

**इन नक्सलियों ने किया आत्म समर्पणः**

- सुरेंद्र उर्फ कबीर उर्फ सोमा सोढी पिता उंग्गा सोढी जाति गोंड उम्र 50 निवासी पुलमपाढ थाना गुल्लापल्ली जिला सुकमा छग।
- राकेश ओडी उर्फ मनीष पिता समरत ओडी जाति गोंड उम्र 42 निवासी ग्राम झंडेपार (बोट्टेकसा) थाना कोरची जिला गडचिरौली महाराष्ट्र।
- लालसिंह मरावी उर्फ सींगा उर्फ प्रवीण पिता भीमा माता ऊंगी जाति गोंड उम्र 30 निवासी छोटे गुडरा थाना कटेकल्याण जिला दंतेवाड़ा छग।
- शिल्पा नुप्पो पिता जोगा माता ..बीमे..जाति गोंड उम्र 26 निवासी बुडिया बट्टुम थाना बासीगुडा तहसील हवापल्ली जिला बीजापुर छग।
- सलीता उर्फ सावित्री अलावा पिता लकमु माता चिको जाति गोंड उम्र 26 निवासी सीनागेलोर थाना बासागुडा तहसील हवापल्ली जिला बीजापुर छग।
- नवीन नुप्पो उर्फ हिडमा पिता नंगा माता बीमे जाति गोंड उम्र 30 निवासी बोडकेल तहसील कोंटा (जगरगुंडा) जिला सुकमा छग।
- जयशीला उर्फ ललीता ओयम पिता समलु माता देवे जाति गोंड उम्र 26 निवासी तरैम थाना बासागुडा तहसील हवापल्ली जिला बीजापुर छग।
- विक्रम उर्फ हिडमा वट्टी पिता तकमा माता पीसे जाति गोंड उम्र 30 निवासी मडपे दुल्लोड थाना 4 थाना चिंता गुफा जिला सुकमा छग।
- जरिना उर्फ जोगी मुसाक पिता अंदल माता कोशी जाति गोंड (मुडिया) उम्र निवासी मुरंगा थाना गंगलुर जिला बिजापुर छग।
- समर उर्फ समारू उर्फ राजु अतरम पिता सन्नु माता सुमरी जाति गोंड उम्र 32 निवासी इंड्री तहसील बैरमगढ जिला बीजापुर छग।

## एंटी नक्सल अभियान ...

जांच और कार्रवाइयों से प्रदेश में नक्सली दायरा तेज़ी से घटा है। पुनर्वास के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले वर्ष 46 एकल सुविधा केंद्र खोले गए। इन केंद्रों के माध्यम से रोजगार, वन अधिकार पत्र और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## आज व कल ....

और खनिज विभाग की समीक्षा की जाएगी। मंगलवार 9 दिसंबर को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक होगी, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

इसी दिन सीसीआईपी की बैठक और लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के दो वर्षों में हुए कार्यों की मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री इसी दिन छतरपुर जिले के राजनगर के सती की मढ़िया में लाड़ली बहना सम्मेलन में भी शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की ओर से प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में माह दिसम्बर की राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों से संवाद भी करेंगे।

## दो दिनों तक ....

कार्यों का भूमि-पूजन। 24010 लाख के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण। राजनगर के सती की मढ़यिा में लाड़ली बहना सम्मेलन में विकास पर केन्द्रित प्रदर्शनी। लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरण और हितलाभ वितरण।

## एयरलाइन ने 610...

मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं।

## कैंसिलेशन फीस...

टिकटों के दाम पहले से ही तय रहेंगे। इसका मतलब यह है कि कम उड़ानों की वजह से अचानक से किराया बढ़ाना अब संभव नहीं होगा। केंद्र सरकार ने भी एयरलाइंस को ऐसा करने की अनुमति दी थी। समझने वाली बात यह है कि एविएशन इंडस्ट्री ऑटोमेटेड रेवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम पर चलती है, जिसका अर्थ है जितनी ज्यादा डिमांड, उतना अधिक किराया। लेकिन मौजूदा संकट को देखते हुए दोनों एयरलाइंस ने यात्रियों को राहत देने का फैसला किया है। टिकट बदलने और कैंसिल करने पर भी छूट देने की घोषणा की है। जिन यात्रियों ने 4 दिसंबर तक अपना टिकट बुक किया है और जिनकी यात्रा 15 दिसंबर तक निर्धारित है, वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा बदल सकेंगे। वहीं, यदि वे टिकट कैंसिल करते हैं तो उनसे कोई कैंसिलेशन फीस नहीं ली जाएगी और उन्हें पूरे पैसे का रिफंड मिलेगा। दोनों ने अपने कस्टमर केयर को शुरू कर दिया है।

## सरकार ने अब...

में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा।

बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई। हवाई किराया फिक्स किया। अब कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपए, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपए से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी।

▶▶ एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18 हजार रुपए तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी।

## इंडिगो, डीजीसीए और...

अध्यक्षता वाली ट्रांसपोर्ट, टूरिज्म और कल्चर पर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी, एयरलाइंस के टॉप अधिकारियों और डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के अधिकारियों से हवाई सेवाओं में रुकावट के कारण और संभावित समाधानों के बारे में जवाब मांग सकती है।

## इंडिगो संकट पर ....

कि इंडिगो एक दिन में नहीं गिरी, यह गिरावट कई वर्षों से बन रही थी। कथित खुले पत्र की शुरुआत 2006 में इंडिगो की स्थापना के जिक्र से होती है। लेखक का दावा है कि वर्षों के साथ कंपनी की शुरुआती ग्रोथ लालच में और गौरव अहंकार में बदल गई। पत्र के अनुसार, एयरलाइन की बदहाली की जड़ वहीं से शुरू हुई, जब प्रबंधन ने अनुभव और योग्यता की अनदेखी करते हुए ऐसे लोगों को बड़े पद सौंप दिए, जिनके पास न विशेषज्ञता थी और न ही संचालन की समझ।

## गोवा के नाइट ...

कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। वहीं, प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों को लिए 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है। गोवा के डीजीपी आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा- आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग लगते ही अंदर जोरदार भगदड़ मच गई। उस समय क्लब में वीकेंड पार्टी चल रही थी और करीब 100 लोग डांस फ्लोर पर थे। जैसे ही धुआं और लपटें दिखीं, कई लोग घबराकर नीचे की ओर भागे और गलती से ग्राउंड फ्लोर के किचन में पहुंच गए। वहां पहले से मौजूद स्टाफ भी फंस गया। आशंका जताई जा रही है कि यहां दम घुटने से बहुत लोगों की जान चली गई।

**लूथरा और गौरव के खिलाफ मामला दर्जः** अरपोरा-नागोआ पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने नाइटक्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बता दें कि नाइट क्लब एक अस्थायी निर्माण पर चल रहा था और इसके निर्माण में बड़े पैमाने पर ताड़ की पत्तियों का इस्तेमाल हुआ था, जिसके चलते आग तेजी से भड़की।

## मुख्यमंत्री ने दिए....

में आग लगने के सही कारणों और अग्नि सुरक्षा मानदंडों और भवन निर्माण नियमों का पालन किया गया था, इसकी जांच की जाएगी। जिम्मेदार पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी लापरवाही से सख्ती से निपटा जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ....

शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

## अज्ञात वाहन ने ....

पाए गए चीता शावक की पहचान केजी-3 के रूप में हुई है। जिसे वन विभाग की टीम ने अपने कब्जे में लिया है और उसे टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस और वन विभाग की टीम कर रही है। कूनो प्रबंधन ने चीता की मौत स्वीकार करते हुए मृतक चीता शावक की उम्र 20 माह बताई है और इस मामले में कोटा राजस्थान में एक वाहन को रोककर पूछताछ करने की बात भी बताई है। बता दें कि कूनो से दो युवा चीते भागे थे। दोनों की लोकेशन घाटीगांव के सिमरिया मोड के आसपास आ रही थी। कूनो से वन विभाग की टीम लगातार उनका पीछा कर रही थी। शनिवार शाम को सिमरिया इलाके में एक गाय पर दोनों चीतों ने हमला किया था। जिसमें गाय की मौत हो गई थी। तभी से वन विभाग के अफसरों ने यहां अपना डेरा जमा लिया था।

## एलएलबी के छात्र ....

है, बल्कि अकारण रात भर थाने के बैरक में बंद रखा। इसके बाद शांति भंग करने का प्रकरण दर्ज कर लिया। अब वीडियो को एआई निर्मित कहने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। बताया गया है कि शनिवार को पिछोर कस्बे में फरहान खान का एक व्यक्ति से विवाद हो गया था, जिसके बाद वह अपने दोस्त क्षितिज के साथ शिकायत दर्ज कराने पिछोर थाने पहुंचा। दोनों कम्प्यूटर पर कार्य कर रहे पुलिस कर्मचारी के पास खड़े थे, तभी टीआई उमेश उपाध्याय पहुंचे और गालियां देकर सबको बाहर निकाल दिया। क्षितिज ने कारण पूछा तो पिटाई शुरू कर दी। क्षितिज के अनुसार उसे 15-20 थप्पड़ मारे गए। रात भर बैरक में बंद रखकर टायर के पट्टे व लात घूंसों से पीटा। गला दबाया, वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया तो चेहरे पर जूते मारे। क्षितिज के स्वजन ने रविवार दोपहर दो बजे जब 151 के मामले में जमानत भरी, तब उसे थाने से छोड़ा गया। टीआई उमेश उपाध्याय ने मारपीट के आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वीडियो एआई से बनाया गया है। वहीं क्षितिज ने एसपी से थाने में लगे कैमरों की जांच करवाने की मांग की है। कहा कि अगर कोई घटनाक्रम नहीं हुआ तो शांति भंग की कार्रवाई क्यों की गई?

## इलाज के दौरान ....

जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। औबेदुल्लागंज डीएफओ हेमंत रैकवार ने बताया कि भोपाल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सोमवार पीएम के बाद उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एनएच-45 भोपाल-जबलपुर मार्ग के पास जंगलों में बाघ दिखाई देने के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे हैं। घटना सिंघोरी अभयारण्य के पीपलवाली क्षेत्र की बताई जा रही है।

## क्रिकेटर स्मृति मंधाना....

हुए कहा है कि वह अब इस रिश्ते से पीछे हट रहे हैं। पलाश मुछाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि मैंने अब अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने का फैसला लिया है और मैं अपने व्यक्तिगत रिश्ते (स्मृति के साथ रिलेशनशिप) से पीछे हटता हूं। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था कि जिस तरह से लोग आसानी से आधारहीन अफवाहों को बल दे रहे थे उस चीज को लेकर जो मेरे लिए एक पवित्र रिश्ता था। लोगों को इस तरह से अनवेरिफाइड अटकलों और गॉसिप पर जज नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही दोनों ने इंस्टाग्राम पर भी एक दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। यानी अब स्मृति मंधाना और पलाश के 6 साल पुराने रिश्ते पर भी अब ब्रेक लग गया है। दोनों लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों काफी नजदीक नजर आते थे। स्मृति ने तो अपने प्रोफाइल से भी पलाश के प्रपोज करने और शादी के प्री वेडिंग फंक्शन की तस्वीरें और वीडियो हटा दिए थे। हालांकि, पलाश ने अभी पोस्ट डिलीट नहीं किए हैं।

## पलाश मुछाल ने ...

बढ़ने और इस रिश्ते से पीछे हटने की बात कही। वहीं उन्होंने अफवाहों और फेक गॉसिप पर गुस्सा भी निकाला। उन्होंने कहा कि अगर अब कोई भी अफवाह या फेक नैरेटिव फैलाया गया तो उनकी टीम इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

## 2019 में शुरू ....

थी। पलाश ने अपनी बहन पलक के सामने गाना गाकर स्मृति को प्रपोज किया था। स्मृति के पलाश की बहन पलक के साथ भी अच्छे संबंध थे। लेकिन अब सारे रिश्ते छह साल बाद टूट चुके हैं।

## बदलाव की बयारः...

गया, लेकिन परिवार ने उसे सहारे के बजाय अकेला छोड़ने के बजाय नई जिंदगी देने का फैसला किया। रजत के बड़े भाई सुरेंद्र राठौर और नकुल राठौर ने समाज की रूढ़ियों से ऊपर उठते हुए बहू के पुनर्विवाह की पहल की। विवाह समारोह में दोनों भाइयों ने खुद भाई बनकर हर धार्मिक और सामाजिक रस्म निभाई। इस दौरान ससुराल पक्ष ने कन्यादान कर बहू को बेटी की तरह विदा किया और गृहस्थी का संपूर्ण सामान उपहार स्वरूप भेंट किया। मीडिया से बातचीत में ससुराल पक्ष ने कहा कि रजत के निधन के बाद से ही प्रतिभा के भविष्य की चिंता हमें सताती रही। हमने तय किया कि उसे जीवन में आगे बढ़ने का पूरा अधिकार मिलना चाहिए। आज हमें बहुत सुकून है कि हमने उसका पुनर्विवाह कराया। हमें विश्वास है कि यह पहल समाज में एक सकारात्मक संदेश देगी।

## खंडवा, नरसिंहपुर में ...

को खंडवा और नरसिंहपुर में कोल्ड डे रहा, जबकि भोपाल और शहडोल में शीतलहर चली। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब पहाड़ों पर बर्फबारी का अलर्ट है। इससे अगले सप्ताह कड़ाके की सर्दी फिर जोर पकड़ेगी। इससे पहले तीन से चार दिन तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा। अभी दो दिन प्रदेश में सर्दी का मिजाज फिलहाल ऐसा ही रहेगा।

**बर्फ घुलकर आ रही हवाओं में:** मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश या आसपास कोई प्रभावी सिस्टम नहीं है। हवाएं उत्तरी हैं, जिससे पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर हवाओं में महसूस किया जा रहा है। कुछ जिलों में तापमान में मामूली बढ़त होने के बावजूद बर्फीली हवाओं में कड़ाके की सर्दी इसी लिए महसूस की जा रही है। यह क्रम सोमवार को भी रहेगा। भोपाल, इंदौर में शीतलहर, धार, नरसिंहपुर में कोल्ड डे और शाजापुर जिले में कुछ जगह कोल्ड वेव के साथ कोल्ड डे भी रह सकता है।

## बादल छाए, पारा...

प्रदेशभर में अभी दिन-रात का पारा सामान्य से औसतन 2-2 डिग्री कम है। भोपाल में अधिकतम पारा एक डिग्री बढ़कर 25.6 और रात का दशमलव एक डिग्री बढ़कर 7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5.2 डिग्री कम है।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

आवश्यकता
सुनहरा अवसर नौकरी परमानेंट बेसिस पर सीधी पक्की भर्ती, 6230 सीट ,पद - वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, वनरेंजर,सैलरी - (28500- 38500/-) (10वी-12वी पास) लड़के-लड़कियां आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, व्हाट्सएप / कॉल करें -9685327774
RAI- 6,7,8,9

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन • बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर • रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्नीचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लॉसेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA के All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी दी जाएंगी
ONLY LIBRARY 299/-
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

## शब्द पहेली - 6071

**बाएँ से दाए**

1. चिकित्सा,इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा,क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर,शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा,अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर,आकर्षक-5
22. अनासक्ति,निर्विकारता-5
25. पानी,नीर-2
26. सूखा,दुष्काल-3
27. कांटा,कंटक-2
28. शांति,ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31. लाख,गोंद-2
33. मधुक,महुआ-3
35. हृदयगति,स्पंदन-4
36. अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख,पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5. वियोग,जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता,अकेलापन-4
10. मरियल,निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म,गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम,नमस्कार-3
32. लड़ी,श्रृंखला-2
34. दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली- 6070 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | ज | ली | घ | र | | मा | न | सि | क |
| दि | ल | | ड | | ख | न | न | | ना | रा |
| ल | | धा | र | दा | र | | क | ली | | मा |
| दु | ला | रा | | | खा | स | | ख | प | त |
| ख | | धा | | ना | व | | ग | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | च | म | क | दा | र |
| | यू | | त | | स | र | | ट | | वा |
| ह | र | म | | शा | म | | | पी | स | ना |
| ड़ | | य | श | | का | रा | वा | स | | हो |
| ता | न | | प | ग | ली | | न | | म | ना |
| ल | थ | प | थ | | न | ग | र | व | धु | |

## सूडोकु नवताल - 6081

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6080 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

खबर संक्षेप

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने की कर्ज पर ब्याज में कमी

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज पर ब्याज की अपनी मुख्य दर 0.25 प्रतिशत कम कर दी है। सार्वजनिक क्षेत्र का यह बैंकिंग प्रतिष्ठान रिजर्व बैंक की रेपो दर में इसी स्तर की कमी के बाद कर्ज सस्ता करने की घोषणा करने वाले पहले प्रमुख बैंकों में शामिल हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत रेपो दर कम करने के बाद देश के बड़े सार्वजनिक बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने बड़ौदा रेपो-सम्बद्ध ऋण की ब्याज दर (बीआरएलएलआर) में 25 आधार अंक (0.25 प्रतिशत) की कटौती की है।

## पटेल रिटेल ने 48वें स्टोर की शुरुआत की

**मुंबई।** पटेल रिटेल लिमिटेड ने अपने 48वें पटेल्स आर मार्ट स्टोर के शुभारंभ की घोषणा की है। यह स्टोर सर्वे नंबर 33/1/बी, हिमालय सीएचएस बिल्डिंग के पास, लोढ़ा हेवन, निलजे स्टेशन रोड, निलजे, डोंबिवली में स्थित है। धनजी पटेल, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, पटेल रिटेल लिमिटेड ने कहाकि 48वें स्टोर का उद्घाटन विकास को गति देने, संगठित रिटेल पहुंचाने की दृष्टि को दर्शाता है। कंपनी आवश्यक वस्तुएं, दैनिक उपयोग की सामग्री और घरेलू उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए अपने नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रही है।

## अमेजन विंटर वेलनेस में 40 फीसदी तक की बचत

**बेंगलुरु।** सर्दी के मौसम पर अमेजन के एवरीडे एसेंशियल्स ने हेल्थ एंड पर्सनल केयर, गॉरमेट ग्रोसरी, बेबी केयर और पेटकेयर जैसी कैटेगरीज में जरूरी उत्पादों का कलेक्शन पेश किया है, जिससे ग्राहक अब नए स्पेशल स्टोरफ्रंट, बेबी गिफ्टिंग और प्रीमियम बेबी केयर के साथ-साथ इम्युनिटी एसेंशियल्स, रेस्पिरेटरी केयर और किड्स विंटर हेल्थ जैसे क्यूरेटेड कलेक्शन भी देख सकते हैं। तेज और भरोसेमंद डिलीवरी के साथ विंटर एसेंशियल्स की खरीदारी अब और भी सुविधाजनक हो गई है।

## एचसीएमसीटी ने दी महिला को नई जिंदगी

**नई दिल्ली।** एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने हरियाणा की एक 54 वर्षीय महिला का हार्ट ट्रांसप्लांट कर उन्हें एक नई जिंदगी प्रदान की है। महिला के हृदय ने काम करना बंद कर दिया था। वह सालों से कार्डियेक डिस्फंक्शन के कारण जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रही थीं। डॉ. युगल किशोर मिश्रा, चेयरमैन मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियेक साईंसेज़ एवं चीफ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन, द्वारका और उनकी टीम ने हार्ट ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी की। डोनर हार्ट को सुरक्षित रूप से द्वारका पहुंचाने के लिए एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

# ऋषियों की इस वैलनेस विधा को पूरे विश्व के लगभग 200 देशों में पहुंचाना है जिसका एंट्री प्वाइंट रूस ही होगा: पतंजलि

जीवनशैली में परिवर्तित करेंगे और निरोगी बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पतंजलि समूह तथा रूस सरकार के मध्य दिल्ली में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए जिसमें पतंजलि समूह की ओर से स्वामी रामदेव तथा मॉस्को सरकार (रूस) की ओर से भारत-रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूस के वाणिज्य मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि यह एमओयू स्वास्थ्य एवं वेलनेस का संवर्धन, स्वास्थ्य पर्यटन, कुशल मानव संसाधन का आदान-प्रदान तथा अनुसंधान आदि विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि रूस में योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को लोग पसंद करते हैं तथा इनका अनुसरण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम हमें ऋषियों की इस वैलनेस विधा को पूरे विश्व के लगभग 200 देशों में पहुंचाना है जिसका एंट्री प्वाइंट रूस ही होगा।

**पतंजलि योगपीठ और रूस सरकार के मध्य ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर**



समझौते की प्रति दिखाते हुए

### पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे: चेरेमिन

भारत में लोग रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को एक सशक्त ग्लोबल लीडर के तौर पर पहचानते हैं। उनके शौर्य, वीरता व पराक्रम से पूरा विश्व परिचित है। आध्यात्मिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से भारत व रशिया एक दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे। इस अवसर पर सर्गेई चेरेमिन ने कहा कि हम पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लेकर हम रूस के लोगों की जीवनशैली परिवर्तित करेंगे और उन्हें निरोगी बनाएंगे।

### विश्वस्तरीय पतंजलि ब्रांड को रशिया लेकर जाएंगे

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 2 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाला पतंजलि ही एकमात्र प्राइवेट पार्टनर रहा है। हम रूस को कुशल योगी व कुशल श्रमिक उपलब्ध कराएंगे। साथ ही इस एमओयू के तहत भारत के उच्च स्तरीय ब्रांड्स को रूस में तथा रूसी ब्रांड्स को भारत में प्रोमोट करना है। हम विश्वस्तरीय पतंजलि ब्रांड को रशिया लेकर जाएंगे, जिससे पतंजलि के गुणवत्तायुक्त उत्पादों का लाभ रूस के नागरिकों को भी मिलेगा। स्वामी ने कहा कि भारत और रूस मित्र देश हैं। भारत का रूस से भावनात्मक जुड़ाव आजादी से पहले भी था और आज भी है।

### *हम रूस के साथ मिलकर उम्र को रिवर्स करने, दीर्घायु प्राप्त करने पर गहन अनुसंधान करेंगे : रामदेव*

*इस एमओयू के पहला महत्वपूर्ण बिन्दु रूस में पतंजलि की वैलनेस सेवाओं का विस्तार करना है। हम रूस के साथ मिलकर उम्र को रिवर्स करने, दीर्घायु प्राप्त करने पर गहन अनुसंधान करेंगे , जिससे गंभीर रोगों का मानव शरीर में आने से वर्षों पहले ही पता किया जा सकेगा। इसका दूसरा बिंदू भारत के आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कृति, योग, आयुर्वेद तथा भारत की अमूल्य धरोहरों से संबंधित ज्ञान को रूस के साथ साझा करना है। इसके लिए हम भारत की संस्कृति तथा ऋषियों की धरोहर को रूस लेकर जाएंगे। एमओयू का तीसरा बिन्दु रूस को भारत के द्वारा स्किल्ड लेबर व कुशल योगी उपलब्ध कराना है।*

# आधुनिक और भारतीय शिक्षा के समन्वय का मार्ग प्रशस्त करेगा भारतीय शिक्षा बोर्ड : डॉ. एनपी सिंह

स्वदेशी शिक्षा पद्धति को पुनर्जीवित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा का समन्वय स्थापित करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रयागराज

एएमए कन्वेंशन सेंटर प्रयागराज में आयोजित संगोष्ठी में भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना का उद्देश्य स्वदेशी शिक्षा पद्धति को पुनर्जीवित करते हुए आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा का समन्वय स्थापित करना है।

उन्होंने कहा कि आज देश को ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो विद्यार्थियों में आत्मगौरव, भारतीयता, नैतिकता, नेतृत्व क्षमता और वैश्विक दृष्टि दोनों का विकास कर सके। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखकर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन किया गया है, जिसे राष्ट्रीय और राज्य बोर्डों के समकक्ष मान्यता प्राप्त है। डॉ. सिंह ने बताया कि बोर्ड के पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, गीता, जैन और बौद्ध दर्शन, भारतीय शूरवीरों की कथाएँ, संवैधानिक



मूल्य, गुरुकुल परंपरा और आधुनिक विज्ञान-प्रौद्योगिकी को संतुलित रूप से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को कहानियों और कविताओं के माध्यम से भारतीय दर्शनों से परिचित कराने तथा उच्च कक्षाओं में इन विषयों का विस्तृत अध्ययन कराने की व्यवस्था की गई है। पाठ्यक्रम में भारत के लगभग 120 महान नायकों की जीवनगाथाओं को भी शामिल किया गया है। बोर्ड का पाठ्यक्रम यूपीएससी , जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप भी विकसित किया गया है। यह बोर्ड सीबीएसई के समकक्ष है, यह कक्षा 9 से 12 तक की स्कूलों को मान्यता देती है । कक्षा 1 से 8 तक के मान्यता प्राप्त विद्यालय भारतीय शिक्षा बोर्ड से मान्यता ले सकते हैं । विशिष्ट अतिथियों में संयुक्त शिक्षा निदेशक राम नारायण विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संयुक्त कुल सचिव मेजर डॉ. हर्ष कुमार उपस्थित रहे। भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी भगवान सिंह भी कार्यक्रम में सहभाग रहे। कार्यक्रम का संचालन बृज मोहन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय शिक्षा बोर्ड के मंडल समन्वयक राजन विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह, आर्यन साहू, शुभम प्रयागराज एवं कौशाम्बी जनपदों के सैकड़ों विद्यालयों के प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### वीआईटी के उपाध्यक्ष ने की उच्च शिक्षा मंत्री से भेंट



**भोपाल।** वीआईटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन ने भोपाल दौरे के दौरान भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से एक शिष्टाचार मुलाकात की।

## एम्स भोपाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बैद्यनाथ रहा हेल्थ पार्टनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे सुप्रसिद्ध गायक मोहित चौहान ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेदिक दवाओं की दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी बैद्यनाथ प्रा. लि. हेल्थ पार्टनर थी, जो 100 से भी अधिक वर्षो से अपनी स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर प्रदान कर रहे है। कार्यक्रम में आये हुए लोगों को बैद्यनाथ च्यवनप्राश का स्वाद चखाया गया तथा इसके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, मोहित चौहान और उनकी टीम को बैद्यनाथ की ओर से विशेष इम्युनिटी किट भेंट की गई। कार्यक्रम में बैद्यनाथ प्रा. लि. के मार्केटिंग विभाग के सीनियर मैनेजर डॉ. अर्चित कुमरवार ने आयुर्वेद एवं आयुर्वेदिक दवाओं के महत्त्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगो को समझाया की आयुर्वेद आपकी जीवनशैली और स्वास्थ्य को किस तरह से बेहतर करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहें, ताकि लोग मनोरंजन के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य व आयुर्वेद के प्रति जागरूक होते रहें।



च्यवनप्राश

# दिसंबर के पहले सप्ताह में विदेशियों ने निकाले 12,055 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने दिसंबर के पहले सप्ताह में भारतीय पूंजी बाजार से 12,055 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने बाजार में 4,113 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। दिसंबर में अब तक इक्विटी में एफपीआई ने 11,820 करोड़ रुपए की बिकवाली की है। उन्होंने 531 करोड़ रुपए के डेट बेचे हैं। वहीं म्यूचुअल फंड में उन्होंने 272 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है।

जिओजीत इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने बताया कि दिसंबर के पहले सप्ताह में सभी पांच दिन विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल रहे। हालांकि उनकी बिक्री बाजार पर प्रभाव नहीं छोड़ पाई, क्योंकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 19,783 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है।

**अब तक इक्विटी में एफपीआई ने 11,820 करोड़ रुपए की बिकवाली की**



फाइल फोटो

### डॉलर के मुकाबले रुपए में तेज गिरावट के कारण बिकवाली

उन्होंने बताया कि विदेशी संस्थागत निवेशक डॉलर के मुकाबले रुपए में तेज गिरावट के कारण बिकवाली कर रहे हैं जो सामान्य बात है। वहीं सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित घरेलू निवेशक लिवाली कर रहे हैं। विजयकुमार ने कहा कि आने वाले समय में बाजार में तेज उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है। मौजूदा कैलेंडर वर्ष में एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 57,306 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की है। इस दौरान उन्होंने 1,49,313 करोड़ रुपए की इक्विटी की शुद्ध बिकवाली की है। वहीं, डेट और म्यूचुअल फंड में उनका निवेश सकारात्मक रहा है।

# *अप्रैल से अब तक सोनालीका ने की 1,26,162 ट्रैक्टरों की रिकार्ड बिक्री*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल-नवंबर 2025 में 1,26,162 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ अब तक की सर्वाधिक बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। बेहतर दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसान तेजी से बड़े हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों पर निर्भर हो रहे हैं और सोनालीका का मजबूत प्रदर्शन भारत में पारंपरिक खेती से तकनीक-आधारित कृषि की ओर तेजी से बढ़ते बदलाव का संकेत देता है। नए रिकॉर्ड प्रदर्शन पर रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहाकि कृषि का भविष्य उन सभी का


फाइल फोटो

है जो उद्देश्यपूर्ण इनोवेशन करते हैं और हम स्मार्ट कृषि समाधान विकसित करने और निरंतर निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं। अप्रैल-नवंबर 2025 में हमारी 1,26,162 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक ट्रैक्टर बिक्री है।

## सोलिस ने भारत में लांच किया 'जेपी 975 ट्रैक्टर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोलिस ने भारत में नया जेपी 975 ट्रैक्टर लांच किया है, जो 48-50 एचपी रेंज में आता है और उन्नत जेपी - टेक 4-सिलेंडर इंजन, ज्यादा टॉर्क और भारत के पहले 15 फॉरवर्ड प्लस 5 रिवर्स एपिसाइक्लिक ट्रांसमिशन के साथ आता है। यह पूरी तरह से नए तकनीकी प्लेटफॉर्म पर विकसित जेपी 975 प्रगतिशील भारतीय किसानों के लिए उच्च प्रदर्शन, एप्लीकेशन अनुसार बने ट्रैक्टरों के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। नए सोलिस जेपी 975 में उन्नत जेपी टेक, 4-सिलेंडर इंजन है, जो कड़ी परिस्थिति में ज़बरदस्त प्रदर्शन के लिए 10 फीसदी तक ज़्यादा टॉर्क (205 एनएम) प्रदान करता है। इस सेगमेंट में भारत का पहला 15एफ प्लस 5 आर एपिसाइक्लिक ट्रांसमिशन, साथ ही सुचारु संचालन के लिए साइड-शिफ्ट गियर हैं और हर प्रमुख एप्लीकेशन के लिए उपयुक्त न्यूनतम 5 स्पीड विकल्प भी। कंपनी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, रमन मित्तल ने कहाकि उन्नत सोलिस जेपी 975 भारतीय किसानों तक अगली पीढ़ी की ट्रैक्टर तकनीक पहुंचाने के हमारे मिशन में एक ऐतिहासिक कदम है।



बिजनेस न्यूज

### कॅरियर कॉलेज के नर्सिंग विद्यार्थियों ने तैयार किया 'प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट युक्त' भोजन



**भोपाल।** कॅरियर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रैक्टिकल सेशन के अंतर्गत नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए लर्निंग हेल्थ कुकिंग फॉर बेटर पेशेंट केयर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तरह के मरीजों के लिए किस तरह का आहार होना चाहिए बताते हुए अलग-अलग तरह के व्यंजन तैयार किए गए। इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रोफेसर सोनी टोपो मैडम ने विद्यार्थियों को बताया कि किस पेशेंट के भोजन में कितनी कैलोरी कितना वसा और प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट होना चाहिए। नर्सिंग ट्यूटर सुश्री प्रिया गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर विभाग की अप्सरा कौसर हाशिम अली हमीदा कुरैशी उपस्थित रहे।

### सेंट जॉर्ज इंटरनेशनल स्कूल में 'प्रयास-25' बड़े उत्साह और उमंग से मना



**भोपाल।** दीवानगंज स्थित सेंट जॉर्ज इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस 'प्रयास-25' बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक सांची डॉ. प्रभुराम चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि दिपेश कुमार डिप्टी जनरल मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की। एनसीसी के विद्यार्थियों ने अनुशासन और तालमेल से परेड एवं बैंड का बेहतरीन प्रदर्शन किया। खेल दिवस के दौरान विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, भाला फेंक, गोला फेंक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में रायसेन स्थित नवीन स्कूल सेंट जॉर्ज किड्स के बच्चों ने भी भाग लिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा मैडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.प्रभुराम चौधरी ने वार्षिक खेल दिवस 'प्रयास-25' के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए विद्यार्थियों को जीवन में खेलों के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम में चेयरपरसन डोना थॉमस, डायरेक्टर अरूण थॉमस, एश्लिन थॉमस, एस.जीआईपी प्राचार्य डॉ.आशिष आचार्य, प्राचार्य लालजी.एन. विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य राजेश नायर द्वारा आभार किया।

### एडवेन बायोटेक को मिला आयुष प्रीमियम सर्टिफिकेशन




**भोपाल।** प्राकृतिक और एकीकृत स्वास्थ्य सेवा में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाते हुए, एडवेन बायोटेक आधिकारिक तौर पर प्रतिष्ठित आयुष प्रीमियम सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाला भारत का पहला होम्योपैथिक ब्रांड बन गया है। यह एक ऐसी मान्यता है जो कंपनी को विश्व स्तरीय होम्योपैथिक निर्माण में अग्रणी बनाती है। आयुष मंत्रालय ने आयुष एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल (आयुष एक्सिल) के साथ साझेदारी में आयुष उत्पादों और सेवाओं के लिए गुणवत्ता की एक विश्व स्तर पर विश्वसनीय मुहर स्थापित करने के लिए आयुष गुणवत्ता चिह्न कार्यक्रम शुरू किया है। एडवेन बायोटेक के सीईओ, आदेश शर्मा ने कहाकि आयुष प्रीमियम सर्टिफिकेशन प्राप्त करना, उपभोक्ताओं को सुलभ और किफायती मूल्य पर विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली होम्योपैथिक दवाएँ उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता की एक सशक्त पुष्टि है।

### छात्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बदली टेनिस कोचिंग की तस्वीर




**मुंबई।** भारत में टेनिस प्रशिक्षण अब और सुलभ हो सकता है और इसका श्रेय दो युवा खिलाड़ियों के प्रयास को जाता है। इन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके बड़े शहरों के बाहर मौजूद कोचिंग की कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। औरंगाबाद के आदिश शेल्के और मुंबई की भाग्यश्री मीणा दोनों 21 वर्ष के टेनिस खिलाड़ी और आईआईआईटी पुणे के कंप्यूटर साइंस के छात्र हैं। उनके इस नवाचार को सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो कार्यक्रम के तहत सोशल चेंज थ्रू स्पोर्ट एंड टेक्नोलॉजी श्रेणी में पुरस्कार मिला है।

### कोटक प्राइवेट ने लांच किया लग्जरी इंडेक्स का पहला इंडीकेटर

**मुंबई।** कोटक प्राइवेट बैंकिंग ने कोटक प्राइवेट लग्जरी इंडेक्स (केएपीएलआई) लांच किया है, जो 12 श्रेणियों के लग्जरी उत्पादों और अनुभवों में मूल्य बदलाव का एक अनोखा इंडीकेटर है। कोटक प्राइवेट बैंकिंग ने इस इंडेक्स को प्रकाशित करने के लिए अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी (ईवाई) को कमीशन किया है। यह इंडेक्स भारत के अत्यधिक अमीर लोग (यूएचएनआई) द्वारा लग्ज़री के अर्थ को कैसे नया रूप दे रहे हैं, इसका डेटा-समर्थित दृष्टिकोण प्रदान करता है। जैसे-जैसे भारत का लग्ज़री बाजार 2030 तक अनुमानित 85 अरब डॉलर की ओर बढ़ रहा है। ओइशर्या दास, सीईओ, कोटक प्राइवेट बैंकिंग ने कहाकि कोटक प्राइवेट में लग्जरी केवल पजेशन की बात नहीं है, बल्कि भारत के समझदार अल्ट्रा-एचएनआई समुदाय के लिए पर्सनलाइजेशन, विशेषता, शिल्पकला और विरासत की बात है। हमारी वित्तीय विशेषज्ञता की विरासत और वेल्थ डायनैमिक्स में गहन जानकारी का लाभ उठाते हुए।

### महीनेभर में 45,911 सौर कृषि पंप स्थापित कर बनाया महाराष्ट्र ने विश्व रिकॉर्ड





**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने मात्र 30 दिनों में 45,911 ऑफ-ग्रिड सौर कृषि पंपों की सफल स्थापना कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस ऐतिहासिक पहल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। यह सफलता भारत में स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने, किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने तथा पीएम कुसुम (घटक–बी) एवं 'मागेल त्याला सौर कृषी पंप योजना' (एमटीएसकेपीवाय ) के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से टिकाऊ सिंचाई को बढ़ावा देने के प्रति महावितरण (एमएसईडीसीएल) की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### सैमसंग 4 जनवरी को करेगा आईएसटी 'द फर्स्ट लुक' का आयोजन

**मुंबई।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 4 जनवरी को विन लास वेगास के लटूर बॉलरूम में शाम 7 बजे पीएसटी 5 जनवरी को सुबह 8:30 बजे आईएसटी 'द फर्स्ट लुक' का आयोजन करेगा। यह इवेंट दुनिया के सबसे बड़े आईटी और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो सीईएस 2026 के उद्घाटन से दो दिन पहले होगा। डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन के सीईओ और प्रमुख टीएम रोह 'द फर्स्ट लुक' के मुख्य वक्ता होंगे। यह इवेंट सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के आधिकारिक यूट्यूब चैनल, सैमसंग न्यूज़रूम पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

## सैमसंग का नया गैलेक्सी टैब ए11 लांच

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने भारतीय बाजार में नया गैलेक्सी टैब ए11 लांच किया। यह टैबलेट उपयोगकर्ताओं को मनोरंजन, परफॉर्मेंस और उत्पादकता का संतुलित अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। गैलेक्सी टैब ए11 प्लस 19,999 रुपए की कीमत पर उपलब्ध होगा है। यह अमेजन, सैमसंग डॉट कॉम और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर मिलेगा। गैलेक्सी टैब ए11 में 8.7 इंच का डिस्प्ले दिया गया है, जो 90एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ आता है। इससे वेब ब्राउजिंग, सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग और भी स्मूथ और आकर्षक बन जाते हैं। यह टैबलेट 6एनएम आधारित ऑक्टा-कोर प्रोसेसर से सुसज्जित है, जो तेज़ एवं ऊर्जा-कुशल प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। वीडियो कॉल और ऑनलाइन मीटिंग्स के लिए गैलेक्सी टैब ए11 में 5एमप फ्रंट कैमरा दिया गया है, जो साफ और बेहतर क्वॉलिटी प्रदान करता है।




**कार्यालय कार्यपालन यंत्री गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल**
**श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462002**
**ई-मेल: eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक 0755-2661511**

क्रमांक : 25 /तक/का.यं/लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ. खंड/भोपाल 2025-26 दिनांक : 02.12.2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से प्रतिशत दर पर अपेंडिक्स 2.1 पर मध्यप्रदेश परिवाहन कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से 'कार्यालय कार्यपालन यंत्री, गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खण्ड भोपाल के अंतर्गत शासकीय कार्यो हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.12.2025 से दिनांक 17.12.2025 को 17:30 बजे तक क्रय किये जाकर दिनांक 17.12.2025 को 17:30 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है। लिफाफा 'ए' दिनांक 18.12.2025 को 17:30 बजे खोली जावेगी। बेवसाईट www.mptenders.gov.in (E-Tender No. 2025_PHED_465705_1, PHED Date 02.12.2025)

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय कार्यपालन यंत्री गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खण्ड भोपाल के अंतर्गत शासकीय कार्यो हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य | रु. 285704.00 (रु. दो लाख पचासी हजार सात सौ चार मात्र) | रु. 5714.00 (रु. पांच हजार सात सौ चौदह मात्र) | रु. 2000.00 (रु. दो हजार मात्र) | 365 दिवस |

- विस्तृत शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।
- मुख्य तिथियाँ
  - क्रय करने की तिथि 02.12.2025 से 17.12.2025 बजे तक
  - जमा करने की अंतिम तिथि 17.12.2025 से 17:30 बजे तक
  - लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि 18.12.2025 से 17:30 बजे तक

जी - 22345/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यपालन यंत्री**
**गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल**

## चिंतन

# इंडिगो अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाए

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस को एक बड़े परिचालन संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण उसकी हजारों उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। लाखों यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पायलटों और क्रू की कमी, नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों का प्रभाव, और तकनीकी खामियां बताई जा रही हैं। एफडीटीएल नियमों के तहत पायलटों के उड़ान घंटों में कटौती और विश्राम अवधि में वृद्धि की गई है, जिससे इंडिगो को अचानक क्रू की कमी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, एयरलाइन की नियोजन और मानव संसाधन प्रबंधन में कमियों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। फिलहाल डीजीसीए ने जांच शुरू की है और एयरलाइन को सुधारात्मक उपाय प्रस्तुत करने को कहा है। वहीं, एफडीटीएल नियमों में अस्थायी छूट भी दी है, ताकि एयरलाइन क्रू की कमी को दूर कर सके। सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए एयरलाइन को तत्काल रिफंड जारी करने, फेयर कैप लगाने और यात्रियों को राहत देने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद हजारों यात्री रोजाना परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस केंद्रीय विमानन मंत्रालय ने बताया कि रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ रुपये का रिफंड कर दिया है। साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3,000 से ज्यादा बैगेज भी लौटा दिए हैं। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट पूरी क्षमता के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो का यह संकट न केवल एक एयरलाइन की विफलता है, बल्कि यह नियामकीय ढांचे और मानव संसाधन प्रबंधन की कमियों को भी उजागर करता है। सरकार और नियामक संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और यात्रियों के अधिकारों की रक्षा हो सके। साथ ही, इंडिगो को अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाना होगा और क्रू की कमी को तत्काल दूर करना होगा। पिछले करीब छह दिनों से चल रही इस हड़ताल के कारण हजारों यात्री फंसे, उड़ानें रद्द होने से यात्रा योजनाएं बिगड़ीं और कई को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सोशल मीडिया पर यात्रियों की नाराजगी और सरकार से कार्रवाई की मांग उठी। इंडिगो के सामने आने वाली मुश्किलें केवल उसके परिचालन हिस्से तक सीमित नहीं हैं। यह कहीं गहरे जाकर उस संरचना से टकराती हैं, जिस पर पूरा विमानन उद्योग टिके होने का दावा करता है। भारत जैसा तेजी से विकसित होता बाजार लगातार नए यात्रियों को जोड़ रहा है, लेकिन उस गति से एयरलाइन कंपनियों, हवाई अड्डों, तकनीकी प्रणालियों और मानव संसाधनों ने खुद को तैयार नहीं किया। परिणामस्वरूप, जैसे-जैसे उड़ानों का दायरा बढ़ा, वैसे-वैसे हर छोटे व्यवधान का असर बड़ा और व्यापक होता गया। इंडिगो के मामले में यह असर सबसे ज्यादा दिखाई दिया क्योंकि उसके बेड़े और नेटवर्क का आकार बाकी एयरलाइनों की तुलना में कहीं विशाल है। छोटे व्यवधान भी बड़े पैमाने पर यात्रियों को प्रभावित करते हैं। इंडिगो का संकट हमें याद दिलाता है कि विमानन सिर्फ आसमान में उड़ने की कहानी नहीं, बल्कि ज़मीन पर की गई सूझबूझ भरी तैयारियों का परिणाम है। यह क्षण इंडिगो के लिए चेतावनी भी है और सुधार का अवसर भी और उद्योग के लिए भविष्य की दिशा तय करने का समय भी है।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# चुनौतियों के बावजूद विकास दर बढ़ी

**भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।**

हाल ही में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।

गौरतलब है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती से उपभोग और घरेलू खपत में जोरदार इजाफा होने से विकास दर बढ़ी है। जहां भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप के टैरिफ का प्रतिकूल असर झेल गई, वहीं निर्यात, पूंजीगत निवेश और निवेश रुझान पर प्रतिकूल असर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ी है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं से निर्मित हो रही चुनौतियों से निपटने की स्थिति में है। निश्चित रूप से जब दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है, वहीं भारत में महंगाई में तेज कमी भारत की एक बड़ी आर्थिक ताकत बन गई है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां अक्टूबर 2025 में खुदरा महंगाई घटकर पिछले 10 साल के न्यूनतम स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई, वहीं थोक महंगाई 27 महीने के निचले स्तर शून्य से 1.21 प्रतिशत नीचे रही है। महंगाई में यह ऐतिहासिक कमी प्रमुखतया सब्जियां, फल, अंडे, फुटवियर, अनाज व उससे बने उत्पाद, बिजली, परिवहन और संचार आदि मदों की महंगाई में गिरावट के कारण हुई है। महंगाई में आई गिरावट के पीछे विगत 22 सितंबर से लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार की भी अहम भूमिका है। जीएसटी दरों में की गई कमी से खाने-पीने की सभी वस्तुएं सस्ती हुई हैं। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2025 में शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 17 फीसदी सस्ती होकर 27.8 रुपये और मांसाहारी थाली 12 फीसदी सस्ती होकर 54.4 रुपये के मूल्य स्तर पर पाई गई। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। अनुमान है कि इस वित्त वर्ष 2025-26 में औसतन खुदरा महंगाई दर 2.5 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम होगी। निस्संदेह भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के मद्देनजर महंगाई घटने और जीएसटी सुधार के साथ-साथ कुछ और आर्थिक अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे



रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त से अक्टूबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। इन सबके साथ-साथ विभिन्न देशों के साथ तेजी से आकार लेते हुए दिखाई दे रहे भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के निर्यात के मद्देनजर मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, 21 नवंबर से देश में लागू नए श्रम कानून देश के आर्थिक विकास में नई प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह आर्थिकी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि यद्यपि चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, लेकिन इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है। लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। इसी प्रकार विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। जीएसटी के बाद अब ऊंची आर्थिक विकास दर के मद्देनजर नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। इन सुधारों के तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं। साथ ही देश को कृषि, बैंकिंग, बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ना होगा।

*(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।




बोधि दिवस
श्वेता गोयल

# हजारों वर्षों बाद भी प्रासंगिक हैं गौतम बुद्ध की शिक्षाएं

हर साल 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है, यह दिन राजकुमार सिद्धार्थ गौतम को परम ज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में समर्पित है, जिसके बाद वे गौतम बुद्ध या जागृत व्यक्ति के रूप में जाने गए। दुनियाभर में यह पवित्र दिन विभिन्न नामों से मनाया जाता है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्म-ज्ञान और मानवीय करुणा का प्रतीक है, जो हमें जीवन के सार को समझने के लिए प्रेरित करता है। गौतम बुद्ध का जीवन एक असाधारण आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल) में 562 ईसा पूर्व में जन्म लेने वाले सिद्धार्थ गौतम राजा शुद्धोधन के पुत्र थे, जो शाक्य वंश के वंशज थे। वे राजकीय सुख-सुविधाओं में पले-बढ़े थे लेकिन 29 वर्ष की आयु में उनकी सोच पूरी तरह बदल गई। एक बार राज्य भ्रमण के दौरान जब सिद्धार्थ ने आसपास की गरीबी, बीमारी और कष्ट को देखा, तो उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजसी जीवन उनके लिए अर्थहीन हो गया और उन्होंने सत्य की खोज के लिए सभी सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। एक रात चुपचाप राजमहल को छोड़कर सिद्धार्थ गौतम अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़े। अगले छह वर्षों में सिद्धार्थ ने कठोर तपस्या की और गहन आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन किया लेकिन सच्चा ज्ञान उन्हें तब मिला, जब वह बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान में बैठे। यह वह क्षण था, जब सिद्धार्थ गौतम को अपने भीतर और ब्रह्मांड के रहस्यों का ज्ञान प्राप्त हुआ और वे 'बुद्ध' अर्थात प्रबुद्ध या जागृत व्यक्ति बन गए। 'बुद्ध' शब्द संस्कृत में एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो अपने आत्मबोध और अध्यात्मिक चेतना तक पहुंच गया हो। यह घटना करीब 2,500 वर्ष पहले घटी थी और इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है। बोधि दिवस की मनाई जाने वाली परंपराएं और इसका सांस्कृतिक महत्व सारी दुनिया में समान हैं। इस दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी गहन ध्यान करते हैं, बौद्ध ग्रंथों का जाप और अध्ययन करते हैं और महात्मा बुद्ध की पूजा करते हैं। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह एक सामूहिक मंच प्रदान करता है, जहां लोग सामान्य भलाई के लिए काम करने के लिए एकजुट होते हैं। इस दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और दूसरों के कल्याण के लिए अच्छे कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी आपस में जुड़े हुए हैं और हमारे कार्यों का प्रभाव समाज के प्रत्येक सदस्य पर पड़ता है। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एक सार्वभौमिक धर्म की स्थापना की, जो आयु, जाति, राष्ट्रीयता, पेशे, लिंग और अन्य सभी सामाजिक बाधाओं से परे है। उनका दर्शन यह है कि आत्मज्ञान और मुक्ति का मार्ग सभी के लिए खुला है, चाहे वह कोई भी हो। बुद्ध ने मनुष्य को नैतिकता, ध्यान और ज्ञान के अभ्यास के माध्यम से आत्मज्ञान का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षा का केंद्र बिंदु मध्यम मार्ग है, जो अत्यधिक तपस्या और इंद्रिय भोग दोनों से बचता है। यह मार्ग सीधे निर्वाण की ओर ले जाता है, जो अज्ञानता, तृष्णा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति है। बुद्ध ने अपनी शिक्षा का सारांश आर्य अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दिया है, जिसमें सही दृष्टिकोण, सही संकल्प, सही भाषण, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही सचेतनता और सम्यक समाधि शामिल हैं। ये आठ सिद्धांत मन के प्रशिक्षण की एक व्यापक विधि प्रदान करते हैं। हजारों वर्षों बाद भी गौतम बुद्ध के उद्धरण और शिक्षाएं आज के मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। बुद्ध ने कहा है, 'अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।' यह उद्धरण हमें सिखाता है कि आज का क्षण ही सबसे महत्वपूर्ण है और हमें वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बुद्ध ने कहा है, 'हर सुबह हम नया जन्म लेते हैं। आज हम जो करते हैं, वही सबसे ज्यादा मायने रखता है।' यह विचार हमें प्रत्येक दिन को एक नई शुरुआत के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है और हमारे कार्यों के महत्व को स्पष्ट करता है। क्रोध और नकारात्मक भावनाओं से निपटने के बारे में बुद्ध का दर्शन विशेष रूप से मूल्यवान है। उन्होंने कहा है, 'आपको अपने क्रोध के लिए दंडित नहीं किया जाएगा, आपको अपने क्रोध द्वारा दंडित किया जाएगा।' बोधि दिवस हमें संदेश देता है कि हम सभी अपनी परिस्थितियों से परे जा सकते हैं, आत्मज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और एक अर्थपूर्ण जीवन जी सकते हैं।

*(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# शिव कोई नाम नहीं



संकलित
दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## सटाका




## आज की पाती

### कैसे रुकेगी रुपए की गिरती कीमत

बीते बुधवार को हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था के क्षेत्र के लिए एक चिंता भरी खबर सामने आई, खबर यह थी कि हमारे देश के रुपए की कीमत में भारी गिरावट आई अर्थात यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग नब्बे के नीचे आ गया। हालांकि सरकार और आरबीआई इससे निपटने के लिए काम कर सकते हैं। लेकिन फिर भी यह देश के लिए चिंता की बात है। यह देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि रोजगार और महंगाई के लिए भी टेंशन बढ़ाने वाली है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हमारे देश के रुपए के गिरने का सिलसिला मोदी सरकार में ही नहीं, बल्कि जाने माने अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के राज में भी था। इस दिशा में ठोस समाधान तलाशने की जरूरत है। – *रमेश वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ



आज जब भारत की ग्रोथ तेज है, तब इसे कोई हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नहीं कहता। ये गुलामी की मानसिकता का प्रतिबिंब ही था कि कभी भारत की कमजोर इकोनॉमिक ग्रोथ को हमारी आस्था तक से जोड़ा गया, फिर भी तथाकथित बुद्धिजीवियों को उसमें सांप्रदायिकता नजर नहीं आई।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रदूषण नियंत्रण



दिल्ली में ऐसा पहली बार हो रहा है कि सैकड़ों स्प्रिंकलर गाड़ियां राजधानी के रिंग रोड की वाशिंग कर रही हैं। हम सबका मिशन एक है-प्रदूषण नियंत्रण। हमारी सरकार हर स्तर पर प्रदूषण के विरुद्ध निर्णायक युद्ध के लिए पूरी तरह सजग है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### गोवा आग हादसा



गोवा के अरपोरा में हुए भीषण आग हादसे में कई व्यक्तियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### विनम्र व्यवहार करें




फ्लाइट में देरी होना निराशाजनक होता है, लेकिन उन चेहरों को याद रखें जो इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया इंडिगो के कर्मचारियों के साथ अच्छा और विनम्र व्यवहार करें; रद्दीकरण का बोझ भी उन्हें ही उठाना पड़ता है।

**- सोनू सूद, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# चीनी विमान ने जापानी लड़ाकू विमान पर रडार किया लॉक



चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। 'रडार लॉक' का मतलब होता है- किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो बार अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में लगभग तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया। मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर 'रडार लॉक' किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ प्रतिक्रिया दी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि 'रडार लॉक' करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है, क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# किसान की हत्या का मामलाः जमीन और अनैतिक संबंध दोनों पहलुओं पर हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पिपलिया कदीर में बुधवार रात करीब 11 बजे दलान में सो रहे किसान की हत्या करने वाला हत्यारा अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। हालांकि पुलिस ने संदेही को हिरासत में लिया है। पुलिस की अब तक की जांच में हत्या की दो प्रमुख वजह निकलकर सामने आई है। या तो हत्या जमीनी विवाद में की गई या फिर अनैतिक संबंधों के चलते हत्या हुई है।

पुलिस दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। दुष्कर्म के मामले में विदिशा जेल में विचाराधीन किसान के बेटे की शनिवार को जमानत हो गई है। पुलिस ने उसे भी पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। जेल में रहने के कारण वह पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सका।

**खास बातें**

- करीबी पर हत्या की आशंका
- जमानत पर आए बेटे से भी पुलिस ने की पूछताछ
- पुलिस का दावा- जल्द हो सकता है खुलासा

### हत्या में कुल्हाड़ी जैसे हथियार के इस्तेमाल की आशंका

पुलिस के अनुसार बाबूलाल लोधी (55) ग्राम पिपललिया कदीर में रहते थे और खेती किसानी करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटियां और एक बेटा है। वे चारों बेटियों की शादी कर चुके हैं। बेटियां अपने परिवार में रहती हैं। घर में बाबूलाल उनकी पत्नी सहित सास रहती हैं, जबकि बेटा दुष्कर्म के मामले में विदिशा जेल में बंद था। उनकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात खाना खाने के बाद वह मां के साथ अंदर कमरे में सो रही थी। बाबूलाल दहलान में खाट बिछाकर सो रहे थे। रात करीब 11 बजे उन्हें चीख सुनाई दी। वह मां को लेकर दहलान में पहुंची। इस दौरान बाबूलाल खाट पर पड़े थे और उनके गले से खून बह रहा था। घटना की जानकारी बाबूलाल की पत्नी ने बेरखेड़ी में रहने वाले दामाद सर्जन लोधी को दी। वह पिपलिया कदीर पहुंचे। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि मृतक बाबूलाल के गले पर एक ही वार किया गया है। वार संभवतः बका जैसे किसी धारदार हथियार से किया गया है। गले की हड्डी कटने से यह भी अनुमान है कि हत्या में कुल्हाड़ी जैसा हथियार इस्तेमाल किया गया है।

## बैरसिया में किसान ने जहर खाकर की आत्महत्या

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रमपुरा बालाचोन में 38 साल के किसान ने जहर खाकर जान दे दी। जहर खाने की जानकारी मिलते ही परिजन ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। न ही परिजन ने ऐसी कोई बात बताई, जिससे कारणों का खुलासा हो सके। मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट परिवार में पत्नी और 14 साल का बेटा

पुलिस के अनुसार ग्राम रमपुरा बालाचोन निवासी भगवान सिंह मीणा (38) खेती-किसानी करते थे। परिवार में पत्नी और 14 साल का एक बेटा है। शनिवार दोपहर भगवान सिंह ने घर में रखी सल्फास की गोली खा ली। हालत बिगड़ने पर उन्होंने परिजन को सल्फास खाने की जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि होश में नहीं आने के कारण उनके मृत्युपूर्व बयान भी नहीं हो सके। शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद परिजन के विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही कारण सामने आने की उम्मीद की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### विधायक कार्यालय का पटवा ने किया शुभारंभ

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज में भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कार्यालय का शुभारंभ विधायक सुरेंद्र पटवा ने किया। इस अवसर पर पटवा ने कहा कि यह कार्यालय जनसेवा एवं जनसंपर्क को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने का एक महत्वपूर्ण संकल्प है। आपके सहयोग के साथ हम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों को निरंतर गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, गजेंद्र नागर, माधव यादव, जिले के पदाधिकारी ओमप्रकाश मीणा, दीपेंद्र पाल, कन्हैया नंदवंशी, सुशील शर्मा, शैलेंद्र गिरी, कोमल चौहान, शुभम चौहान, राहुल प्रजापति, जीतू नंदवंशी आदि मौजूद रहे।

### अतिक्रमण हटाकर नप खुद बना रही दुकानें



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद ने नाली के ऊपर से अतिक्रमण हटवाया, वहीं पर नगर परिषद 10 दुकानें बनवा रही है। अब नगर में चर्चा है कि नगर परिषद खुद नाली पर अतिक्रमण कर रही है। जिस एंगल से दुकान बन रही है, वह पाइप खोखले हैं। कांग्रेस नेता परेश नागर, प्रतिपक्ष नेता पार्षद राजेश खटीक, वरिष्ठ उत्तम यादव ने कहा कि नगर परिषद ने पहले तो 200 लोगों को नाली पर अतिक्रमण के नाम से हटाया और इस नाली पर 10 दुकानें बना रही है।

### शादी का झांसा देकर किया दैहिक शोषण

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने चालीस साल की विधवा (कल्याणी) की शिकायत पर परिचित के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि पति की मौत के बाद ऑटो चालक उसे शादी का प्रलोभन देकर तीन साल से लिव इन रिलेशन में रखे हुए था। जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया। पुलिस के अनुसार 40 साल की महिला की ऐशबाग इलाके में रहने वाले रिजवान से पहचान हो गई। रिजवान ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और किराए का कमरा लेकर उसके साथ लिव इन रिलेशन में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी रिजवान को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस ने 1.82 करोड़ के मोबाइल बरामद किए

**भोपाल।** ग्वालियर पुलिस की साइबर सेल ने तेरा तुझको अर्पण अभियान के तहत दिसंबर में 1.82 करोड़ रुपए कीमत के 736 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटा दिए। 2025 में अब तक 3.72 करोड़ रुपए कीमत के 1503 मोबाइल खोजे जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव और साइबर सेल टीम ने मोबाइल लौटाने के साथ-साथ ईमानदारी दिखाने वाले 4 नागरिकों को भी सम्मानित किया।

### जेल से छूटते ही बदमाश ने किया जानलेवा हमला

**भोपाल।** मुखबिरी के संदेह में जेल से छूटे निगरानी बदमाश अभिषेक यादव ने पिता संजय, भाई कुनाल व बहन अमीषा के साथ मिलकर टीला जमालपुरा निवासी अमित वंशकार (20) पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित राम मंदिर के पास रविवार सुबह की है। पिछले दिनों गौतम नगर में हुई गाड़ियों में तोड़फोड़ के मामले में मुख्य आरोपी जेल गया था। उसे संदेह था कि युवक ने मुखबिरी की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पिता को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी समेत उसके भाई व बहन की तलाश की जा रही है।

## गिरफ्तार आरोपियों में दो पर पूर्व में चार अपराध दर्ज

# चाकू अड़ाकर स्कूटर और मोबाइल झपटने वाले चार लुटेरे धर-दबोचे

**लूटी गई स्कूटर का कलर बदलकर इस्तेमाल कर रहे थे आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गिरफ्तार आरोपियों और वाहनों के साथ शाहजहांनाबाद पुलिस।

शाहजहांनाबाद पुलिस ने भोपाल टॉकीज और काजी कैंप के बीच 17 दिन पहले स्कूटर सवार युवकों से स्कूटर और मोबाइल झपटने वाले चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लुटेरों से लूटी गई स्कूटर बरामद कर ली गई है। लूट के बाद आरोपियों ने स्कूटर का कलर बदल दिया था और उसे इस्तेमाल कर रहे थे। आरोपियों में दो आरोपियों के पूर्व में चार-चार अपराध दर्ज है। लूट की वारदात उन्हें पहली बार की थी।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद फैजान (19) हैदरगढ़, उत्तरप्रदेश का रहने वाला था और काजी कैंप में एक चिकन फास्टफूड की दुकान पर काम करता है। वह काजीकैंप में ही रह रहा है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 20 नवंबर की रात करीब ढाई बजे वह अपने साथी आदिल के साथ एक्सेस स्कूटर से भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 की तरफ दोस्त को खाना देने गया था। वहां से तड़के तीन बजे वह आदिल के साथ काजी कैंप जाने के लिए निकला। नादरा बस स्टैंड से निकलते ही उसकी एक्सिस स्कूटर के पीछे दो अलग अलग स्कूटर पर सवार चार लोग आए। उन्होंने मोहम्मद फैजान का पीछा किया। डर के कारण फैजान ने स्कूटर की रफ्तार बढ़ा दी। भोपाल टाकीज से काजी कैंप वाली सड़क पर मेट्रो प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। वहां एक स्कूटर वाले उसकी एक्सिस के सामने अपनी गाड़ी लगा दी। इसी बीच दूसरी स्कूटर से आए युवकों ने एक्सिस पर पीछे बैठे आदिल कॉलर पकड़ ली और दूसरे ने मारपीट करते हुए कहा कि कहां जा रहे हो। इसी बीच आरोपियों ने चाकू निकालकर कहा कि यहां से भाग निकलो, नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद स्कूटर और मोबाइल झपट लिया।

### शाहजहांनाबाद पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज

पुलिस ने लूट की शिकायत मिलने के बाद घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इस बीच मुखबिर की सूचना पर हैदर उर रहमान (22) खलील मस्जिद क्रिकेट थाना कोतवाली और मुईन खान (20) नारियल खेड़ा, गौतमनगर को हिरासत में लिया। दोनों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने साथी नुमान अली रेलवे ब्रिज के सामने, मंगलवारा और परवेज खान (19) सराय जामा मस्जिद थाना कोतवाली जिला सीहोर के साथ लूट की वारदात करनी स्वीकार ली। आरोपियों ने बताया कि घटना की रात वह नशे कर रहे थे। नशे की हालत में उन्हें दो युवक एक्सिस से जाते हुए नजर आए। दोनों दुबले-पतले थे। लिहाजा उन्होंने उनका पीछा किया और एक्सिस सहित मोबाइल झपट लिया।

## पिपलानी में मारा छापा, भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त

**आबकारी विभाग की टीम ने एक लाख 30 हजार की 97 लीटर अवैध विदेशी शराब की जब्त**



आबकारी टीम ने अवैध विदेशी शराब जब्त की।

आबकारी विभाग ने शनिवार बीती रात अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिपलानी स्थित 100 क्वार्टर क्षेत्र में छापेमारी की व अवैध विदेशी शराब जब्त की। यह कार्रवाई वृत उपनिरीक्षक चंदर सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें सहायक जिला आबकारी अधिकारी, उपनिरीक्षक और पूरा मैदानी अमला शामिल रहा। टीम ने एक मकान की तलाशी ली, जहां 11 कार्टूनों में विभिन्न ब्रांड की 99 बोतलें मिलीं। इनमें मीडियम व हाईरेंज की कुल 97.0 बल्क लीटर विदेशी शराब पाई गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 30 हजार 500 रुपए आंकी जा रही है। छापेमारी के दौरान आरोपी सुरेश पाटिल मौके से फरार था, लेकिन टीम की तत्परता से कुछ ही समय में उसे मंत्रालय के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क, 34(2) एवं अन्य प्राविधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### इंजीनियर की कार से लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी

**भोपाल।** रेटिना कार्यक्रम देखने पहुंचे साफ्टवेयर इंजीनियर की कार से अज्ञात बदमाश लैपटॉप, दो चार्जर, अंगूठी और कपड़े चुरा लिए। घटना गत 4 दिसंबर की रात की है। इंजीनियर की शिकायत पर बागसेवनिया पुलिस ने तीन दिन बाद चोरी की एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अटल तिवारी (27) कोलार में रहते हैं और मुंबई की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उन्होंने पुलिस को बताया कि गत 4 दिसंबर को वह रेटिना कार्यक्रम देखने पहुंचे। उन्होंने कार पार्किंग में खड़ी की थी। कार्यक्रम देखकर रात में लौटे तो कार में रखा बैग नहीं था। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोर उनकी कार से लैपटॉप, दो चार्जर, अंगूठी और कपड़े चुराकर ले गया है। अटल का कहना है कि कार पार्किंग में खड़ी करते समय उनसे गलती हो गई। वे कार का एक कांच पूरी तरह से बंद नहीं कर सके थे। अनुमान है कि इसी कांच से हाथ डालकर कार को अनलॉक किया गया और अंदर रखा सामान चुरा लिया गया।

**पिपलानी पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा**

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, सफाईकर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी पेट्रोल पंप के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार सफाईकर्मी को जोरदार टक्कर मार दी। उसका एक साथी भी बाइक पर सवार था। दोनों घायलों को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां सफाईकर्मी की मौत हो गई जबकि उसके घायल साथी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक पचास क्वार्टर पिपलानी निवासी अरविंद वाल्मीकि (27) निजी अस्पताल में सफाई कर्मचारी था। शनिवार रात करीब सवा दस बजे वह बाइक से ड्यूटी जा रहा था। उसका एक साथी भी मोटरसाइकिल पर सवार था। पिपलानी पेट्रोल पंप के थोड़ा आगे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अरविंद वाल्मीकि को गंभीर चोटें आई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अस्पताल ले जाने से पहले ही अरविंद की मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि मृतक के साथी को गंभीर चोटें नहीं हैं, लेकिन वह हादसे को लेकर इतना घबरा गया कि वह टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दे पा रहा है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी चालक और वाहन का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### हादसे में बुजुर्ग की मौत

मिसरोद पुलिस के मुताबिक सहारा स्टेट मिसरोद निवासी अरुण श्रीवास्तव (67) रिटायर्ड कर्मचारी थे। दो दिन पहले वह अपनी बाइक पर सवार होकर किसी काम से भोपाल की ओर आ रहे थे। इस बीच मिसरोद थाने से करीब एक किमी दूर बीआरटीएस चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। एम्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार रात उनकी मौत हो गई।

## छोला के खेजड़ा में फर्नीचर की दुकान में लगी आग कर्मचारियों ने कूदकर बचाई जान, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

राजधानी के छोला इलाके के खेजडा में शनिवार को सुबह 5 बजे एक फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। आग लगने के समय कुछ कर्मचारी दुकान में सो रहे थे।

उन्हें आग लगने की जैसे ही भनक लगी वे आनन-फानन में कुदकर किसी तरह भागे। आग से देखते ही देखते दुकान में रखा फर्नीचर जलकर खाक हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे अचानक फर्नीचर की दुकान आग कुछ लोगों ने देखी। इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। तब तक दुकान में रखा लकडी का सामान जल चुका था। निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि आग लगने की जैस ही सूचना मिली, मौके पर दमकलें भेजी गईं। तीन दमकलों से आग पर काबू पाया जा सका। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।



## सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली व कारों से रोजाना लग रहा जाम



नगर के मुख्य रोड पर लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज में ट्रैफिक समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। बायपास बनने के बाद भी घंटों ट्रैफिक जाम लगा रहता है। लोग रोड पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली, कार, मोटरसाइकिल खड़ी देते हैं।

नगर में ट्रैफिक पुलिस गायब है, न ही रोड पर गाड़ी खड़े करने पर कोई चालान होता है। गौहरगंज रोड एवं बरखेड़ा रोड से बस स्टैंड तक जाम लगा रहता है। नगरवासी इस संबंध में कई बार मांग कर चुके है, लेकिन प्रशासन सुध नहीं लेता है। औबेदुल्लागंज में टीआई ध्यान देते नहीं है। औबेदुल्लागंज में रोज दो-तीन एक्सीडेंट होते ही रहते हैं।

**लंबे समय से चल रहा था विवाद**

## पंचायत ने किन्नरों के क्षेत्र बंटवारा कर नेग वसूली मामला सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

- बैठक में विधायक प्रतिनिधि राम जमकर बरसे किन्नरों पर

बैरागढ़ में नेग लेने को लेकर किन्नरों के दो ग्रुप के वसूली के कारण लंबे समय से चला आ रहा विवाद पूज्य सिंधी पंचायत की बैठक में लगभग सुलझ गया है। पंचायत ने किन्नरों का क्षेत्र बंटवारा कर दिया, ताकि भविष्य में विवाद की स्थिति न बने।

पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि बैरागढ़ में किन्नरों का पुराना ग्रुप ही नेग राशि लेगा, जबकि अचानक आया दूसरा ग्रुप विजय नगर, लालघाटी, विजयनगर, पंचवटी, सीटीओ और एयरपोर्ट रोड आदि क्षेत्र से ही नेग वसूल सकता है, लेकिन वो बैरागढ़ में नहीं आ सकता।

पंचायत में कई लोगों ने किन्नरों पर जबरदस्ती नेग की राशि वसूलने और लोगों से बदसलूकी भी करने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि राम बंसल ने किन्नरों के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई कि वे लोगों से किसी भी तरह की जबरदस्ती और दुर्व्यवहार नहीं कर सकते। बैठक में पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, नंद दादलानी, भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, जेठानंद मंगतानी, माधु पारदासानी, हरीश मेहरचांदनी, नरेश तोलानी, राम बंसल, पार्षद अशोक मारन, वासदेव वाधवानी घनश्याम लालवानी, कन्हैया ईसरानी, मनीष बागवानी, कमल विधानी, मोहन लालवाणी, प्रेम पठानी सहित किन्नरों के दोनों ग्रुप के सदस्य मौजूद थे।

### श्री राम नाम लेखन पुस्तक होगी वितरित

बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि समिति द्वारा रविवार को गुरुकृपा एसोसीएटस संत हिरदाराम नगर में श्री राम नाम लेखन पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती की गई। अंत में हथप्रसादी वितरण किया गया। 19 दिसंबर तक श्री राम नाम लेखन पुस्तक का वितरण किया जाएगा। जो भी श्रीराम नाम लेखन पुस्तक में श्रीराम नाम लेख अंकित करेगा। जमा करेगा, उन्हें 21 दिसंबर पुरस्कार दिया जाएगा।

**संगठन को मजबूत बनाने के लिए हुई चर्चा**

## एसआईआर को लेकर विधायक पटवा ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



बैठक में शामिल विधायक पटवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

एसआईआर के लिए औबेदुल्लागंज मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पार्षदों, जनपद सदस्यों, नपा अध्यक्ष की बैठक हुई।

इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आप और हम जैसे कार्यकर्ता रहे हैं और पार्टी के लिए समर्पित पीएम मोदी ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को खड़ा किया है। आप और हम भी इतनी ही मेहनत करें कि भोजपुर क्षेत्र अग्रणी बने।

विधायक पटवा ने बैठक में एसआईआर और संगठन को अधिक सुदृढ़, संगठित एवं परिणामकारी बनाने के लिए प्रक्रियाओं, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा क्षेत्रीय कार्य संचालन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक में भोजपुर क्षेत्र के एसआईआर प्रभारी, जिले के भाजपा उपाध्यक्ष एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा ने एसआईआर बारे में समझाया।

### एसआईआर प्रक्रिया के बारे में समझाया

बैठक में जिले के महामंत्री दीपेंद्र पाल, वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, जिले के उपाध्यक्ष शैलेंद्र गिरी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जिले के मंत्री सुशील शर्मा, प्रार्थना चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, भोजपुर नारी शक्ति की अध्यक्ष आरती यादव, महिला मंडल अध्यक्ष माया राय, पार्षद हेमलता चौरसिया, पार्षद सना आमीर ममनून, नपा अध्यक्ष पूजा लोधी, जनपद उपाध्यक्ष सरदार सिंह बरकरे, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, महामंत्री माधव यादव, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, दिलीप मित्तल, पंकज कोठारी, रामेश्वर नागर, सुजीत यादव, सर्वेश गौर, रवि शंकर राय, धर्मेंद्र चौरसिया, मनोज चौरसिया, पार्षद पदम चौहान, सुनील सेरिया, सुरजीत सिंह बिल्ले, कोमल चौहान, सुजीत चौहान, बागिश अग्रवाल, दीपू परमार, पवनजोत सिंह, उमाशंकर गौर ने सुझाव दिए और सामूहिक समर्पण, संवाद, समन्वय तथा टीम भावना के साथ संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई गति प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया।

**अव्यवस्थाओं के कारण यात्रियों में बढ़ रही नाराजगी**

**बदहाल व्यवस्था से यात्री बेहाल**

## औबेदुल्लागंज बस स्टैंड पर बसों के इंतजार में घंटों खड़े रहने से पैरों में होने लगता है दर्द...कचरे में बैठना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज के बस स्टैंड पर बदहाल व्यवस्था से यात्री बेहाल है। यहां बैठने की व्यवस्था नदारद है। पार्क में कचरा फैला है। बस स्टैंड पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। रोजाना दोपहिया वाहन चालक गड्ढे में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह थाणेदार ने बताया कि बस स्टैंड पर अव्यवस्थाओं और आसपास के पार्क में फैले कचरे को लेकर आमजन में नाराजगी है।

**खास बातें**


- बस स्टैंड पर बड़े-बड़े गड्ढे
- रोजाना दोपहिया वाहन चालक गड्ढों के कारण गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे
- भगवा पार्टी व लोगों ने की शिकायत



बस स्टैंड पर बैठने के लिए व्यवस्था नहीं है।

### न शेड में बेंच, न बैठने के लिए साफ-सुथरी जगह

बस स्टैंड से रोजाना हजारों यात्री आवागमन करते हैं, लेकिन बैठने की उचित व्यवस्था न होने के कारण उन्हें परेशानी होती है। यात्रियों का कहना है कि बसों की देरी होने पर उन्हें खड़े-खड़े ही इंतजार करना पड़ता है। न तो शेड के नीचे पर्याप्त बेंच हैं और न ही बैठने के लिए साफ-सुथरी जगह है। बुजुर्ग एवं महिला यात्रियों को सबसे अधिक कठिनाई होती है। बस स्टैंड के पास स्थित पार्क में जगह-जगह कचरा फैला हुआ है, जिससे बदबू फैल रही है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की सफाई व्यवस्था केवल कागजों में दिखती है, जबकि मैदान में स्थिति बिलकुल अलग है। बार-बार शिकायतों के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। पार्क में सफाई और निगरानी की मांग की गई है।



सफाई न होने से पार्क में फैला कूड़ा।



# सांझ की बेला में बांसुरी का माधुर्य, फ्यूजन बैंड की ऊर्जा और ताल वाद्य की सुरीली तान

भारत भवन के बहिरंग में तीन दिवसीय आठवें हृदय दृश्यम संगीत समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुकला केन्द्र, भारत भवन में झील की ओर स्थित बहिरंग मुक्ताकाश मंच पर रविवार की शाम सुर-ताल की लहरों ने सुधि श्रोताओं को शीतल अनुभूतियों के रूप में आठवां हृदय दृश्यम समारोह के अंतिम संध्या सजी। अंतिम दिवस की पहली सभा सुविख्यात बांसुरी वादक पंडित राकेश चौरसिया के मनोहारी बांसुरी–वादन को समर्पित थी।

### बांसुरी के सुर में राग भीमपलासी की प्रस्तुति



मंच पर बांसुरी की मधुर धुनें सुनाते पं. राकेश चौरसिया।

सांझ की शीतल हवा में जब उनकी बांसुरी के सुर तैरने लगे, तो मानो पूरा वातावरण एक अलौकिक संगीत–लोक में प्रवेश कर गया। उन्होंने सबसे पहले बांसुरी वादन में राग भीमपलासी के सुर छेड़े। जिसमें उन्होंने मध्य लय रूपक में गत और इसके बाद द्रुत तीन ताल में एक गत से माहौल के सुरीला बना दिया।

### ओजस्वी, तीव्र ऊर्जा से भरपूर ब्रह्म फ्यूजन बैंड



मंच पर फ्यूजन बैंड की प्रस्तुति देते सिंगर।

इसके बाद सुविख्यात बाद ब्रह्म फ्यूजन बैंड ने मंच संभाला। अपने ओजस्वी, तीव्र ऊर्जा से भरे और नवाचारपूर्ण संगीत के लिए प्रसिद्ध इस बैंड ने आते ही माहौल का रंग एकदम बदल दिया। अंतिम दिन की अंतिम प्रस्तुति सुविख्यात और ग्रैमी अवार्ड विजेता ताल वाद्य कलाकार वी. सेल्वगणेश के पंचाक्षरा समूह की रही। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत ईश्वर को वंदन स्वरूप शिव तांडव से की। इसके बाद कंपोजिशन सेवन एंड ए हाफ प्रस्तुत की।

## खबर संक्षेप

### पर्यटन स्टोरी टेलिंग का प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण देंगे विनय

**भोपाल।** पर्यटन को सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सरोकारों के पक्ष में विस्तार देने की दिशा में अभिनव प्रयोगों के चलते एक



अनूठी कार्यशाला का आयोजन प्रशासन अकादमी में 8 और 9 दिसंबर को किया जा रहा है। प्रसिद्ध कला समीक्षक और संवाद कौशल विशेषज्ञ विनय उपाध्याय प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए प्रतिभागियों को पर्यटन होम स्टे स्टोरी टेलिंग का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। मप्र पर्यटन बोर्ड के संयोजन में परिकल्पित यह दो दिवसीय कार्यशाला पर्यटक और होम स्टे ऑनर के बीच ज्ञान, जिज्ञासा और कौतुहल से भरे रोचक संवाद को प्रोत्साहित करने तथा उसे रचनात्मक बनाने की अभिनव पहल है। प्रदेश के बुदेलखंड, मालवा, निमाड़ तथा बघेलखंड इलाकों में सक्रिय होम स्टे ऑनर इस कार्यशाला के प्रतिभागी होंगे।

### केजी चच्चा की याद में राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह आज से

**भोपाल।** ।मप्र शिखर सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ रंगकर्मी स्व के.जी.त्रिवेदी की याद में त्रिकर्षि नाट्य संस्था अपना तृतीय वर्ष राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। 8 से 10 दिसंबर तक रवींद्र भवन सभागार में संयोजित इस तीन दिवसीय समारोह में 08 दिसंबर की शाम जाने-माने रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे जाएंगे, साथ ही मॉरिस लाजरस, राकेश नामदेव को रंग नैपथ्य से सम्मानित किया जाएगा। इसी शाम नाटक पुरुष का मंचन भी होगा, नाटक का निर्देशन आदर्श शर्मा (चिंटू) ने किया। वहीं 9 दिसंबर को मुंबई की बैकबेंचर्स चित्रांश द्वारा निर्देशित नाटक हाय मार डाला का मंचन करेगी। 10 को राजीव वर्मा के निर्देशन में भोपाल थियेटर के कलाकार नाटक कैक्टस फ्लावर का मंचन करेंगे।

## संगीत की महफ़िल में रोमांस, रॉक और रिदम की बरसात

# विशाल-शेखर ने एम्स रेटिना 8.0 में जमाई संगीत की महफ़िल...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


बॉलीवुड के सुपरहिट म्यूजिक कंपोज़र और सिंगर जोड़ी विशाल–शेखर ने एम्स रेटिना 8.0 की म्यूजिकल नाइट में अपनी धमाकेदार एंट्री से हजारों की भीड़ में जोश और जज्बा भर दिया। रोमांस, रॉक और रिद्म से भरी यह रात शहर के लिए किसी म्यूजिकल फेस्टिवल से कम नहीं रही।



एम्स में प्रस्तुति देते विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी।

### दमदार आवाज़ और सिग्नेचर हाई-एनर्जी एंट्री ने भरा जोश

शुरुआत के गीतों में ही मेडिकल स्टूडेंड का जोश और जज्बा देखते ही बना। जैसे ही मंच पर लाइट्स पड़ीं और जय जय शिवशंकर की धुन गूंजी, दर्शकों में बिजली-सी दौड़ गई। विशाल ददलानी की दमदार आवाज़ और उनकी सिग्नेचर हाई-एनर्जी एंट्री ने शुरुआत से ही कंसर्ट को चरम पर पहुंचा दिया।



### कंसर्ट में हिट गानों की झड़ी हर ट्रैक पर झूमा भोपाल

कंसर्ट में एक के बाद एक सुपरहिट गीतों ने माहौल को उत्साह से भर दिया। स्टेज पर गूंजते रहे बचना ऐ हसीनों, इश्क वाला लव, बिन तेरे, खूबसूरत, ओल्ड मॉन्क, सजनजी घर आए, मैं तेरा धड़कन तेरी, दिल धड़कने दो, तू है कि नहीं....हर गीत पर दर्शकों की तालियों और सीटियों की गूंज ने एम्स ग्राउंड को एक विशाल ओपन-एयर फेस्ट जैसा बना दिया।





कूनो अभयारण्य में ऐसी बनी है टेट सिटी।

# कूनो सफारी बना पर्यटकों का नया पसंदीदा ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

योग ध्यान, एडवेंचर और वन्यजीवन के अनूठे संगम ने बढ़ाई कूनो की लोकप्रियता



कूनो सफारी एक बार फिर सुर्खियों में है। चीतों की बसाहट के बाद कूनो नेशनल पार्क न केवल जीवंत हुआ है, बल्कि देश-विदेश के पर्यटकों का पसंदीदा डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। यहां चीता सफारी के साथ एडवेंचर गतिविधियां, योग-ध्यान सत्र, वेलनेस अनुभव, प्रकृति दर्शन और इको-टूरिज्म का ऐसा अनूठा मेल है, जो हर पर्यटक के सफर को यादगार बना देता है।

### चीतों की वापसी से बदली कूनो की तस्वीर

भोपाल से करीब 350 किमी दूर कूनो नेशनल पार्क कुछ समय पहले तक एक शांत, साधारण जंगल माना जाता था। लेकिन चीतों की पुनर्स्थापना के बाद कूनो का नाम वैश्विक स्तर पर चमक उठा है।

### टेंट सिटीः जंगल के बीच लक्जरी का अनुभव

कूनो में पर्यटकों के लिए विशेष टेंट सिटी विकसित की गई है। ये टेंट आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, लेकिन कुछ ही देर में ऐसा एहसास देते हैं जैसे आप जंगल का ही हिस्सा हों। सफारी के बाद वेलनेस और हेल्थ सेशन पर्यटकों की थकान मिटाते हैं। हेल्थ कोच अंकिता प्रधान पर्यटकों को फिटनेस और मानसिक शांति के तरीके बताती हैं।

## हमने अपनी ही परंपराओं को रिलिजन, हिस्ट्री और कास्ट जैसे यूरो-क्रिश्चियन अवधारणाओं में बांधा

### यंग थिंकर्स फ़ोरम की 102वीं पुस्तक परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा 102वीं पुस्तक परिचर्चा की गई। अतुल मिश्रा ने प्रो एस एन बालगंगाधर की पुस्तक 'वॉट डस इट मीन्स टू बी इंडियन' पर चर्चा की गई। प्रो बालू ने बताया कि यह पुस्तक तर्क देती है कि भारतीय अपनी पहचान इसलिए स्पष्ट नहीं कर पाते क्योंकि वे स्वयं को पश्चिमी समाज के चश्मे से देखते हैं। इस्लामिक और क्रिश्चियन दोनों ही उपनिवेशवादी विचारों ने भारतीय अनुभव, भाषा और



चर्चा करते फोरम के सदस्य।

सामाजिक समझ को इस तरह ढाला कि हमने अपनी ही परंपराओं को रिलिजन, हिस्ट्री और कास्ट जैसे यूरो-क्रिश्चियन जैसी अवधारणाओं में बांध दिया, जो कि धर्म, इतिहास और जाति से बिल्कुल अलग है।

## मुस्कान म्यूजिक ग्रुप ने आसरा के बुजुर्गों के साथ गुजारा समय

# ये तो सच है कि भगवान हैं..

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुस्कान म्यूजिक ग्रुप के सदस्यों ने रविवार की दोपहर शाहजहांनाबाद स्थित आसरा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ गुजारी। इस दौरान उन्होंने उन्हें साहित्य वितरण करने के साथ ही गाजर का हलवा भी खिलाया। वहीं बुजुर्गजन का आशीष लेते हुए कुछ गीत सुनाए। इनमें मोहन बेलानी, अशोक मनवानी ने अपने साथियों के साथ फिल्म हम साथ साथ हैं का गीत ये तो सच है कि भगवान हैं, अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। वहीं, भविषा बेलानी, सुरंगमा सक्सेना, शरद सोनी, नाथानी, राजेंद्र मालवीय, आर खेरिया, हेमंत मोर्य, ललिता मौर्य, अर्पिता सक्सेना, मनीषा बुधौलिया, अजय बुधौलिया ने गीतों से समां बांध दिया। जिसमें इतनी की शक्ति हमें देना दाता, तुझे



आश्रम में मौजूद बुजुर्ग महिलाएं।



गीत की प्रस्तुति देते सिंगर्स।

राम कहूं या कृष्णा कहूं...जैसे कई गीत सुनाए। बुजुर्ग माताओं ने गीत भजन सुनकर प्रसन्नता के भाव और नम नयनों से कलाकारों का आभार माना और उन्हें खूब आशीर्वाद दिया।

महिला हिंसा के खिलाफ सरोकार का अभियान





## महिलाओं के प्रति हिंसा की शुरुआत चुप्पी से होती है, रोकथाम साहस से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने के 16 दिवसीय विश्वव्यापी अभियान के तहत सामाजिक संस्था सरोकार द्वारा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल, ग्राम बगरौदा में किशोरवय बच्चों के जागरूकता और संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. वीणा सिन्हा ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने में बच्चों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। बच्चे स्वयं की शक्ति और क्षमताओं को पहचाने और यह सोचें, समझे कि हिंसा की शुरूआत चुप्पी से होती और रोकथाम साहस से। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे कैसे अपने घर, समाज, मोहल्ले, शहर, देश और दुनिया को महिलाओं के लिए कैसे सुरक्षित और बेखौफ होकर जीने लायक बना सकते हैं और इसमें वह अपनी भूमिका कैसे निभा सकते हैं।

# संभावना गतिविधि में जनजातीय सैताम नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय में आयोजन

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना में रविवार को छिंदवाड़ा के कलाकारों द्वारा भारिया जनजातीय सैताम नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मध्यप्रदेश के भारिया जनजातीय द्वारा



बैगा नृत्य की प्रस्तुति।



भारिया नृत्य की प्रस्तुति।

किये जाने वाले सैताम नृत्य में महिलाएं रंग बिरंगे परिधान पहनकर नृत्य करती हैं। संगीत की धुन और ताल के साथ जुगलबंदी करते हैं। वहीं साधूराम धुर्वे एवं साथी, बालाघाट द्वारा बैगा जनजातीय करमा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



**2024 के लिए पं. राजा काले एवं वर्ष 2025 के लिए पं. तरुण भट्टाचार्य को नवाजा जाएगा राष्ट्रीय तानसेन सम्मान से**

# विश्वविख्यात तानसेन संगीत समारोह का 101वां संस्करण 15 से 19 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर में आयोजित होने वाला विश्वविख्यात तानसेन संगीत समारोह का 101वां संस्करण 15 से 19 दिसम्बर तक तानसेन समाधि स्थल, ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है। निदेशक, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष समारोह में पद्मविभूषण, पद्मश्री एवं शिखर सम्मान प्राप्त संगीतज्ञों के साथ ही प्रतिष्ठित संगीतज्ञों को आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय एवं युवा प्रतिभावान कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जा रहा है।

पद्मविभूषण-पद्मश्री एवं शिखर सम्मान प्राप्त संगीतज्ञों की होंगी संगीत सभाएं



फाइल फोटो।

### शुभारंभ अवसर पर होगा सम्मान अलंकरण समारोह

101वें तानसेन समारोह के शुभारंभ अवसर पर 15 दिसम्बर को सायं 6 बजे से राष्ट्रीय तानसेन सम्मान अलंकरण एवं राजा मानसिंह तोमर सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन भी तानसेन समाधि स्थल पर किया जा रहा है। वर्ष 2024 के राष्ट्रीय तानसेन सम्मान से पंडित राजा काले, मुम्बई को गायन के लिए एवं वर्ष 2025 का पंडित तरुण भट्टाचार्य, कोलकाता को संतूर वादन के लिए प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय राजा मानसिंह तोमर सम्मान वर्ष 2024 का साधना परमार्थिक संस्थान समिति, मण्डलेश्वर एवं वर्ष 2025 का रागायन संगीत समिति, ग्वालियर को प्रदान किया जाएगा।



गीता का पाठ करते साधु-संत

‘पंच लाखों कंठे गीता पाठ’ नाम से किया आयोजन

# कोलकाता में पांच लाख लोगों ने एक साथ किया गीता का पाठ मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से जुड़े साधु-संत भी रहे शामिल

इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता तथा स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज (कार्तिक महाराज) और धीरेंद्र शास्त्री जैसे प्रमुख धर्मगुरू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## अग्निमित्रा ने कहा- गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों को देगी ज्ञान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं, साधुओं और साध्वियों ने कोलकाता के प्रसिद्ध ब्रिगेड परेड मैदान में विशाल भगवद गीता पाठ में हिस्सा लिया। भगवा वस्त्र पहने साधु एक साथ गीता की प्रतियों से श्लोक पढ़ रहे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता तथा स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज (कार्तिक महाराज) और धीरेंद्र शास्त्री जैसे प्रमुख धर्मगुरू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।’पंच लाखो कंठे गीता पाठ’ नाम से आयोजित यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति संसद की ओर से कराया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से जुड़े साधु-संत शामिल हैं। अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों के लिए है।

### धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद बंगाल की आध्यात्मिक विरासत को याद करना और धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इसे राज्य ही नहीं, शायद देश में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ माना जा रहा है। कार्तिक महाराज ने कहा, विभाजन के माहौल में आध्यात्मिक साधना शांति और दिशा दे सकती है।




कोलकाता में गीता पाठ कार्यक्रम में शामिल लाखों लोग। ब्रिगेड परेड मैदान में साधु-संतों ने जगाई अलख।

### कार्यक्रम का नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी ने किया

सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन मेडिकल सेवाओं की विस्तृत व्यवस्था की गई है। 3 बड़े मंच बनाए गए हैं और कोलकाता के मध्य क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।आध्यात्मिक कार्यक्रम का नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज कर रहे हैं, जबकि योग गुरु बाबा रामदेव सहित कई प्रमुख साधुओं को भी आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन तब हो रहा है, जब एक दिन पहले हुमायूं कबीर ने ‘बाबरी मस्जिद-शैली’ की मस्जिद की आधारशिला रखी। दिसंबर 2023 में ‘एक लाख कंठों’ का गीता पाठ आयोजित किया गया था। यह लोकसभा चुनावों से पहले आयोजित किया गया था।

### कहीं 90 के दशक का इतिहास रिपीट न हो, वे आग से खेल रहे: संजय



शिवसेना नेता संजय निरुपम ने चेतावनी दी है। इस तरह के कदम चुनावी माहौल को और संवेदनशील बना सकते हैं। ‘एक्स’ पर संजय निरुपम ने बंगाल में जो लोग बाबरी मस्जिद बना रहे हैं, वे आग से खेल रहे हैं। भगवान राम और आक्रमणकारी बाबर को एक तराजू पर नहीं तौला जा सकता। जब हिंदू भावनाएं भड़केंगी तो कहीं नब्बे के दशक का इतिहास रिपीट न हो जाए। ममता बेनर्जी समय रहते इस आग को बुझाएं, वरना उनकी पार्टी भी इसके लपेटे में आ जाएगी।

हुमायूं कबीर का ऐलान

### एक लाख लोगों के साथ हम करेंगे कुरान का पाठ



टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि वे फरवरी में एक लाख लोगों के साथ ‘कुरान ख्वानी’ (कुरान का पाठ करना) का आयोजन करेंगे। इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों को मांस और चावल का भोज देंगे। इसके बाद बाबरी मस्जिद को बनाने का काम शुरू होगा।

#### एआईएमआईएम के साथ लड़ेंगे चुनाव

कबीर ने कहा कि वह 22 दिसंबर को अपनी पार्टी बनाएंगे और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री की हुंकार

## भारत में हम तनातनी नहीं, सनातनी चाहते हैं



इस गीता पाठ में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता इस देश और विश्व के लिए विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। भारत में हम सनातनी चाहते हैं, तनातनी नहीं। शास्त्री ने कहा कि बंगाल की पावन धरती कोलकाता में 5 लाख लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया। आस्था का उत्साह और सैलाब देखकर ऐसा लगा जैसे कोलकाता में महाकुंभ मेला लगा हो। शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता ही इस देश और विश्व शांति का बड़ा माध्यम है। भारत में हम ‘गजवा-ए-हिंद’ नहीं, ‘भगवा-ए-हिंद’ चाहते हैं। गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसके माध्यम से पूरे विश्व में सामाजिक समरसता और एकता का भाव जागृत किया जा सकता है। गीता का ज्ञान महान है। गीता भारत की शान है और गीता ही भारत का स्वाभिमान है।

### हमारे भगवान राम पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता

हमारे भगवान राम पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। अगर हमारे मंदिर बनने पर कोई टिप्पणी करता है, तो अहंकार उजागर हो जाएगा।

### आज बंगाल काम करने के लिए तैयार: राज्यपाल



राज्यपाल सीवी आनंद बोस सामूहिक गीता पाठ के आयोजन पर उपस्थित हुए। उनके मुंह से गीता के शब्द सुनाई दिए। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने बार-बार अर्जुन से कहा कि अर्जुन अपना काम करो और आज बंगाल काम करने के लिए तैयार है। राज्यपाल ने कहा कि जब युवा पीढ़ी के लोग गीता का पाठ करना चाहते हैं, तो यह राष्ट्रीय गौरव का विषय बन जाता है।

## खबर संक्षेप

### 29,000 छात्र सार्वजनिक जीवन में आएं: गोयल



**नोएडा।** एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के वार्षिक दीक्षांत समारोह में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विवि का सबसे बड़ा योगदान प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने 29,000 छात्रों से सार्वजनिक जीवन में आने की बात भी कही।

### 24 रुपए रिफंड के फेर में गंवाए 87 हजार



**अहमदाबाद।** यहां एक महिला को 24 रुपए के रिफंड के चक्कर में करीब 87 हजार रुपए का नुकसान हो गया। चांदखेडा क्षेत्र की महिला ने जेप्टो से सब्जियां ऑर्डर की थीं, लेकिन छोटे बैंगन की जगह बड़े बैंगन मिलने पर वापसी की कोशिश की। सारी डिटेल दे दी।

### हवाई किराए पर नियंत्रण स्वागत योग्य: चिदंबरम



**नई दिल्ली।** इंडिगो उड़ानों में किराए पर नियंत्रण लगाने का फैसला किया है। इस कदम का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि जब तक एयरलाइन सेक्टर में केवल दो बड़ी कंपनियों का दबदबा है, तब तक किराए पर नियंत्रण जारी रहना चाहिए।

### शाह ने गुजरात में बायो-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का किया लोकार्पण

नए डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर की रखी नींव

# डेयरी क्षेत्र के लिए कई योजनाएं चल रहीं, इस उद्योग को मिलेगी मजबूती

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के वाव-थराड़ क्षेत्र में बनास डेयरी द्वारा स्थापित नए बायो-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले दूध पाउडर संयंत्र की आधारशिला भी रखी। इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता, जिनमें गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी और सहकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर तथा मुरलीधर मोहोल उपस्थित रहे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्वेत क्रांति 2.0 के तहत डेयरी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन अवसंरचना विकास निधि, संशोधित राष्ट्रीय डेयरी योजना और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम जैसी बड़ी योजनाएं प्रारंभ की हैं, जो देश के डेयरी उद्योग को नई मजबूती प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि बनास डेयरी का बायो-सीएनजी मॉडल देशभर की अन्य सहकारी समितियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

गुजरात के वाव-थराड़ क्षेत्र को दी सौगात



कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते गृहमंत्री शाह

### उन्होंने 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले दूध पाउडर संयंत्र की आधारशिला भी रखी

#### गोबर और डेयरी अपशिष्ट से किसानों की आय बढ़ेगी

इससे गोबर और डेयरी अपशिष्ट से जैव-उर्वरक, बायोगैस और बिजली तैयार होगी और किसानों की आय में कम से कम 20 प्रतिशत तक वृद्धि संभव होगी। शाह ने यह भी घोषणा की कि अब सहकारी डेयरियां अपना पशु-चारा स्वयं तैयार करेंगी ताकि लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे। उन्होंने अमूल को उच्च मूल्य वाले डेयरी उत्पादों की सूची भी भेजी है, ताकि वैश्विक बाजार में उनकी हिस्सेदारी बढ़ाई जा सके। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीज, जैविक उत्पाद और कृषि निर्यात के लिए तीन नए राष्ट्रीय स्तर के सहकारी संगठन बनाए हैं तथा तीन बहुराज्यीय डेयरी सहकारी समितियों को भी स्थापित किया है।

#### बनास डेयरी के लिए महिलाओं को दिया श्रेय

शाह ने बताया कि बनास डेयरी का कारोबार अब 24,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है और इस सफलता का बड़ा श्रेय बनासकांठा की महिलाओं को जाता है, जिन्होंने दूध संग्रह और सहकारी मॉडल को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया है। देशभर के लगभग 250 डेयरी अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जनवरी में बनासकांठा का दौरा करेंगे ताकि इस सहकारी मॉडल को करीब से समझ सकें। नर्मदा और माही नदियों से जल लाने वाली परियोजनाओं के कारण बनासकांठा में बड़ा परिवर्तन आया है।

#### यह 400 रुपए से शुरू होकर 24 हजार करोड़ के कारोबार तक पहुंची

शाह ने एशिया की सबसे बडी बनास डेयरी को सहकारिता का सफल माडल बताते हुए कहा कि यह डेयरी 400 रुपए से शुरू होकर 24 हजार करोड़ के कारोबार तक पहुंची है। यह सफलता किसानों और पशुपालकों की मेहनत का परिणाम है। शाह ने विश्वास जताया कि आगामी पांच वर्षों में पशुपालकों की आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। शाह ने शनिवार को बनास डेयरी के अध्यक्ष एवं गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी के साथ कई कार्यक्रमों में शिरकत की और बनास डेयरी की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।



नागरिकों से मिलते गृहमंत्री शाह

#### मिलकर काम करने का आह्वान किया

उन्होंने श्वेतक्रांति 2.0 को सफल बनाने और 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। शाह ने वाव-थराद जिले के सणादर डेयरी में बनास रेडियो स्टेशन, पोटैटो प्लांट और आइसक्रीम प्लांट का निरीक्षण किया।

#### दुग्ध समितियों में माइक्रो-एटीएम स्थापित किए गए

गृहमंत्री शाह ने बताया कि गांव-गांव की दूध समितियों में माइक्रो-एटीएम स्थापित कर दिए गए हैं और भविष्य में इनके माध्यम से अन्य वित्तीय सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी। कार्यक्रम के दौरान शाह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी और सरदार वल्लभभाई पटेल के सहकारी आंदोलन में योगदान को भी याद किया।

पीएम ने की योगदान की अपील

## जवानों के साहस, बलिदान को किया नमन, उनसे देश प्रेरणा ले



पीएम को बैज लगाता सैनिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को सैन्य झंडा दिवस के अवसर पर देश की सशस्त्र सेनाओं के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सैन्य झंडा दिवस कोष में योगदान की अपील की। यह कोष युद्ध में घायल हुए सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैन्य झंडा दिवस पर हम उन बहादुर जवानों को नमन करते हैं जो अदम्य साहस और समर्पण के साथ देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा में लगे इन जवानों के अनुशासन, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को पूरे देश के लिए प्रेरणादायक बताया।

■ सैन्य झंडा दिवस

### देश जवानों का ऋण कभी नहीं चुका सकता: राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को सलाम किया। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों की निस्वार्थ सेवा देश की सुरक्षा का आधार है और राष्ट्र उनका ऋण कभी नहीं चुका सकता। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे कोष में योगदान करें, ताकि जवानों और उनके परिवारों को मजबूत सहयोग मिल सके। रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने भी सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को शुभकामनाएं दीं और देश की सुरक्षा में उनके योगदान को सराहा। इसी प्रकार रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी नागरिकों से कोष में सहयोग करने का आग्रह किया।

#### इसका उद्देश्य जवानों के परिवार कल्याण के लिए धन एकत्र करना

सैन्य झंडा दिवस हर वर्ष 7 दिसंबर को 1949 से मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि देना, सैनिकों के बलिदान को याद करना और जवानों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए धन एकत्र करना है। इस दिन लोग झंडे खरीदकर और दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं।

### तिवारी ने संसद में गैर सरकारी विधेयक प्रस्तुत किया

सांसदों को अपने विवेक से वोट का हक मिले

## पार्टी लाइन से हटकर वोट देने की आजादी होनी चाहिए, ‘व्हिप’ से मुक्ति भी मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें अच्छे कानून बनाने के लिए संसद सदस्यों को व्हिप के झंझट से मुक्ति दिलाने की मांग रखी गई है। इसमें विधेयकों और प्रस्तावों पर स्वतंत्र रूप से मतदान की इजाजत देने का अनुरोध किया गया है। तिवारी ने कहा कि इस विधेयक का मकसद यह पता लगाना है कि लोकतंत्र में प्राथमिकता किसकी होनी चाहिए-वह मतदाता जो अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए घंटों धूप में खड़ा होता है या वह राजनीति, जिसके व्हिप का पालन करने के लिए प्रतिनिधि मजबूर हो जाता है।



#### वंदे मातरम पर आज होगी चर्चा

वंदे मातरम पर संसद में सोमवार को होने वाली चर्चा को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है और दावा किया है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एक्सपोज हो जाएंगे।

#### उद्देश्य भी बताया

तिवारी ने कहा कि इसका उद्देश्य संसद सदस्यों को अविश्वास और विश्वास प्रस्तावों जैसे सरकार की स्थिरता से जुड़े प्रस्तावों, स्थगन प्रस्ताव, वित्त विधेयकों और वित्तीय मामलों को छोड़कर अन्य विधेयकों व प्रस्तावों पर स्वतंत्र रूप से मतदान करने की स्वतंत्रता देना है। सांसदों को विवेक, क्षेत्र के लोगों और समझ के आधार पर फैसले लेने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

### भारत मंडपम में 2 दिनी राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री खट्टर


## एआई और मशीन लर्निंग देश के विद्युत नेटवर्क को बदल देगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीकें आने वाले समय में भारत के विद्युत वितरण तंत्र को पूरी तरह बदल देंगी। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने बताया कि ये तकनीकें बिजली नेटवर्क को अधिक स्मार्ट, उपभोक्ता-केंद्रित और स्वयं अनुकूल बनने में मदद करेंगी। उनके अनुसार एआई और मशीन लर्निंग से विद्युत व्यवस्था न केवल तेज होगी, बल्कि उपभोक्ताओं का अनुभव भी बेहतर होगा। खट्टर ने ‘स्टैलर’ नामक संसाधन पर्याप्तता योजना उपकरण को भी लॉन्च किया, जिसे केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने तैयार किया है।

स्टैलर संसाधन पर्याप्तता योजना भी लॉन्च

### विद्युत व्यवस्था होगी तेज और उपभोक्ताओं का अनुभव भी बेहतर होगा



#### कटौतियां कम होंगी और लागत में भी कमी आएगी

खट्टर ने बताया कि स्मार्ट मीटर विश्लेषण, डिजिटल ट्विन, प्रिडिक्टिव मेंटेनेंस, बिजली चोरी का पता लगाने वाली प्रणाली, उपकरण-स्तर की बिजली खपत की जानकारी, आउटेज पूर्वानुमान और जनरेटिव-एआई आधारित निर्णय-सहायता जैसे समाधानों से वितरण कंपनियों की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ सकती है। इन तकनीकों के इस्तेमाल से उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय बिजली मिलेगी।

#### गलतफहमियों और अफवाहों से दूर रहें

खट्टर ने सभी वितरण कंपनियों, तकनीकी भागीदारों, नवाचारकर्ताओं और शैक्षणिक संस्थानों से मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को लेकर फैल रही गलतफहमियों और अफवाहों को दूर करना जरूरी है।

#### एमपी ईस्ट ‘डिसकॉम’ श्रेणी में विजेता बना

इस सम्मेलन में राष्ट्रीय नवाचार चुनौती के तहत 195 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें वितरण कंपनियां, एडवांस मीटरिंग सेवा प्रदाता, टेक्नोलॉजी कंपनियां और होम-ऑटोमेशन संस्थाएं शामिल थीं। कई चरणों की जांच के बाद तमिलनाडु की टीएनपीडीसीएल और मध्य प्रदेश की एमपी ईस्ट को ‘डिसकॉम’ श्रेणी में विजेता चुना गया।

## 5 दिवसीय भारत दौरे पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक हूकर

# रणनीतिक साझेदारी को करेंगी मजबूत, तकनीकी सहयोग पर होगा जोर

एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की अंडर सेक्रटरी ऑफ स्टेट फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स एलिसन हुकर 7 से 11 दिसंबर तक भारत के दौरे पर रहेंगी।


एलिसन हूकर

अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, उनका यह दौरा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, रक्षा और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा। एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है। इस दौरे के दौरान एलिसन हुकर नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। वह विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ 'फॉरेन ऑफिस कंसल्टेशन' में हिस्सा लेंगी, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा, आपसी हितों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

व्यापार, रक्षा एआई और उभरती तकनीकों पर होगा ध्यान

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों पर होगी चर्चा

### दोनों देशों ने आतंकवाद पर सख्ती दोहराई

*हुकर के दौरे से पहले 3 दिसंबर को भारत-अमेरिका संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 21वीं बैठक और 7वीं डेजिग्नेशन डायलॉग में दोनों पक्षों ने आईएसआईएस, अल-कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके समर्थकों और सहयोगियों पर संयुक्त राष्ट्र के 1267 प्रतिबंध सूची में और नाम जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों देशों ने पहलगाम (22 अप्रैल) और दिल्ली के लाल किला क्षेत्र (10 नवंबर) में हुए आतंकी हमलों की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों को सजा मिलनी चाहिए और उन्हें किसी भी प्रकार का समर्थन नहीं मिलना चाहिए।*

### इसरो का करेंगी दौरा, कई मुद्दों पर होगा मंथन

नई दिल्ली के बाद हूकर बेंगलुरु जाएंगी, जहां भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा करेंगी और भारत के अंतरिक्ष व तकनीकी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच अनुसंधान, नवाचार और ऊर्जा क्षेत्र में संभावित नए सहयोग पर चर्चा होगी। बयान में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं के तहत यह दौरा 'मजबूत भारत-अमेरिका साझेदारी' और 'मुक्त व खुले इंडो-पैसिफिक' की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है।

### व्हाइट हाउस की पूर्व दक्षिण एशिया अधिकारी बोलीं

## पुतिन से मोदी की वार्ता भारत का संतुलित कदम


व्हाइट हाउस की पूर्व दक्षिण एशिया अधिकारी लिसा कर्टिस ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वागत का भारत का निर्णय मॉस्को और वाशिंगटन के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने का सो समझा प्रयास है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब व्यापार शुल्क और नीतिगत बदलाव को लेकर अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव है।


लिसा कर्टिस

### आमंत्रण के पीछे अमेरिकी-पाक संबंध

कर्टिस के अनुसार, नई दिल्ली की कूटनीतिक रणनीति को वाशिंगटन के साथ हाल के टकरावों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। मई में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद अमेरिका द्वारा 50% टैरिफ लगाए जाने और पाकिस्तान की ओर झुकाव के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में जो गिरावट देखी गई है, उसी के कारण भारत ने राष्ट्रपति पुतिन को आमंत्रण दिया। इस तरह के किसी भी सहयोग के द्विपक्षीय संबंधों से कहीं आगे तक निहितार्थ हैं। रूस के चीन के साथ बहुत घनिष्ठ संबंध हैं।

### अफ्रीकी-अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन का दावा


मैरी मिलबेन

## पीएम मोदी मौजूदा समय के जियो पॉलिटिक्स में सबसे प्रभावशाली नेता

अफ्रीकी-अमेरिकी सिंगर और लंबे समय से भारत की प्रशंसक मैरी मिलबेन ने पीएम नरेंद्र मोदी को आज की भू-राजनीति में सबसे प्रभावशाली और सबसे महत्वपूर्ण नेता बताया है। उन्होंने कहा कि यह तथ्य है, इसे नकारा नहीं जा सकता। पीएम मोदी ने भारत को और खुद को वैश्विक राजनीति के केंद्र में पहुंचा दिया है। पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बैठक ने भारत की वैश्विक स्थिति को ज्यादा मजबूत किया है। मोदी-पुतिन वार्ता दोनों देशों के बीच गहरी साझेदारी और लंबे समय से चले आ रहे भरोसे को दर्शाती है।

### मोदी ने संतुलन और रणनीतिक सूझबूझ दिखाई

*मिलबेन ने कहा कि ऊर्जा, रक्षा और आर्थिक सहयोग जैसे संवेदनशील मामलों पर पीएम मोदी ने बेहद संतुलन और रणनीतिक सूझबूझ दिखाई। उन्होंने कहा कि पुतिन की प्राथमिकता तेल और रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाना था।*

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में 125 प्रमुख सीमा परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# सीमा सुरक्षा होगी मजबूत, वर्ष भर आवाजाही रहेगी, आखिरी छोर तक मिलेगी कनेक्टिविटी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को लद्दाख से सीमा सड़कों संगठन (बीआरओ) की 125 रणनीतिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। यह एक ही समय में उद्घाटित की गई सबसे अधिक परियोजनाएं हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और 4 अन्य परियोजनाएं शामिल हैं, जो दो केंद्र शासित प्रदेशों-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर और सात राज्यों अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम में फैली हैं।

इन सभी परियोजनाओं को लगभग 5,000 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी मार्ग पर स्थित रणनीतिक श्योक सुरंग का उद्घाटन रहा। 920 मीटर लंबी यह कट-एंड-कवर सुरंग दुनिया के सबसे कठिन क्षेत्रों में बनी इंजीनियरिंग उपलब्धि मानी जा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह सुरंग अब पूरे वर्ष, खासकर कठोर सर्दियों के दौरान, सुरक्षित और भरोसेमंद आवाजाही सुनिश्चित करेगी। इससे दूरस्थ गांवों और अग्रिम सैन्य चौकियों तक आखिरी छोर की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और सुरक्षा व त्वरित तैनाती क्षमता में बड़ा सुधार आएगा।

*राजनाथ सिंह ने कहा कि मजबूत सीमा इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल सुरक्षा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और आपदा प्रबंधन के लिए भी जीवनरेखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़कें, सुरंगें, स्मार्ट फेंसिंग, एकीकृत कमांड केंद्र और निगरानी प्रणालियां देश की सुरक्षा के स्तंभ हैं*

सभी परियोजनाओं की लागत लगभग 5,000 करोड़

सुरक्षा व त्वरित तैनाती क्षमता में बड़ा सुधार आएगा


सभी परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### गलवान युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया

रक्षा मंत्री ने समारोह में गलवान युद्ध स्मारक का वर्चुअल उद्घाटन भी किया, जो गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिकों के अप्रतिम साहस और बलिदान को समर्पित है। बीआरओ को तेजी और कुशलता से जटिल परियोजनाएं पूरी करने के लिए उन्होंने सराहा और कहा कि बीआरओ अब 'संचार' और 'कनेक्टिविटी' का पर्याय बन गया है।

### सड़कें-सुरंग सुरक्षा के स्तंभ

राजनाथ सिंह ने कहा कि मजबूत सीमा इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल सुरक्षा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और आपदा प्रबंधन के लिए भी जीवनरेखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़कें, सुरंगें, स्मार्ट फेंसिंग, एकीकृत कमांड केंद्र और निगरानी प्रणालियां देश की सुरक्षा के स्तंभ हैं।

### रक्षा उत्पादन बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन, जो 2014 में 46,000 करोड़ था, अब बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रक्षा निर्यात भी 1,000 करोड़ से बढ़कर लगभग 24,000 करोड़ पहुँच गया है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2024-25 में बीआरओ ने 16,690 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड व्यय किया है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे कनेक्टिविटी

राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना द्वारा की गई इस कार्रवाई की ऐतिहासिक सफलता मजबूत कनेक्टिविटी के कारण संभव हुई। उन्होंने कहा कि सेना, नागरिक प्रशासन और सीमा क्षेत्रों के लोगों के बीच सहयोग ही भारत की असली पहचान है।

### पाकिस्तान की सीमा पर फिर 'नापाक' हरकत

# एलओसी पर 68 टेररिस्ट लॉन्चपैड सक्रिय 120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

आतंकियों को पनाह देने, उन्हें फंडिंग करने और अपने यहां प्रशिक्षण देने के मामले में पाकिस्तान को भारत कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब कर चुका है। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ताजा घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली है कि जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### सीमा पर नाइट विजन कैमरे और ड्रोन से निगरानी बढ़ाई


सीमा पर निगरानी करते सुरक्षा बल के जवान फाइल फोटो

### 118 चौकियां तबाह कर चुका भारत

इससे पहले 30 नवंबर को जम्मू के बीएसएफ कैंपस में एनुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इस दौरान बीएसएफ की जम्मू फ्रंटियर के आईजी शशांक आनंद ने बताया था कि साल 2025 में अब तक बीएसएफ ने पाकिस्तान की 118 चौकियां तबाह की हैं। सरकार ने हमें जीरो घुसपैठ का टारगेट दिया है। हम उसको पूरा करेंगे। वहीं, बीएसएफ के डीआईजी विक्रम कुंवर ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ ने कई आतंकी लॉन्च पैड नष्ट किए, इसके बाद पाकिस्तान ने बॉर्डर से 72 से ज्यादा टेरर लॉंचिंग पैड शिफ्ट किए हैं। इनमें सियालकोट-जफ्फरवाल में एक्टिव 12 लॉन्च पैड और दूसरी जगहों पर एक्टिव 60 लॉन्च पैड शामिल हैं। हालांकि, ये सभी बॉर्डर से दूर हैं।

### घुसपैठ की कोशिश करें नाकाम

खुफिया तंत्र से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी सीमा सुरक्ष बलों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए। सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई है। फील्ड यूनिट्स को अधिक सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध हरकत पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

### खबर संक्षेप

### सोनम वांगचुक की याचिका पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** जेल में बंद पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा।



सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की याचिका पर यह सुनवाई होगी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी गई है और इसे गैर-कानूनी और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है।

### भारतीय सिम पाकिस्तान में आईएसआई चला रही

**जयपुर।** श्रीगंगानगर से पकड़े गए जासूस प्रकाश ने पाक खुफिया एजेंसी के लिए 4 सिम खरीदे थे। उन नंबरों पर आईएसआई की महिला एजेंट ओटीपी हासिल कर वॉट्सएप चलाती थी। फिर उन्हीं भारतीय नंबरों से बॉर्डर एरिया में सेना के जवानों को हनीट्रैप का शिकार बनाती थी। खुफिया एजेंसियों ने मोबाइल खंगाला तो सेना की कई महत्वपूर्ण फोटो-वीडियो एजेंट को भेजे गए थे। वह लगातार एजेंटों से चैट करता था। उसके बैंक खातों में लाखों रुपए के लेनदेन की पुष्टि हुई है।



## सूर्य किरण टीम के करतबों से मंत्रमुग्ध राजकोट



***राजकोट।** गुजरात के राजकोट में नगर निगम ने शनिवार को वायु सेना के सहयोग से शानदार एयर शो का आयोजन किया। शहर में पहली बार आयोजित एयर शो में लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। विमानों के करतब देख कर दर्शकों ने दांतों तले उंगली दबा ली। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के करतबों के साथ हुई। विमानों ने अद्भुत कुशलता के साथ आसमान में गोता लगाया, लुढ़कते और हवा को चीरते हुए तेजी से सटीक आकृतियां बनाईं, जिससे दर्शक दंग रह गए। सबसे खास आकर्षणों में एक थी आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम। इनके साहसिक फ्री-फॉल फॉर्मेशन ने दर्शकों का मन मोह लिया।*

### इजराइली विदेश मंत्रालय बोला

## इजराइल-भारत के बीच सहयोग के अनंत अवसर, संबंध बेहद मजबूत

एजेंसी ▶▶ यरुशलम

इजराइली विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यरुशलम में भारतीय पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर मौजूद हैं। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को बेहतरीन करार दिया। उन्होंने कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बहुत मजबूत है और ये और भी मजबूत होते जा रहे हैं, नागरिक के साथ ही सैन्य और रक्षा सहयोग के संदर्भ में भी। आईएमईसी परियोजना के बारे में अधिकारी ने कहा कि इजराइल के लिए यह एक बहुत ही अच्छी पहल है। हम इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। फिलहाल, दो देश ऐसे हैं जो हस्ताक्षरकर्ता नहीं हैं - जॉर्डन और इजराइल।


इजराइल पीएम नेतन्याहू और पीएम मोदी

### भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने पहल

## 32 साल बाद भारत ने शंघाई में खोला नया 'वाणिज्य' दूतावास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत को चीन के शंघाई में अपने वाणिज्य दूतावास के लिए एक नया और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हाई-टेक भवन मिल गया है। जिसका उद्घाटन रविवार को चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने किया। उनके साथ देश के एक अन्य राजदूत (सीजी) प्रदीप माथुर भी मौजूद रहे।

बीते करीब 32 सालों में यह पहला मौका है। जब भारत ने चीन के मुख्य व्यापारिक केंद्र में स्थित अपने दूतावास को किसी नए भवन में स्थानांतरित किया है। मालूम हो कि पूर्वी लद्दाख में करीब चार वर्षों से अधिक समय तक चले एलएसी विवाद की पूरी तरह से हुई समाप्ति के बाद धीरे-धीरे सामान्य किए जा रहे भारत-चीन संबंधों के मामले में उठाया गया यह एक अहम कदम है।



### लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर हमला

## 'पेपर स्प्रे' के बाद मचा हड़कंप कई उड़ानें प्रभावित, एक अरेस्ट


लदन का हीथ्रो एयरपोर्ट फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर रविवार सुबह पेपर स्प्रे से कई लोगों पर हमला होने के बाद हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने व्यक्ति को हमले के शक में गिरफ्तार कर लिया। हमले के बाद हड़कंप मचने से यात्रियों को भारी परेशानी हुई और कई उड़ानें प्रभावित हुईं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि यह घटना आतंकवाद से जुड़ी नहीं है और घायलों की चोटें जानलेवा या स्थाई नहीं हैं। हमलावर के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन पुलिस का मानना है कि यह आपसी झगड़े का मामला है, जिसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे। मेट पुलिस के बयान के अनुसार, "कुछ लोगों पर कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर पेपर स्प्रे छिड़का और फिर मौके से फरार हो गए। इसके बाद हथियारबंद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और हमले के शक में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रंप प्रशासन ने एनएसएस में बदलाव के लिए 29 पन्नों का दस्तावेज जारी किया

ट्रंप ने दस्तावेज को अमेरिका का रोडमैप बताया

# रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा अमेरिका ट्रंप बोले- यूरोप का वजूद खत्म हो रहा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अमेरिका अब रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा। यह ट्रंप की अमेरिका प्रथम नीति पर आधारित है। अमेरिका ने शुक्रवार को 29 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया। अब अमेरिका रूस के लिए 'डायरेक्ट थ्रेट' और दुश्मन कहने वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने अमेरिका के इस बदलाव का स्वागत किया है। क्रीमिया को 2014 में रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता रहा है। अब नई नीति में रूस के तरफ नरमी बरती गई है और कुछ मुद्दों पर सहयोग करने की बात कही गई है।

- नई नीति के अनुसार यूएस बेवजह युद्ध नहीं करेगा


दस्तावेज जारी करते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### यूक्रेन जंग खत्म कराना खास एजेंडा

दस्तावेज में यूक्रेन जंग को जल्द से जल्द खत्म करने की बात कही गई है। इसे अमेरिका का खास एजेंडा बताया गया है। साथ ही रूस के साथ फिर से रणनीतिक स्थिरता बहाल करने की इच्छा जताई गई है।

### नई नीति में 'जो फायदेमंद हो वहीं करो'

नया दस्तावेज ट्रंप के लचीले यथार्थवाद के सिद्धांत पर आधारित है। इसके मुताबिक अब अमेरिका की विदेश नीति बस उसके हितों पर आधारित होगी। इसका एकमात्र मापदंड होगा 'अमेरिका के लिए जो सबसे ज्यादा फायदेमंद है, वहीं करो'। दस्तावेज में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की विदेश नीति में फायदा देखते हैं।

### जल्द ही यूरोप का अस्तित्व मिट जाएगा

दस्तावेज में कहा गया है कि 20 साल से भी कम समय में यूरोप का अस्तित्व मिट जाएगा। कई यूरोपीय देश इतने कमजोर हो जाएंगे कि वे अमेरिका के भरोसेमंद सहयोगी नहीं रह पाएंगे। अगर यूरोप को अमेरिका का विश्वसनीय सहयोगी बने रहना है तो उसे अपना रास्ता बदलना होगा।

### बेनतीजा रही वार्ता

यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच तीन दिनों की वार्ता बिना किसी सफलता के खत्म हो गई। वहीं, यूरोपीय नेता सोमवार को लंदन में मिलने की तैयारी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कोहली और वाशिंगटन ने की सिंहाचलम मंदिर में पूजा

**विशाखापत्तनम**। विराट कोहली, उनके परिवार के सदस्यों और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के अधिकारियों ने कोहली और उनके परिवार का स्वागत किया और उन्हें दर्शन के लिए ले गए। दर्शन करने से पहले उन्होंने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। अधिकारी ने बताया, ''कोहली अपने परिवार के सदस्यों और भारतीय टीम के अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे।'

### डीआरएस लेने में मेरा आकलन सही नहीं: कुलदीप

**विशाखापत्तनम**। स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही, जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे।



### नामीबिया क्रिकेट टीम के सलाहकार बने कर्स्टन

**नई दिल्ली**। भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रहे गैरी कर्स्टन को नामीबिया की राष्ट्रीय पुरुष टीम का सलाहकार नियुक्त किया गया है और वह अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में मुख्य कोच क्रेग विलियम्स के साथ काम करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का यह टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।



### जूनियर बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप पर 12वीं बार मणिपुर का कब्जा



**अनंतपुर**। मणिपुर ने बंगाल को 9-0 से हराकर जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप टियर एक का खिताब 12वीं बार अपने नाम कर लिया। चिंगखामायुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें मिनट), लोंगजाम नीरा चानू (29वें, 55वें, 59वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, जबकि याइफाबी थोकचोम ने दो और मोंगजाम पुष्पारानी देवी ने एक गोल किया। महान भारतीय फुटबॉलर डॉ. तालीमेरेन एओ के नाम पर आयोजित इस चैंपियनशिप में मणिपुर का दबदबा रहा है। मणिपुर ने इसके साथ इस खिताब की हैट्रिक जीत पूरी की। टीम ने इससे पहले 2023-24 और 2024-25 में भी इस खिताब को जीता था।

### युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन अविश्वसनीय: गंभीर

**विशाखापत्तनम**। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



# मेस्सी ने दिखाया दम, मुलर पर पड़े भारी, इंटर मियामी ने जीता एमएलएस कप का खिताब



एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

थॉमस मुलर ने लियोनेल मेस्सी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली। अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप से पहले लियोनल मेसी ने एक बार फिर अपना दम दिखाया और इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाहला सिर्फ इंटर मियामी और वैंकूवर व्हाइटकैप्स के बीच ही नहीं था, बल्कि जर्मनी के स्टार फुटबॉलर थॉमस मुलर और अर्जेंटीना के मेसी के बीच भी एक जंग थी।



### इंटर मियामी की जीत में चमके मेस्सी

मेस्सी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रेंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं। मेसी ने मैच के बाद कहा, तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

### मेसी ने कॅरियर की 47वीं ट्रॉफी जीती

मुलर और मेस्सी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेसी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन एमएलएस के फाइनल में अर्जेंटीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से बनाई बढ़त

# ब्रिस्बेन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का जलवा इंग्लैंड को दी 8 विकेट से करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को 8 विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000 टेस्ट रन पूरे किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए।

- स्मिथ ने गाबा में पूरे किए 1 हजार टेस्ट रन



### इंग्लैंड की हार के लिए रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार

*इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे, जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी। इंग्लैंड के कप्तान ने 'बैजबॉल' की आक्रामक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाते हुए टीम की एशेज संभावनाओं को फिर से जीवित करने की कोशिश की। इंग्लैंड ने सुबह छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए उकसाया जा सके। स्टोक्स और विल जैक्स (41) ने पहले सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यह इंग्लैंड की हमेशा हर कीमत पर आक्रामक खेलने वाली मानसिकता से बिल्कुल अलग तरीका था क्योंकि इसकी पहले काफी आलोचना हुई थी।*

### आर्चर और स्मिथ के बीच हुई बहस

*ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के नौवें ओवर में स्मिथ ने आर्चर की गेंद को लेग साइड में जोरदार पुल करके चौका मारा। ये शॉट इतने स्टाइल में था कि आर्चर को गुस्सा आ गया। अगली ही गेंद पर आर्चर ने 150 किमी/घंटे से ऊपर की रफ्तार वाली उछाल भरी गेंद फेंकी। स्मिथ अपर-कट मारने से चूक गए तो आर्चर उनके करीब आए और जोर-जोर से उन्हें कुछ बोलने लगे। स्मिथ बिल्कुल नहीं डरे नहीं। अगली दो गेंदों में ही उन्होंने आर्चर के 155 किमी/घंटे वाले बॉल पर 10 रन ठोक दिए। इसमें एक जोरदार छक्का भी शामिल था। छक्का मारने के बाद स्मिथ मुस्कुराते हुए आर्चर के पास गए और बोले, कुछ हो नहीं रहा होता तब ही तेज गेंद फेंकते हो यार!*

### माइकल नेसर ने लिए पांच विकेट

इंग्लैंड ने 17 रन पर चार विकेट गंवा दिए और दूसरी पारी में 241 रन पर ऑल आउट हो गई। माइकल नेसर ने पांच विकेट लिए। स्टोक्स ने 148 गेंद में अपने 50 रन पूरे किए, जो उनके करियर का दूसरा सबसे धीमा अर्धशतक था। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला का पहला टेस्ट दूसरे दिन ही जीत लिया था। दूसरा टेस्ट कम से कम चौथे दिन तक चला। अब तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू होगा और एशेज वापस पाने के लिए इंग्लैंड को जीत की जरूरत है। चौथा टेस्ट 'बॉक्सिंग डे' पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू होगा और सिडनी चार जनवरी से पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो इंग्लैंड की दूसरी इनिंग में माइकल नेसर ने सबसे शानदार गेंदबाजी की और 16.2 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। उनके अलावा मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट और ब्रैंडन डॉकेट ने एक विकेट लिया। बता दें कि पहली पारी में मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट अपने नाम किए थे।

निशानेबाजी

# सुरुचि का शानदार प्रदर्शन, 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण



एजेंसी ▶▶| दोहा

प्रतिभाशाली निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक और शानदार प्रदर्शन हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी साथी संयम ने रजत पदक हासिल किया, जिससे भारत ने सत्र के आखिर में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन शानदार शुरुआत की। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने निराश किया और वह पदक हासिल करने से चूक गईं।

- आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन संयम को मिला रजत, मनु पदक से चूकी

### फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं मनु

*10 मीटर राइफल निशानेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सुरुचि ने फाइनल में 245.1 का शानदार स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दिन चमका दिया। वहीं पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन संयम ने 243.3 के स्कोर के साथ देश के लिए रजत पदक पक्का किया। मनु भाकर फाइनल में पहुंची लेकिन 179.2 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। इस साल की शुरुआत में लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के बाद सुरुचि सितंबर-अक्तूबर में विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर थीं। वह शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 586 के कुल स्कोर के साथ 12 निशानेबाजों के एलीट ग्रुप में क्वालिफिकेशन दौर में दूसरा स्थान हासिल किया।*

तीन दिनी मैच में रीवा की टीम से हो रही भिड़ंत

## एमएम जगदाले ट्रॉफी में भोपाल के रुद्र तेनगुरिया की घातक गेंदबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर -15 बॉयज इंटर डिवीज़नल एम. एम.जगदाले ट्रॉफी, (तीन दिवसीय) मल्टी-डे, रीवा में आयोजित की जा रही है। रविवार को भोपाल और रीवा के बीच पहला मैच प्रारम्भ हुआ। रीवा की टीम 29 ओवर में 45 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसके आदित्य श्रीवास्तव 13 ने और आरिश हयात ने 12 रन बनाए । भोपाल डिवीजन के रूद्र तेंनगुरिया ने 10 ओवर में 6 मेडन 9 रन देकर 7 विकेट लिए।

### अंडर 18 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट मैच में राजगढ़ ने विदिशा को हराया

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा विदिशा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर 18 बॉयज में विदिशा और राजगढ़ के बीच मैच खेला गया। विदिशा ने 44. 3 ओवर में 207 रन बनाए,इनमें हर्षित शर्मा ने 85, देव रघुवंशी ने 50 रन और आराध्य श्रीवास्तव ने 28 रन बनाए । राजगढ़ से योगेश यादव ने 4, विनायक पाटीदार ने 3 विकेट लिए । जवाब में राजगढ़ नें 45.5 ओवर में 9 विकेट पर 208 रन बना लिए और मैच जीत लिया। इनमें योगेश यादव नें 121 रन की शतकीय पारी खेली। पारस पौरेल ने 28, रामपाल सोलंकी 23 रन पर नाबाद रहे ।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान

## आरएनटीयू की मलखंभ मेन्स टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की मलखंभ पुरुष टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रनव कोरी, उत्कर्ष पांडे, पंकज गर्गमा, आदित्य गहलोत, यश ममोडिया, विश्नेश सुगंधी ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों ने अद्वितीय संतुलन, लचीलापन, शक्ति एवं अनुशासन का परिचय देते हुए मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की। टीम के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल, तकनीक और सटीक मूव्स के दम पर लगातार शीर्ष स्थान के दावेदार बने रहते हुए पदक अपने नाम किया। प



खेल मंत्री सारंग भी होंगे शामिल

## 31वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 4 जनवरी से, सीएम करेंगे शुभारंभ

**भोपाल**। 31वां इंटरप्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 4 जनवरी से ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेला जाएगा। हर साल की तरह टूर्नामेंट दो ग्रुप में टी-20 फार्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में इस बार भोपाल के अलावा इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर की मीडिया टीमें भी भागीदारी करेंगी। इसमें प्रदेश की कुल 42 टीमों के 672 खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। भोपाल खेल पत्रकार संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को एक लाख रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी भेंट की जाएगी। रनरअप टीम ट्रॉफी के साथ 50 हजार रुपए पाएगी। प्रति दिन दो मैच खेले जाएंगे। मैच के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स और मेन ऑफ द मैच और वेल्युएबल प्लेयर के खिताब से नवाजा जाएगा। टीमें ओल्ड कैंपियन मैदान पर प्रैक्टिस को पहुंचने लगी हैं। टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेलमंत्री विश्वास सारंग करेंगे। प्रवेश की इच्छुक टीमें इंद्रजीत मौर्य, डॉ. सुशील सिंह ठाकुर और नवेद इशरत से संपर्क कर सकती हैं।

- इस बार इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर की टीमें भी करेंगी भागीदारी

उमंग व्हीलचेयर पुरुष तथा राष्ट्रीय अस्थिबाधित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट

## अंतराष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामिंट आज से ओल्ड कैंपियन के मैदान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान पर उमंग अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर पुरुष तथा अस्थिबाधित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक सफर सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। इसमें भाग लेने वाली श्रीलंका और भारत की टीमें भोपाल पहुंच जाएंगी। श्रीलंका टीम शनिवार को चेन्नई पहुंच गई है। रविवार दोपहर तक वह भोपाल जाएगी। वहीं महिला वर्ग की महाराष्ट्र, राजस्थान, झारखंड व मेजबान मप्र टीम के सदस्य भी राजधानी पहुंच जाएंगी। टूर्नामेंट की आयोजन सचिव दीप्ति पटवा ने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आठ दिसंबर से 11 दिसंबर तक दोनों वर्गो के मुकाबले खेले जाएंगे। भारत की पुरुष तथा मप्र की महिला टीमें पहले ही घोषित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उदेश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से एक बेहतर मंच प्रदान करना है, जिससे वह प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।



### खिलाड़ियों ने निकाली रैली

विश्व विकलांग पखवाड़ा पर दो देश (भारत, श्रीलंका) चार प्रदेशों (मध्यप्रदेश, राजस्थान,महाराष्ट्र, झारखंड ) की टीम रविवार को रैली में शामिल हुई दिव्यांगजन पुरुष व महिला 100 क्रिकेट खिलाड़ी 60 महिला क्रिकेट खिलाड़ी व 40 व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों की रैली संस्था की संस्थापक दीप्ति पटवा ने हरी झंडी देकर रैली को रवाना किया !कल इस इंटरनेशनल व्हीलचेयर टूर्नामिंट का शुभारंभ 8 दिसंबर प्रातः 10बजे किया जाएगा !

11 जून से 19 जुलाई तक होगा फुटबॉल का महासंग्राम

# फीफा वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान, टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी 48 टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया, जिसकी शुरुआत 11 जून से होगी। इस बार इस वर्ल्ड कप में कुल 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं और वॉशिंगटन डीसी के कैनेडी सेंटर में फीफा वर्ल्ड कप ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस दौरान 12 ग्रुप में कौन-कौन सी टीमें होंगी इसकी भी घोषणा कर दी गई।

### खेले जाएंगे 104 मुकाबले

फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन इस बार अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होगा और ये टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक खेला जाएगा। इस बार 16 नई टीमें जुड़ रही हैं, जिससे टीमों की कुल संख्या 48 हो गई है। कतर में खेले गए पिछले विश्व कप में टीमों की संख्या 32 थी और पिछली बार 64 मुकाबले हुए थे तो वहीं इस बार कुल 104 मैच खेले जाएंगे। ज्यादातर मैच अमेरिका में होंगे और फाइनल न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



### डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच अल्जीरिया के साथ

फीफा विश्व कप 2026 का पहला मैच मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच एस्टाडियो अज्टेका में खेला जाएगा तो वहीं डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना विश्व कप अपने पहले मैच में अल्जीरिया से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों को ऑस्ट्रिया और जॉर्डन के साथ ग्रुप जे में रखा गया है। मौजूदा फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना और प्रमुख दावेदार स्पेन और इंग्लैंड को 2026 वर्ल्ड कप के लिए आसान ग्रुप मिले। वहीं फ्रांस को मुश्किल ग्रुप मिला। फुटबॉल के दो सबसे बड़े सुपरस्टार किलियन एमबापे (फ्रांस) और एर्लिंग हालैंड (नॉर्वे) की टीम एक ही ग्रुप का हिस्सा है। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ग्रुप एच में केप वर्डे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

### वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली टीमों के ग्रुप

- ग्रुप एः मेक्सिको, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, यूईएफए प्लेऑफ डी
- ग्रुप बीः कनाडा, यूईएफए प्लेऑफ ए, कतर, स्विट्जरलैंड
- ग्रुप सीः ब्राजील, मोरक्को, हैती, स्कॉटलैंड
- ग्रुप डीः यूएसए, पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, यूईएफए प्लेऑफ सी
- ग्रुप ईः जर्मनी, कुराओ, आइवरी कोस्ट, इक्वाडोर
- ग्रुप एफः नीदरलैंड, जापान, यूईएफए प्लेऑफ बी, ट्यूनीशिया
- ग्रुप जीः बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
- ग्रुप एचः स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
- ग्रुप आईः फ्रांस, सेनेगल, फीफा प्लेऑफ 2, नॉर्वे
- ग्रुप जेः अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
- ग्रुप केः पुर्तगाल, फीफा प्लेऑफ 1, उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
- ग्रुप एलः इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा




# भोजपाल महोत्सव मेले में गीत-गजलों ने श्रोताओं के कानों में घोली मिठास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृति मंच पर रविवार को सूफी गजल गायक कुमार सत्यम ने अपनी गीत गजलों की प्रस्तुति दी। कुमार सत्यम ने तुम्हारी दौलत नई-नई है से अपनी गजलों की शुरुआत की। इसके बाद तुम्हारी याद, याद, याद आती है, हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफिर की तरह, आज फिर दिल ने एक तमन्ना की, चांदी जैसा रंग है तेरा, जैसी गीत, गजलों से मेला मंच को गुलजार कर दिया।

रविवार रात 8 बजे मुख्य अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संजोयक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नगर सहित मेला टीम सदस्य मौजूद रहे। बता दें कि रविवार को डेढ़ लाख से ज्यादा लोग परिवार और दोस्तों के साथ मेला देखने पहुंचे।

## भोजपाल महोत्सव मेले में मंत्री पटेल ने किया दीप प्रज्जवलन




### मेले में मिल रही विभिन्न वैरायटी

महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में हस्त निर्मित स्वदेशी मिट्टी के बर्तन और खिलौनों के साथ ही बनारस की साड़ी, सहारनपुर का वुडन, कश्मीर के ऊलन, भदोंही का कारपेट, राजस्थान की मेलामाइन क्रॉकरी, ग्वालियर की गजक की विभिन्न वैरायटी मिल रही है।

### ठुमरी की प्रस्तुति ने जीता मन

कुमार सत्यम की ठुमरी की प्रस्तुति हमरी अटरिया ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बता दें कि मेला मंच सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुलजार हो रहा है। देश भर के विभिन्न प्रदेशों से आए लोक कलाकार लोक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दे रहे हैं।



# प्रतिमाह पांच आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकाला जा रहा: भार्गव

बिजली कंपनी: नई भर्ती का जिक्र नहीं, छंटनी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों को केंद्र समान सुविधा देने के साथ संविदा कर्मी बनाने का वादा किया था, पर इस पर अमल के बजाए बिजली कंपनियों द्वारा जारी नई भर्ती नोटिफिकेशन में आउटसोर्स कर्मियों को संविदा बनाने या नियमित करने के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण देने का कोई जिक्र ही नहीं, उल्टे बिजली कंपनी मुख्यालय द्वारा हर डिविजन से हर माह पांच आउटसोर्स कर्मियों को कम करने के लिए गोपनीय रूप से निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जिसकी मप्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव व महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने निंदा की है। भार्गव ने कहा कि पूर्व क्षेत्र बिजली कंपनी जबलपुर हेड ऑफिस से सहित कार्यालयों द्वारा हर डिवीजन से प्रतिमाह पांच आउटसोर्स कर्मियों को कम करने का फरमान लिखित जारी किया जा रहा है। यदि निर्देशों का पालन कर संभागीय अधिकारी आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं हटाते हैं तो अधिकारियों के वेतन से पांच कर्मचारियों का वेतन वसूलने कर फरमान सुनाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन ने मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर प्रस्तावित नई भर्ती में बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को पदस्थ करने की मांग की है। साथ ही पत्र में आउटसोर्स कर्मियों के कल्याण के लिए उर्जा सेक्टर की नई भर्ती में समयबद्ध आउटसोर्स रिफॉर्म नीति विकसित करे। जिससे आउटसोर्स कर्मचारी संविदा कर्मी बनकर केंद्र के सामान सुविधा पा सकें।

रैगिंग के एंगल से भी होगी जांच

# चिकित्सा शिक्षा विभाग तक पहुंचा जीएमसी एमबीबीएस छात्रों की मारपीट का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के एमबीबीएस के जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच हुई मारपीट की घटना की रिपोर्ट कॉलेज प्रबंधन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेज दी है। रिपोर्ट में घटना की पूरी टाइमलाइन, घायल छात्रों की मेडिकल स्थिति, नामजद आरोपियों की सूची और कॉलेज स्तर पर की गई प्रारंभिक कार्रवाई का उल्लेख भी किया गया है। इस रिपोर्ट के बाद विभागीय स्तर पर जांच और निगरानी और सख्त होने की संभावना है। इस घटना को एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि यह मामला मेडिकल कॉलेजों में छात्र सुरक्षा और एंटी-रैगिंग सिस्टम की पोल खोलता नजर आ रहा है। जीएमसी प्रबंधन द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार चार दिसंबर की रात एम्स कैंपस स्थित सुधामृत कैंटीन में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। जिसके एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी बताया गया है कि कॉलेज स्तर पर तत्काल बैठक बुलाकर जांच शुरू कर दी गई थी और प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए छात्रों को अस्थाई रूप से निलंबित किया गया है।

## रिपोर्ट में दावा: नशे में थे कुछ एमबीबीएस छात्र

जीएमसी प्रबंधन द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजी रिपोर्ट यह भी बताया कि कुछ छात्रों के नशे की हालत में थे। हालांकि इस बिंदु पर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना से जूनियर छात्रों में डर का माहौल है, जबकि सीनियर छात्रों के एक वर्ग में नाराजगी भी देखी जा रही है।

# तस्करी करते 3 हजार किलो विदेशी मछली थाई मांगुर पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

नरसिंहपुर में विदेशी मछली थाई मांगुर प्रजाति की मछली की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। शनिवार देर रात दो पिकअप वाहनों में भरकर तीन हजार किलो मछली महाराष्ट्र के नागपुर से नर्मदापुरम ले जाई जा रही थी। बाद में बड़े गड्ढे में मछलियों को नष्ट किया गया। यह मछली भारत में प्रतिबंधित है। कारण इसके खाने से कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों होती हैं। साथ ही, पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ता है।

## दो वाहनों में 1500-1500 किलो मछली थी, नागपुर से नर्मदापुरम ले जा रहे थे

पुलिस के मुताबिक स्टेशनगंज थाना पुलिस ने देर रात कार्रवाई की। दोनों वाहनों में 1500-1500 किलो मछली भरी थी। मछली को चारों ओर से तिरपाल लगाकर पानी भरकर भरा गया था। मछली को दो पिकअप वाहनों में नागपुर से नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी क्षेत्र ले जाई जा रही थी। पुलिस ने मौके से नागपुर निवासी सतीश परिहार और सतीश गोंड सहित एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया। पुलिस ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को बुलाया। जांच में पता चला कि पिकअप में भरी मछली थाईलैंड मांगुर प्रजाति की है। यह भारत में प्रतिबंधित है।

# इंडिगो ऑपरेट में सुधार, सिर्फ तीन फ्लाइट कैंसिल

- एक उड़ान भोपाल आकर मुंबई नहीं जा सकी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भोपाल एयरपोर्ट पर इंडिगो पर आए संकट के छठवें दिन फ्लाइट ऑपरेशन में निरंतर सुधार हो रहा है। शनिवार को चार फ्लाइट कैन्सिल थी तो रविवार को सिर्फ तीन फ्लाइट ही कैंसल रही। इंडिगो एयरवेज की स्थिति निरंतर स्थिर हो रही है। जिसके चलते रविवार को फ्लाइट मूवमेंट में बढ़ोतरी हुई है और सुबह कोई कैंसलेशन नहीं हुआ। पुणे, मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और गोवा के मुख्य रूट सामान्य रूप से चल रहे हैं। रविवार को दिल्ली और बेंगलुरु ईवनिंग उड़ान निरस्त की गई, जबकी दोपहर की मुम्बई फ्लाइट भोपाल तो आई, लेकिन भोपाल से मुंबई उड़ान नहीं भर सकी। इसके अलावा लगभग सभी फ्लाइट मूवमेंट जारी रहा। जो यात्री दूसरे ऑप्शन ढूंढ रहे हैं, वे इन उड़ानों को चुनकर पुनः इन विमानों से यात्रा कर रहे हैं। भोपाल एयरपोर्ट इंडिगो और स्टेक होल्डर्स के साथ लगातार कोऑर्डिनेशन में है, ताकि यात्रियों को आसानी से सुविधा मिले सके।

# ओबीसी पुरस्कारों को रोकना भाजपा सरकार की उदासीनता का प्रमाण: कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति (2024-25) की रिपोर्ट ने उजागर हुआ है कि राज्य में पिछड़ा वर्ग के महापुरुषों के नाम से दिए जाने वाले तीन महत्वपूर्ण पुरस्कार वर्ष 2017 से लगभग बंद हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभिनव बरोलिया ने कहा कि स्व. रामजी महाजन स्मृति सम्मान, महात्मा ज्योतिबा फुले पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार तथा सावित्रीबाई फुले राज्य पुरस्कार वर्षों से स्थगित रखना भाजपा सरकार की सोच को उजागर करता है। योग्य व्यक्तियों की कमी नहीं है, बल्कि पिछड़ा वर्ग का सम्मान और योगदान अप्रासंगिक बना दिया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930